सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 12 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 188, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 690 अंकों की गिरावट

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 689 .81 अंक गिरकर 82,500 .47 अंक पर बंद हुआ। } 14

## संविधान बचाओ एक और राजनीतिक पर्यटन

केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संविधान बचाओ रैली आयोजित करने को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष किया कि यह संविधान के बजाय कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी एवं पार्टी को बचाने के लिए एक और राजनीतिक पर्यटन है। } 16

## संक्षेप

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

नयी दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के कुछ हिस्सों में शुक्रवार शाम को 3.7 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। शुरुआती खबरों में यह जानकारी दी गई। भूकंप शाम करीब 7:49 बजे महसूस किया गया और इसका केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दो दिनों में आया यह भूकंप का दूसरा झटका था। बृहस्पतिवार की सुबह झज्जर के पास 4.4 तीव्रता का भूकंप आया था। इस संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। भूकंप से अभी तो किसी तरह के नुकसान की खबर सामने नहीं आयी है।

### छात्रावास की धनराशि का दुरुपयोग, अधीक्षिका सस्पेंड

लखनऊ। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेन्स की नीति पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुरादाबाद में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास के रख रखाव के लिए जारी 10 लाख रुपयों का कार्य न कराये जाने के आरोप में छात्रावास अधीक्षिका प्रवेश कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जिला समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ जांच के निर्देश भी दिये हैं। मंत्री असीम अरुण 7 जुलाई को मुरादाबाद में एक छात्रावास के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास के छात्रों ने समाज कल्याण मंत्री से कई शिकायतें की थी। शिकायतों के आधार पर मेरठ मंडल की उपनिदेशक सुनीता यादव ने 10 जुलाई को छात्रावास पहुंच कर जांच की। जांच अधिकारी ने पाया कि मार्च में 14 कैमरे कागजों में तो खरीद लिए गए लेकिन लगाये नहीं गए। ये कैमरे जांच अधिकारी के पहुंचने से पहले 9 जुलाई को लगाये गए।

### उत्तराखंड में 125 किलो. डायनामाइट बरामद

देहरादून। उत्तराखंड में पंचायत चुनाव से पहले देहरादून जिले के त्यूणी में पुलिस ने 125 किलोग्राम डायनामाइट बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने बताया कि त्यूणी में पुलिस ने बृहस्पतिवार को हिमाचल प्रदेश के पंजीकरण नंबर वाली एक ऑल्टो कार को जांच के लिए रोका। उन्होंने बताया कि गाड़ी की तलाशी के दौरान उसमें पांच पेटियों में रखा 125 किलोग्राम डायनामाइट बरामद किया गया। अधिकारी ने बताया कि कार में सवार लोग विस्फोटक पदार्थ के वैध होने का आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखा पाए, जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

## भारत में टेस्ला की दस्तक मुंबई में जल्द खोलेगी स्टोर




एजेंसी

नयी दिल्ली। दुनिया की दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माता टेस्ला अगले हफ्ते मुंबई के बांद्रा कुर्ला परिसर में अपना पहला एक्सपीरियंस सेंटर खोलेगी। कंपनी इसके उद्घाटन के साथ भारतीय बाजार में औपचारिक रूप से प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जाने-माने उद्योगपति एलन मस्क के नेतृत्व वाली इस कंपनी ने 15 जुलाई को होने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नौ आतंकी ठिकानों पर किया सटीक हमला : डोभाल

### भारत को नुकसान पहुंचाने वाली एक भी तस्वीर नहीं दिखा सकता पाकिस्तान, बेहतरीन प्रणालियों पर चल रहा काम

एजेंसी



चेन्नई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमला किया और उनमें से एक भी निशाना नहीं चूका। डोभाल ने सीमा पार के खतरों को बेअसर करने में भारत की क्षमता और तकनीकी कौशल पर गौरवान्वित महसूस किया।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने कहा कि सटीकता इस स्तर की थी कि भारत को पता था कि कौन कहां है। उनके मुताबिक, पूरा ऑपरेशन सात मई को रात एक बजे के बाद शुरू हुआ और मुश्किल से 23 मिनट तक जारी रहा। आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में डोभाल ने प्रश्नात्मक लहजे में कहा इसके बाद उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ऐसा किया वगैरह वगैरह। क्या आप मुझे एक भी ऐसी तस्वीर दिखा सकते हैं जिसमें दिखता हो कि भारत को इस दौरान कोई नुकसान हुआ है? पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। छात्रों को संबोधित करते हुए डोभाल ने यह भी कहा कि तकनीक और युद्ध के बीच अहम संबंध है और देश को अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करनी चाहिए। इससे पहले पद्म विभूषण से सम्मानित और प्रख्यात नृत्यांगना पद्मा सुब्रह्मण्यम ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी थी और छात्रों की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा मुझे इस पर (ऑपरेशन सिंदूर पर) गर्व है। उन्होंने कहा, हमें इस बात पर गर्व है कि हमारी कुछ बेहतरीन प्रणालियों ने काम किया, चाहे वह ब्रह्मोस (मिसाइल) हो, एकीकृत हवाई नियंत्रण और कमान प्रणाली हो या युद्धक्षेत्र निगरानी हो। हमने नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधा, सीमावर्ती क्षेत्रों में नहीं बल्कि पाकिस्तान के आर-पार और हम एक भी नहीं चूके।

उन्होंने कहा कि किसी भी ऐसे स्थान पर हमला नहीं हुआ जिसका चुनाव नहीं किया गया था और हमले में सटीकता इस स्तर की थी कि भारत को पता था कि कौन कहां है और पूरा ऑपरेशन 23 मिनट तक जारी रहा। ऑपरेशन की प्रभावशीलता पर सवाल उठाने वाले अंतरराष्ट्रीय मीडिया कवरेज पर एक प्रकार से निशाना साधते हुए एनएसए ने कहा, उन्होंने वही लिखा जो वे चाहते थे। लेकिन उपग्रह चित्र असली कहानी बताते हैं कि 10 मई से पहले और बाद में 13 पाकिस्तानी एयरबेस में क्या हुआ। इससे पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए पद्मा सुब्रह्मण्यम ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महाकुंभ की तरह भव्य होगी कांवड़ यात्रा

### सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए हाइटेक एंटी ड्रोन व टीथर्ड ड्रोन का किया जा रहा है इस्तेमाल

एजेंसी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए हाइटेक एंटी ड्रोन एवं टीथर्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इससे पहले राम मंदिर के उद्घाटन समारोह और महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए एंटी और टीथर्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था।

बयान के मुताबिक, योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कई बड़े कदम उठाये हैं जिसमें महाकुंभ की तरह ही आधुनिक कंट्रोल रूम की स्थापना शामिल है जहां 24 घंटे रियल टाइम निगरानी की व्यवस्था है। इतना ही नहीं कांवड़ यात्रा के रूट की जमीनी स्तर पर सुरक्षा के लिए एटीएस, आरएएफ और क्यूआरटी जैसे विशेष बलों को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं इस कांवड़ यात्रा की तैयारियों की लगातार समीक्षा की है और निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, जल व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में कोई कमी न रहे। उन्होंने महाकुंभ में किए गए सुरक्षा प्रबंधों को मॉडल मानकर कांवड़ यात्रा मार्गों पर भी उसी प्रकार के इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य कांवड़ मार्गों और प्रमुख स्थानों पर 29,454 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही 395 हाइटेक ड्रोन और विशेष रूप से एंटी ड्रोन के साथ टीथर्ड ड्रोन की मदद से रियल-टाइम वीडियो फीड लेकर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से सीधे निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि ये टीथर्ड ड्रोन लगातार एक स्थान पर स्थिर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सावन के पहले दिन सीएम योगी ने किया भोले बाबा का रुद्राभिषेक



जिला संवाददाता

गोरखपुर। चराचर जगत पर कृपा बरसाने वाले देवाधिदेव महादेव को अत्यंत प्रिय पावन सावन माह के पहले दिन मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार प्रातः काल रुद्राभिषेक व हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने भगवान भोले शंकर से चराचर जगत के कल्याण और सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। शुक्रवार प्रातः गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पहले ही दिन हजारों कांवड़िये गंगा जल लेने पहुंचे हरिद्वार

देहरादून। सावन माह की शुरूआत के साथ ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को कांवड़ यात्रा भी आरंभ हो गयी और पहले दिन ही हजारों की संख्या में कांवड़िए गंगा जल भरने के लिए धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचे।

करीब एक पखवाड़े तक चलने वाली इस यात्रा में हर साल देश के विभिन्न राज्यों से कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल भरकर ले जाते हैं और उससे शिवरात्रि के अवसर पर अपने गांवों और घरों के शिवालयों में भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। हर की पैड़ी सहित हरिद्वार के विभिन्न घाटों पर सुबह से ही बड़ी संख्या में कांवड़िए स्नान करते और गंगा जल भरते दिखे जिससे वहां का नजारा केसरिया रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने बताया कि कांवड़ मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस, अर्धसैनिक बल, जल पुलिस, अभिसूचना, विशेष कार्यबल, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, पीएसी और आतंकवाद निरोधी दल के 7000 से अधिक कार्मिकों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि ड्रोन, सीसीटीवी और सोशल मीडिया की निगरानी के जरिए हर संदिग्ध ...शेष पृष्ठ 14 पर

## टेनिस खिलाड़ी की हत्या : रिमांड पर आरोपी पिता

### घटना के समय मकान की पहली मंजिल पर थी उसकी मां

एजेंसी



गुरुग्राम। हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि वह पूर्व टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की हत्या मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रही है, जिसमें यह भी शामिल है कि घटना के समय उसकी मां क्या कर रही थीं।

राधिका के चाचा कुलदीप यादव की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, घटना के समय राधिका की मां मंजू यादव मकान की पहली मंजिल पर ही मौजूद थीं। गुरुग्राम के पॉश इलाके सुशांत लोक में स्थित अपने दो मंजिला मकान में बृहस्पतिवार को दीपक यादव ने अपनी बेटी राधिका (25) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बाद में दीपक यादव (49) ने बेटी की हत्या की बात कबूल कर ली, फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। राधिका यादव पिछले साल एक संगीत वीडियो में नजर आई थीं। इस वीडियो में एक अन्य कलाकार भी था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हो सकता है कि इस संगीत वीडियो की वजह से घर में तनाव पैदा हुआ हो, इसलिए वह इस पहलू की भी जांच करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, दीपक यादव ने कबूल किया कि उसने राधिका पर गोली चलाई, क्योंकि उसे अक्सर उसकी कमाई पर निर्भर रहने के लिए ताना मारा जाता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## तीन बच्चों को मारने वाली मां को फांसी

औरैया। औरैया की एक स्थानीय अदालत ने एक महिला को अपने तीन बच्चों को सेंगर नदी में डुबोकर मारने के लिए फांसी की सजा सुनाई, वहीं उसके प्रेमी को इस नृशंस अपराध में शामिल होने के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता के अनुसार इस मामले में महिला के नौ साल के सबसे बड़े बेटे की गवाही ने महिला को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह लड़का बच गया था। जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्र ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सैफ अहमद ने इस मामले में महिला को आईपीसी की धारा 302 के तहत दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई, वहीं उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## डिजिटल इंडिया के पहाड़ी सफर में उत्तराखंड आगे

### मुख्यमंत्री धामी ने उत्कृष्ट वीएलई संचालकों को किया सम्मानित

प्रमुख संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईआरडीटी ऑडिटोरियम, सर्वे चौक में आयोजित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) दिवस-2025 कार्यक्रम में शामिल होकर प्रदेश में डिजिटल परिवर्तन में सीएससी की भूमिका को सराहनीय बताया। इस अवसर पर उन्होंने बेहतरीन कार्य करने वाले सीएससी संचालकों को वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) पुरस्कार से नवाजा और उनके योगदान की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर आज सिर्फ सेवा केंद्र नहीं, बल्कि गांव-गांव तक डिजिटल क्रांति का माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में 13 हजार से अधिक सीएससी संचालित हो रहे हैं, जो गांवों में यूसीसी पंजीकरण, प्रमाण पत्र, डिजिटल लेन-देन समेत विभिन्न सरकारी सेवाएं सुगमता से पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएससी ने न केवल डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया है, बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित किये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विज्ञान आधारित ज्ञान अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है ताकि युवाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 28.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- युवा कौशल चौपाल 15 और 16 जुलाई को (पृष्ठ-02)
- दो दिवसीय यात्रा पर लखनऊ में राजनाथ सिंह (पृष्ठ-02)
- डॉलर के मुकाबले सात पैसे टूटकर रुपया 85.77 पर बंद (पृष्ठ-14)
- फास्टैग ठीक से न लगाने पर होगी कार्रवाई (पृष्ठ-14)
- डॉलर का विकल्प तलाशने को किया मजबूर (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** छांगूर बाबा को मौके पर लेकर पहुंची एटीएस, घंटों खंगाली बाबा की हवेली, मिली आपत्तिजनक सामग्री

# छांगुर बाबा को मिली 500 करोड़ की विदेशी फंडिंग

आशीष मौर्य / बीएस परिहार




लखनऊ/बलरामपुर। धर्मांतरण केस में पकड़े गए छांगुर बाबा पर कई खुलासे हुए हैं। पिछले तीन सालों में छांगुर बाबा को लगभग 500 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली, जिसमें से 200 करोड़ रुपये की फंडिंग की पुष्टि हो चुकी है। बाकी 300 करोड़ रुपये नेपाल के जरिये हुंडी के माध्यम से भेजे गए। इन खातों में मुस्लिम देशों जैसे पाकिस्तान, दुबई, सऊदी अरब और तुर्की से पैसा आया। धर्मांतरण मामले में छांगुर बाबा को तीन सालों में लगभग 500 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग मिली।

विदेशी फंडिंग के लिए नेपाल के सीमावर्ती जिलों में 100 से ज्यादा बैंक खाते खोले गए। इन खातों में मुस्लिम देशों जैसे पाकिस्तान, दुबई, सऊदी अरब और तुर्की से पैसा आया। छांगुर पर वसीउद्दीन ने भी बड़ा खुलासा किया है। वहीं दूसरी ओर धर्मांतरण की साजिश के सूत्रधार जमालुद्दीन उर्फ छांगुर का रिमांड मिलने के दूसरे दिन शुक्रवार को एटीएस उसे लेकर मधुपुर चांद औलिया स्थित आवास पर लेकर पहुंची। एटीएस के एक दर्जन कमांडोज व अधिकारी उसे पिछले गेट से लेकर घर में दाखिल हुए। इस दौरान गेट में ताला लगाकर मीडिया कर्मियों को गेट के बाहर ही रोक दिया गया था। घर के भीतर लगभग पैंतालीस मिनट तक एटीएस के अधिकारियों ने छांगुर के साथ हर कमरे की तलाशी भी ली? सूत्रों ने बताया कि कमरे से कुछ आपत्तिजनक चीजें भी जब्त की गई लेकिन उनका खुलासा नहीं किया गया है। बता दें कि एक अरब रुपयों से अधिक के लेन-देन, लोगों को इस्लाम कबूल कराने व जमीनों पर अवैध कब्जों के मामले में छांगुर पर अलग-अलग जिलों में मुकदमें दर्ज हैं।

गुरुवार को भी हरियाणा में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले न एक मुकदमा उसके ऊपर दर्ज किया गया है। खुफिया विभाग अब उन लोगों का इतिहास खंगालने में जुटी है जिन पर छांगुर का सहयोगी होने का आरोप लग रहा है। जिन छह लोगों को छांगुर का विशेष सहयोगी बताया जा रहा है उनमें एक मुस्लिम महिला व एक बौद्ध धर्म की महिला का नाम भी शामिल हैं जिनके पते की तलाश इंटेलिजेंस एजेंसियां कर रही हैं। अब एटीएस के राडार पर वे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बांदा : जिला पंचायत अध्यक्ष छह करोड़ के गबन में दोषी करार

जिला संवाददाता

> आयुक्त के निर्देश पर महोबा के जिलाधिकारी की जांच में हुआ खुलासा

बांदा। जिला पंचायत खनिज तह बाजारी नीलामी जांच में महोबा डीएम गजल भारद्वाज ने तकरीबन 6 करोड़ रुपये की गड़बड़ का जिला पंचायत अध्यक्ष को दोषी करार दिया है। जिला पंचायत सदस्यों ने बोर्ड बैठक गलत ढंग से आयोजित होने और बीते कुछ वर्षों में खनिज तह बाजारी नीलामी के जरिए जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल पर करोड़ों का लाभ कमाने की शिकायत की थी। तत्कालीन चित्रकूट धाम मंडल कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी ने जांच का सिलसिला चलाया, कमेटियां गठित हुईं। एडीएम को जांच मिली। इसके बाद बांदा डीएम को जांच दी गई लेकिन उन्होने खुद को जांच से प्रथक कर लिया। नतीजतन महोबा डीएम को जांच दी गयी। उन्होने जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल को लगभग 6 करोड़ रुपये की गड़बड़ी करने का दोषी पाया।

बताते चलें कि बीते 26 अक्टूबर 2024 को जिला पंचायत सदस्य सुजाता राजपूत, नीरज प्रजापति व अरूण पटेल ने तत्कालीन आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी से शिकायत की। कहा कि नियमों को ताक पर रखकर वर्ष 2021-22 के लिए खनिज परिवहन करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार : योगी आदित्यनाथ

## सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

जिला संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि परेशान मत हों, आपकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में एक महिला इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई तो उसे आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाज का इस्टीमेट मंगा लीजिए, सरकार भरपूर मदद करेगी।

- अफसरों से कहा - हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएं
- इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देगी सरकार

मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में एक महिला समेत कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

# गौ आधारित अर्थव्यवस्था में सामाजिक न्याय की नयी संभावनाएं

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** यूपी गौ सेवा आयोग सभागार में एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। इस बैठक में प्रवृद्ध फाउंडेशन के निदेशक पीएस ओझा भी विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य गोवंश आधारित योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी योजना बनाना रहा।

बैठक में गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त एवं अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत उपाध्यक्ष बेचन राम तथा उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार ने सहभागिता की। पदाधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि गो आधारित अर्थव्यवस्था में सामाजिक न्याय की नई संभावनाएं हैं, विशेषतः उन वर्गों के लिए जो लंबे समय से हाशिये पर रहे हैं। प्रवृद्ध फाउंडेशन के पीएस ओझा जो कि गो उत्पाद आधारित सामाजिक एवं आर्थिक पुनरुत्थान की दिशा में निरंतर कार्यरत हैं, ने इस अवसर पर एससी/एसटी वर्ग के युवाओं एवं महिलाओं को गोवंश आधारित उद्यमिता से जोड़ने के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम, विपणन व्यवस्था एवं वित्तीय सहायताओं की आवश्यकता पर बल दिया।

- गो आधारित सामाजिक न्याय के दिशा में एक महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश गो सेवा एवं अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग की संयुक्त बैठक सम्पन्न

बैठक में सुझाव दिए गए कि योजना की शुरुआत में प्रत्येक वृहद गो संरक्षण केंद्र को केंद्र बिंदु मानते हुए उसके निकटवर्ती गांवों की अनुसूचित जाति एवं जनजाति समूह की महिलाओं को जोड़कर किया जाना प्रस्तावित है। भविष्य में इस समूह के इच्छुक पुरुष सदस्यों को भी यथा आवश्यकता जोड़ा जाएगा। बैठक में सहमति बनी कि चयनित ग्रामों में गो आधारित आजीविका मॉडल के माध्यम से महिला सशक्तिकरण किया जाएं। गौशालाओं को प्रशिक्षण, उत्पादन एवं विपणन के केंद्र के रूप में विकसित की जाए। गो आधारित उत्पादों जैसे गोबर से निर्मित वस्तुएं, बायोगैस, पंचगव्य, गौमूत्र चिकित्सा आदि के माध्यम से सतत आय सृजन के अवसर उपलब्ध करायें जाए। पायलट परियोजनाओं के माध्यम से कुछ जनपदों में शीघ्र शुरूआत का प्रस्ताव किया जाए। गो सेवा आयोग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग द्वारा संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया गया कि आगामी तीन माह में पायलट मॉडल के रूप में कुछ जनपदों में यह योजना प्रारंभ की जाएगी, जिसमें गौशाला केंद्रित सामाजिक समावेशन और आजीविका संवर्धन को प्राथमिकता दी जाएगी। यह बैठक सामाजिक न्याय, आर्थिक समावेशन और पारंपरिक गो आधारित जीवनशैली के आधुनिक पुनर्परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त और व्यावहारिक कदम सिद्ध होगी।

## हीटवेव से ग्रीन वेव की ओर तेजी बढ़ रहा है यूपी

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने बृहस्पतिवार को एक पेड़ मां के नाम 2.0 ध्येयवाक्य के तहत 37.21 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर एक नया रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। सरकार का दावा है कि उत्तर प्रदेश हीट वेव से ग्रीन वेव की ओर तेजी से अग्रसर है। इस दिशा में पौधरोपण महाभियान में इस वर्ष में एक पेड़ मां के नाम 2.0 ध्येयवाक्य के तहत 37.21 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण कर एक नया रिकॉर्ड बनाया गया है। गौरतलब है कि पिछले आठ वर्षों से उत्तर प्रदेश में चल रहे पौधरोपण महाभियान के तहत अब तक 240 करोड़ से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं। वन विभाग की ओर से जारी की गई 2021-22 से लकर 2024-25 तक लगाये गये पौधों के बचे रहने की दर लगभग 86.67 प्रतिशत है। साथ ही इस अभियान के चलते राज्य में हरित आवरण और फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में भी राष्ट्रीय औसत से तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है। वन विभाग की अनुश्रवण शाखा की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-22 में पौधों के बचे रहने की दर 76.87 प्रतिशत, 2022-23 में 83.73 प्रतिशत, 2023-24 में 90.04 प्रतिशत और 2024-25 में 96.06 प्रतिशत दर्ज की गई है।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय यात्रा पर आज पहुंचेंगे लखनऊ



**लखनऊ।** लखनऊ से सांसद व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 जुलाई, शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय यात्रा पर पूर्वाह्न 11 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री सीधे ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान जायेंगे, जहां भाजपा कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 12.45 बजे केजीएमयू पहुंचेंगे, जहां गांधी वार्ड में भर्ती पूर्व एमएलसी विंध्यवासिनी कुमार का हाल जानेंगे। मेडिकल कॉलेज से पार्षद नागेंद्र सिंह के हजरतगंज स्थित आवास जायेंगे। सायं 4 बजे चौक में श्री कालीजी मंदिर परिसर में नवनिर्मित ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे। शाम 5.30 बजे निरालानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे। अगले दिन रविवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे राजाजीपुरम में व्यापारी नेता संदीप बंसल और उसके बाद ऐशबाग में विद्यासागर गुप्ता के आवास जायेंगे। दोपहर 12 बजे से नेशनल पीजी कॉलेज में पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्ता की मूर्ति का अनावरण करेंगे और उनका डाक टिकट जारी करेंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 1:00 बजे लखनऊ एयरपोर्ट प्रस्थान करेंगे और 1:30 बजे दिल्ली रवाना होंगे।

## मुस्कान मिश्रा सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव मनोनीत



**लखनऊ।** लखनऊ की युवा सपा नेत्री मुस्कान मिश्रा को समाजवादी पार्टी महिला सभा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। समाजवादी पार्टी को मजबूती देने एवं समाजवादी नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने मुस्कान मिश्रा को यह जिम्मेदारी दी है। इसके लिए उन्होंने हाईकमान का आभार जताया है ।पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने मुस्कान मिश्रा को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुस्कान मिश्रा ने कहा कि समाजवादी पार्टी में ही महिलाओं का सम्मान सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ महिला संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगी। देश व प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सिद्धांतों नीतियों विचारों एवं उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करती रहूंगी।

## कार्बन क्रेडिट फाइनेंस योजना के तहत 401 किसानों को वितरित किये जाएंगे 25.45 लाख

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने पर्यावरण संतुलन के साथ किसानों को आय का अतिरिक्त स्रोत भी उपलब्ध कराने के लिए कार्बन क्रेडिट फाइनेंस योजना शुरू की है। पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कार्बन क्रेडिट फाइनेंस योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक 244 किसानों को 49.55 लाख रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। अब अगले चरण में और 401 किसानों को 25.45 लाख रुपये की धनराशि वितरित करने की प्रक्रिया की शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम में पौधरोपण महाभियान कार्यक्रम के दौरान लाभान्वित किसानों को चेक वितरण कर की। उत्तर प्रदेश कार्बन क्रेडिट फाइनेंस योजना को लागू करने वाला देश का पहला राज्य है।

# युवा कौशल चौपाल 15 और 16 जुलाई को

## यूपी के स्किल्ड यूथ आइकॉन साझा करेंगे अपनी सक्सेस स्टोरीज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इस बार विश्व युवा कौशल दिवस पर एक खास पहल की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कौशल भारत- महाशक्ति भारत संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पहली बार दो दिवसीय युवा कौशल चौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रशिक्षण पाकर आत्मनिर्भर बने युवा खुद अपनी जिंदगी की बदली हुई कहानी जनता से साझा करेंगे।

15 और 16 जुलाई को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित सैकड़ों युवाओं की मौजूदगी रहेगी, लेकिन मंच पर बोलने का अवसर मिलेगा उन 11 युवाओं को, जिन्होंने कौशल के दम पर न सिर्फ रोजगार पाया, बल्कि खुद कई लोगों के लिए नौकरी का साधन भी बन गए। इन युवाओं को चौपाल में कौशल यूथ आइकॉन के रूप में सम्मानित किया जाएगा।

- पिछले तीन वर्षों में प्रशिक्षित युवाओं में से 11 को कौशल यूथ आइकॉन के रूप में किया जायेगा सम्मानित
- कार्यक्रम के असली नायक होंगे वो युवा जो कभी बेरोजगार थे और आज खुद दूसरों को रोजगार दे रहे हैं

इस आयोजन की जानकारी देते हुए कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह मंच स्किल इंडिया के विजन को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। इससे हर गांव, हर कस्बे के युवा को यह संदेश मिलेगा कि कौशल ही सच्ची ताकत है और इससे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा जा सकता है। युवा कौशल चौपाल महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक यूथ मोटिवेशन मूवमेंट होगा, जहां असली नायक होंगे वो युवा जो कभी बेरोजगार थे और आज खुद दूसरों को रोजगार दे रहे हैं। किसी ने ट्रेनिंग के बाद मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर शुरू किया, तो किसी ने ब्यूटी पार्लर या डिजिटल स्टूडियो। किसी ने होटल में नौकरी पाई, तो किसी ने खुद की कैफे चेन शुरू कर दी।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि कार्यक्रम में पिछले तीन वर्षों में मिशन से प्रशिक्षित एवं सेवायोजित हजारों युवाओं में से चयनित 11 उत्कृष्ट युवक/युवतियों को मंच प्रदान किया जाएगा, जो चौपाल में बतौर युवा वक्ता अपने अनुभव साझा करेंगे। यह मंच न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा बल्कि कौशल आधारित सफलता की सामाजिक स्वीकृति को भी बल देगा। इन सभी प्रतिभाशाली सेवायोजित युवाओं को कौशल युथ आइकॉन के रूप में विशेष रूप से सम्मानित भी किया जाएगा। यह सम्मान प्रदेश के लाखों युवाओं को यह संदेश देगा कि कौशल प्राप्त कर आत्मनिर्भर बना जा सकता है। यह आयोजन न केवल इन युवाओं के आत्मविश्वास और पहचान को मजबूती देगा, बल्कि कौशल आधारित सफलता की सामाजिक स्वीकार्यता को भी एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा।



राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शिष्टाचार भेंट करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

# कवि डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र को मिला पारस शिखर सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शिक्षाविद एवं कवि पं. पारस नाथ पाठक प्रसून की 93वीं जयंती समारोह का आयोजन उनकी पुण्य स्मृति में गठित पारसबेला न्यास द्वारा उनके पैतृक गांव गोपालपुर, जौनपुर में गुरुपूर्णिमा को किया गया।

यह आयोजन दो सत्रों में हुआ।

- शिक्षाविद एवं कवि पं. पारस नाथ पाठक प्रसून की 93वीं जयंती समारोह संपन्न
- कवियों ने किया काव्य पाठ, 'पारस परस' पत्रिका का हुआ लोकार्पण




प्रथम सत्र के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीकला धनंजय सिंह, अध्यक्ष, जिला पंचायत, जौनपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजेश कुमार सिंह प्रिंसू सदस्य विधान परिषद की उपस्थिति रही। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दिनेश चन्द्र, जिलाधिकारी, जौनपुर ने समारोह को सुशोभित किया। यह आयोजन के प्रथम सत्र में प्रसून और उनकी धर्मपत्नी बेला देवी की स्मृति में निर्मित पारसबेला मण्डपम का लोकार्पण हुआ। इसी सत्र में प्रसून के सहशिक्षकों के सम्मान के साथ गांव के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को लेखन सामग्री वितरण एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। द्वितीय सत्र में हिन्दी के वरिष्ठ एवं बहुचर्चित कवि डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र को पारस शिखर सम्मान दिया गया। न्यास द्वारा 2009 से प्रतिवर्ष यह सम्मान हिन्दी के एक वरिष्ठ कवि को प्रदान किया जाता है। इसी सत्र में 'पारस परस' पत्रिका के जुलाई - सितंबर, 2025 अंक का, जो प्रसून की पावन स्मृति को समर्पित है का लोकार्पण भी हुआ। इसी सत्र के अंत में आयोजित कवि सम्मेलन ने समारोह में चार चांद लगा दिये। कवि सम्मेलन में पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी के साथ डॉ. श्लेष गौतम, राधेश्याम भारती, डॉ. कमलेश राय एवं भावना तिवारी ने काव्यपाठ किया।

# प्रदेश में सिर्फ अपराधी बेखौफ : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार का दावा था कि अपराधी अपराध छोड़ देंगे या फिर प्रदेश छोड़ देंगे लेकिन हकीकत यह है कि यहां सिर्फ अपराधी बेखौफ हैं। प्रदेश में वही व्यक्ति सुरक्षित है जो अपराधियों की नजर से बचा हुआ है। भाजपा सरकार में पूरा प्रदेश जंगलराज में बदल गया है। हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार तो अब रोज की आम बातें हो गई हैं। पुलिस निरंकुश हैं मुख्यमंत्री अपने भाषणों से आत्ममुग्ध है। शासन-प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है।

कोई दिन तो नहीं जाता है जब राजधानी लखनऊ सहित अन्य जिलों में अपराधिक वारदातें न होती हों। भाजपा सरकार में दलितों को सर्वाधिक उत्पीड़न झेलना पड़ता है। कहीं दबंग दलितों की बारात में डीजे बजाने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं तो कहीं दूल्हे के घोड़े पर चढ़ने पर हंगामा हो जाता है। ताजा घटना बाराबंकी की हैं जहां एक दलित युवक शैलेन्द्र गौतम को मंदिर में प्रवेश से रोका गया और बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी गयी। कासगंज में सिद्धपुरा थाना क्षेत्र में युवती को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया तो अलीगढ़ में



आगरा रोड पर एक गांव में दुकान में किशोरी को बंधक बनाकर गैंगरेप हुआ। सहारनपुर के गोविंदनगर में एक नृत्यांगना के घर से चोर मूर्तियां, जेवर, नकदी, बर्तन आदि लाखों का सामान ले उड़े। मथुरा में हाई-वे अंतर्गत सोंखरोड़ पर नरसीपुर कॉलोनी में मकान में घुसकर दिनदहाड़े जेवर नकदी की लूट हो गई।

सच तो यह है कि अब प्रदेश में लोग आतंक और भय में जी रहे हैं। भाजपा सरकार की हर मोर्चे पर विफलता के चलते प्रदेश की दुनियाभर में बदनामी हो रही है। बच्चियां और महिलाएं अपमानित हो रही है। कानून व्यवस्था तो पूरी तरह ध्वस्त है। इस वजह से प्रदेश में न तो कोई निवेश आ रहा है और नहीं कोई उद्योग लग रहा है। बल्कि जो उद्योग लगे हैं वे भी अब बाहर जाने का मन बना रहे है। मुख्यमंत्री जी बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं पर कोई भी दावा जमीन पर नहीं उतर रहा है। कैसी विडम्बना है कि प्रदेश में बड़े घोटाले में संलिप्त एक आईएएस अफसर लम्बे समय से फरार हैं पुलिस उन्हें खोज नहीं पा रही है। धर्मांतरण के मामले हो या आतंकी साजिशें प्रदेश में उनका पता देर-सबेर ही चलता है। भाजपा सरकार की कारगुजारी से ऊबी जनता अब त्राहिमाम कर रही है।

# जन शिकायतों में पीड़ितों को मिल रहा त्वरित न्याय

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉनिटरिंग से शिकायतों का समयबद्ध हो रहा निस्तारण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी से जन शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया में अभूतपूर्व तेजी आई है। योगी सरकार के आईजीआरएस पोर्टल से शिकायतों के समाधान में न केवल पारदर्शिता आई हैए बल्कि पीड़ितों को त्वरित न्याय भी मिल रहा है। योगी सरकार ने अपने कार्यकाल में प्रशासनिक सुधारों और तकनीकी उपायों को अपनाकर शिकायतों के निस्तारण को सुनिश्चित किया है। वहीं आईजीआरएस की जून माह की रिपोर्ट में देवीपाटन मंडल ने जन शिकायतों के निस्तारण में बाजी मारी है और प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह प्रदेशभर में वाराणसी मंडल ने दूसरा और बस्ती मंडल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। देवीपाटन मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। इसके लिए देवीपाटन मंडल के जिलों क्रमशः श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा और बलरामपुर में जनशिकायतों के पारदर्शी और त्वरित समाधान के लिए कई बिंदुओं पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिलों में जनशिकायतों की निस्तारण की रिपोर्ट की लगातार मॉनीटरिंग की जाती है। मंडलायुक्त ने बताया कि वह खुद मंडल के सभी जिलों के जनशिकायतों के निस्तारण के पहलुओं की मॉनीटरिंग करते हैं। इसके साथ ही रेंडम पांच शिकायतकर्ता से मंडलायुक्त कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है ताकि यह पता चल सके कि पीड़ित की शिकायत पर वास्तविकता में एक्शन लिया गया है या फिर रिपोर्ट ही लगायी गयी है। इसके साथ ही हर माह जनशिकायतों के मामलों की विभागीय आख्या की जांच की जाती है। यही वजह है कि देवीपाटन मंडल ने जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश भर में पहला स्थान प्राप्त किया है। योगी सरकार द्वारा लांच आईजीआरएस (इंटरएक्टिव गवर्नमेंट रेड्रेसल सिस्टम) पोर्टल नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कई सुधारों के बाद यह अत्यधिक प्रभावी साबित हुआ है। आईजीआरएस की जून की रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी मंडल ने जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेशभर में दूसरा और बस्ती मंडल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

- आईजीआरएस की जून की रिपोर्ट में जनमानस की शिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल ने मारी बाजी
- रिपोर्ट में वाराणसी दूसरे तो बस्ती मंडल है तीसरे स्थान पर, शिकायतों के निस्तारण के बाद मंडलायुक्त ले रहे फीडबैक
- मंडलायुक्तों की मॉनीटरिंग, विभागीय आख्या की जांच और शिकायकर्ता के फीडबैक से समस्या के समाधान में आ रही तेजी

इन मंडलों ने शिकायतों के निस्तारण में समय की बचत और पीड़ितों से फीडबैक लेकर सुधार की प्रक्रिया को तेज की है। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि कोई भी शिकायत अनसुलझी न रहे और समाधान की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और समयबद्ध हो। साथ ही अधिकारियों के फील्ड विजिट्स ने इस प्रक्रिया को और भी प्रभावी बना दिया।

## ओ लेवल एवं सीसीसी प्रशिक्षण योजना के लिए 21 जुलाई तक करें आवेदन

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को तकनीकी दक्षता से युक्त कर उन्हें रोजगार योग्य बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना की आवेदन प्रक्रिया की समय-सीमा को बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में निर्धारित आवेदन की अंतिम तिथि 14 जुलाई थी, जिसे अब संशोधित कर 21 जुलाई कर दिया गया है। उन्होंने प्रदेश के ओबीसी वर्ग के युवाओं से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण योजना का अधिकाधिक लाभ लें और अपने कौशल को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं ।निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि इच्छुक अभ्यथी पोर्टल पर 21 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह योजना केवल उन बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए है, जिन्होंने कक्षा 12 उत्तीर्ण की है और जो अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आते हैं। प्रशिक्षण भारत सरकार की संस्था नीलिट (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से कराया जाएगा ।आवेदन की ऑनलाइन प्रक्रिया के उपरांत अभ्यर्थियों को हस्ताक्षरयुक्त हार्डकॉपी तथा सभी वांछित प्रमाण-पत्रों के साथ अपने संबंधित जिले के जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में 21 जुलाई की सायं 5 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा ।अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच, सत्यापन एवं पात्रता निर्धारण की प्रक्रिया 31 जुलाई तक पूरी की जाएगी। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों को 1 अगस्त से 5 अगस्त तक संबंधित संस्थाओं में प्रवेश दिलाया जाएगा और उनका नीलिट में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को भी उसी अवधि में मौका दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 6 अगस्त से किया जाएगा।

# पीएम आवासों का आवंटन 24 से, 7784 के बीच होगी लाटरी

## तीन साल से इंतजार कर रहे आवेदक, अकबर नगर के विस्थापितों से कम हुए फ्लैट

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बसंतकुंज योजना में बने शहर में सस्ते आशियाने का सपना देखने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। बसंतकुंज योजना में बनाए गए प्रधानमंत्री आवास के लिए करीब तीन वर्ष पहले आवेदन मांगे गए थे। इस योजना में 9238 लोगों ने आवेदन किया था। जांच के बाद 7784 आवेदक पात्र पाए गए हैं। लंबे समय से आवेदक लॉटरी का इंतजार कर रहे हैं। अकबर नगर से विस्थापित लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिए जाने की वजह से इन आवेदनों का सत्यापन नहीं हो पा रहा था। अब लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर इनके आवंटन के लिए 24, 25 व 26 जुलाई को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हाल में लॉटरी निकाली जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राधिकरण ने बसंतकुंज योजना में पीएम आवास योजना के तहत करीब 4500 फ्लैटों का निर्माण कराया है। इन फ्लैटों के लिए वर्ष 2023 में पंजीकरण खोला गया था। करीब 9075 ने आवेदन किया था। जो कि लंबे समय से लॉटरी का इंतजार कर रहे हैं। अकबर नगर से विस्थापित लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिए जाने की वजह से इन आवेदनों का सत्यापन नहीं हो पा रहा था। अब डूडा से सत्यापन के बाद 7483 की सूची दे दी गई है। बता दें कि फ्लैटों की कुल संख्या 4500 से घटकर लगभग 2000 रह गई है। 2200 फ्लैट अकबरनगर के विस्थापितों को दिए जा चुके हैं। इससे अब सभी आवेदकों को आवास नहीं मिल सकेंगे। सितंबर 2023 में 4500 प्रधानमंत्री आवासों के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने आवेदन निकाला था। कई महीने तक चले पंजीकरण के बाद लगभग 9075 लोगों ने आवेदन किया था। इन फ्लैटों की कीमत करीब 7.5 लाख रुपये हैं। इसमें सरकार से 2.50 लाख रुपये का अनुदान आवेदकों को मिल जाएगा। आवेदकों को साढ़े चार लाख रुपये का किश्तों में भुगतान करना होगा। इन फ्लैटों की लाटरी को लेकर आवेदक इंतजार कर रहे थे। पंजीकरण राशि के तौर पर 10000 रुपये जमा कराए गए थे। लगभग 9 करोड़ रुपये एलडीए के खाते में जमा हो गए थे। पंजीकरण के बीच में ही अकबरनगर का मामला आ गया था। अकबरनगर के विस्थापितों को इस योजना के तहत 2200 फ्लैट आवंटित कर दिए गए। सामान्य पंजीकरण कराने वाले अभी तक बचे हुए फ्लैटों की लाटरी का इंतजार कर रहे हैं।

# अनंत नगर में पहले दिन 18 ने कराया पंजीकरण, 404 ने बुकलेट खरीदी

- 785 एकड़ की योजना में डेढ़ लाख लोगों को मिलेगा आशियाना

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर (मोहन रोड) आवासीय योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। दूसरे चरण में योजना में भूखंडों के लिए पंजीकरण खुलने के पहले दिन शुक्रवार को रात 8:00 बजे तक 1062 लोगों ने योजना की वेबसाइट पर लॉगइन बनाया। जिसमें से 404 लोगों ने 1100 रुपये का ऑनलाइन भुगतान करके पंजीकरण पुस्तिका खरीदी। वहीं, 18 लोगों ने भूखंड की अनुमानित धनराशि का 5% पंजीकरण धनराशि जमा कराके सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन कराया। लखनऊ विकास प्राधिकरण की इस योजना में 785 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में टाउनशिप विकसित की जा रही है। जिसमें लगभग डेढ़ लाख लोगों के आशियाने का सपना साकार होगा। अनंत नगर योजना का विकास अंतरराष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत ग्रिड पैटर्न पर किया जा रहा है। जिसमें चौड़ी सड़कों के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए भूमिगत केबल बिछायी जाएंगी। योजना में लगभग 100 एकड़ क्षेत्रफल में एडुटेक सिटी विकसित की जाएगी। लगभग 130 एकड़ भूमि में पार्कों व ग्रीन स्पेस का विकास किया जाएगा, जोकि योजना को पर्यावरण के अनुकूल एक हरा-भरा क्षेत्र बनाएगा। इसके अतिरिक्त यह शहर की पहली ऐसी आवासीय योजना होगी, जिसमें आधुनिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम का प्रावधान पहले से ही किया गया है। साथ यह शहर की पहली जीरो लिक्विड डिसचार्ज योजना भी होगी। इसके लिए योजना में एसटीपी स्थापित किये जाएंगे, जोकि अपशिष्ट जल को पुनः शुद्ध करके इसे सिंचाई और हरित क्षेत्रों के लिए उपयोगी बनाएगा।

# घने काले बादल आधा घंटे बरसे, फिर निकली धूप



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शुक्रवार को राजधानी में सुबह से ही आसमान में काले घने बादल छाये रहे। सुबह करीब साढ़े सात बजे अंधेरा जैसा माहौल रहा। शहर के कई इलाकों में बारिश हुई। इस दौरान बच्चे भीगते हुए स्कूल पहुंचे। हालांकि, कुछ ही देर बाद बादल छंट गए और धूप निकल आई। गर्मी और भीषण उमस में लोग पसीने से परेशान रहे। महानगर, गोमतीनगर, डालीबाग, पॉलीटेक्निक चौराहा आदि जगहों पर कुछ मिनट के लिए बौछारें पड़ीं। तालकटोरा रोड लक्ष्मण गंज में जलभराव हो गया। अलीगंज में बारिश के बाद केंद्रीय भवन के सामने पानी भर गया। शाम को फिर कुछ स्थानों पर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार लखनऊ में कुछ इलाकों में बूंदाबांदी की परिस्थितियां फिर बन सकती हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक राजधानी में शनिवार के बाद मानसून फिर से जोर पकड़ेगा। अधिकतम तापमान 2.3 डिग्री की बढ़त के साथ 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रात का तापमान 1 डिग्री की गिरावट के साथ 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश से राजधानी के कुछ इलाकों में शुक्रवार को जलभराव हो गया। सड़कें कीचड़ से सन गईं। कई स्थानों पर पेड़ गिए गए। सबसे अधिक परेशानी उन क्षेत्रों में हुई, जहां सड़कें टूटी या अधूरी हैं। नगर निगम की तैयारियों की पोल जरा सी बारिश ने खोल दी। बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन के पास पानी भर गया। सेक्टर एफ विस्तार कानपुर रोड के पास नए बने अण्डरपास के नीचे काफी पानी भरा रहा। यहां शाम तक पानी नहीं निकाला जा सका था। अण्डरपास के नीचे से पानी निकालने का कोई रास्ता भी नहीं बनाया गया है। सरोजिनी नगर में सबसे बुरा हाल सरोजिनी नगर प्रथम व द्वितीय वार्ड में बारिश के बाद कीचड़ और जलभराव से लोग घरों से निकल नहीं पा रहे। यहां ज्यादातर सड़कों पर पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई की गई थी, जिससे बारिश का पानी जमा हो गया और रास्ते दलदल बन गए। लोगों को गली पार करने में जूते कीचड़ में फंस जा रहे हैं। इन दोनों वार्डों की तमाम सड़कें आज भी कच्ची हैं। रामनगर, आजाद नगर जैसे इलाकों में हल्का जलभराव देखने को मिला, जबकि फैजुल्लागंज, इंदिरा नगर और गोमती नगर में पानी कुछ घंटों तक सड़कों पर रहा।

# आगरा एक्सप्रेस-वे पर उद्योग नगर योजना के लिए भूमि जुटान की पहल



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने आगरा एक्सप्रेस-वे पर उद्योग नगर विकसित करने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। एलडीए की टीम ने शुक्रवार को काकोरी के दोना गांव में ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों की उपस्थिति में किसानों के साथ बैठक की। इसमें योजना के लिए भूमि जुटाने के सम्बंध में किसानों के साथ खुली चर्चा की गयी। जिसमें किसानों ने अपनी मांगों का उल्लेख करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करने की सहमति दी। एलडीए के संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे पर 5610 एकड़ क्षेत्रफल में उद्योग नगर विकसित किया जाएगा। जिसके लिए सदर व सरोजनीनगर तहसील के ग्राम-भलिया, आदमपुर इन्दवारा, बहरू, जलियामऊ एवं मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी, सकरा एवं दोना की भूमि चिन्हित की गयी है। इस योजना में 02 लाख से अधिक लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर के उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा व लॉजिस्टिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास होगा। इन योजनाओं से राजधानी में बड़ा निवेश आएगा और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत योजना के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने के लिए किसानों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है।

# प्राधिकरण में बोर्ड के अनुमोदन से यथावत लागू होगी भवन निर्माण

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रमुख सचिव आवास ने प्राधिकरण उपाध्यक्षों व आवास आयुक्त को दिए निर्देश

लखनऊ। आवास एवं शहरी नियोजन के प्रमुख सचिव पी गुरू प्रसाद की अध्यक्षता में गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित बैठक में भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आर्दश जोनिंग रेगुलेशन्स पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रमुख सचिव ने विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषद को गई भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 का तत्काल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आवास आयुक्त, प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष, सचिव के अलावा भवन मानचित्र स्वीकृति करने वाले नगर नियोजक, इंजीनियर संवर्ग के अधिकारी व दो अवर अभियंताओं के साथ ही मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक व आवास बंधु के अधिकारी शामिल हुए।

प्राधिकरण-परिषद के नगर नियोजकों व इंजीनियरों को उपविधियों की बारीकियां बताने हुए हिदायत दी गई है कि वे पूरी पारदर्शिता के साथ भवन स्वामियों को राहत दें। उपविधि को यथावत सभी प्राधिकरण लागू करें। किसी तरह की कोई दिक्कत या दुविधा होने पर शासन को अवगत कराया जाए। नौ राज्यों की उपविधियों का अध्ययन करने वाली डिलाइट संस्था की ओर से नई उपविधि के संबंध में एक-एक कर 16 अध्यायों का प्राधिकरण-परिषद के 250 से अधिक लोगों के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रमुख सचिव के अलावा मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक अनिल कुमार व आवास बंधु के सलाहकार रवि जैन ने उपविधि में किए गए नए प्राविधानों के बारे में विस्तार से बताया। नए सिरे से बनाई गई उपविधि में तमाम तरह की सहूलियतें दीं गईं हैं। इसलिए बड़ी संख्या में भवन स्वामी मानचित्र स्वीकृति कराने के लिए उपविधि का इंतजार कर रहे थे। प्रमुख सचिव ने कहा कि सभी प्राधिकरण व परिषद उपविधि में किसी तरह का बदलाव किए बिना उस पर तत्काल क्रियान्वयन शुरू करें। कहा गया कि अगर कोई पुरानी उपविधि के अनुसार बने भवन मानचित्र को जमा कर चुका है और उसे नई उपविधि से अपना फायदा दिख रहा है तो वह नए सिरे से मानचित्र जमा कर सकता है। हिदायत दी गई भवन स्वामियों का किसी तरह का शोषण न हो। उपविधि के प्राविधानों को समझने, किसी तरह की चूक या विरोधाभास होने पर शासन के संज्ञान में लाया जाए। ऐसे में स्पष्टीकरण देने के लिए प्रमुख सचिव आवास की अध्यक्षता में समस्या निवारण समिति गठित की गई है।

बैठक में कहा गया कि प्राधिकरण-परिषद अपने स्तर से शहर के वास्तुविदों की बैठक बुलाकर उन्हें भी उपविधि के बारे में विस्तार से बताएं। गौरतलब है कि 17 वर्ष पुरानी भवन निर्माण उपविधि-2008, शमन उपविधि-2009 और उससे संबंधी 20 शासनादेश के तहत ही अब तक भवन मानचित्र को पास किया जा रहा था।

# तीन किडनी ट्रांसप्लांट से मिला जीवन दान

**लखनऊ।** 43 साल के रेलवे कॉन्ट्रैक्टर की किडनी खराब होने पर परिवार के तीन सदस्यों की ओर से किडनी देकर मरीज को जीवनदान दिया गया। परिवार में सबसे पहले मरीज के सबसे बड़े भाई, उसके बाद पत्नी और तीसरी बार मरीज से 16 साल बड़े भाई की ओर से किडनी दी गई। मेदांता अस्पताल में हाल ही में हुई यह अत्यंत दुर्लभ और जटिल किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। लखनऊ निवासी 43 वर्षीय मरीज को पहली बार किडनी के फेल होने का पता 2013 में चला था। इसके बाद मरीज की डायलिसिस शुरू हुई। 2016 में उनके सबसे बड़े भाई ने किडनी दी, जिसके बाद उन्होंने दिल्ली में किडनी ट्रांसप्लांट कराई गई। इससे डायलिसिस बंद हुई और जिंदगी सामान्य हो गई लेकिन यह किडनी 2023 तक ही चल पाई। इसके बाद पत्नी ने 2024 में मरीज को अपनी किडनी दी लेकिन दुर्भाग्य से वह ट्रांसप्लांट महज एक महीने में फेल हो गया और वे फिर से डायलिसिस पर आ गए।

# आज भी खुले रहेंगे सभी जोनल कार्यालय

**लखनऊ।** नगर निगम में शनिवार को सार्वजनिक अवकाश के बावजूद सभी जोनल कार्यालय खुले रहेंगे। गृहकर में 10 प्रतिशत छूट की समय सीमा 31 जुलाई को समाप्त हो रही है। अधिक से अधिक भवन स्वामी अपने गृहकर का भुगतान समय पर कर सकें और छूट का लाभ प्राप्त कर सकें, इसके लिए महापौर ने कैश काउंटर खोलने के निर्देश दिए हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई भवन स्वामी पहले यूजर चार्ज का एकमुश्त भुगतान करता है और उसके बाद अपना गृहकर जमा करता है, तो उसे गृहकर पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। यह सुविधा केवल 31 जुलाई 2025 तक ही लागू है। इसके तहत 12 जुलाई को सभी जोनल कार्यालयों में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक गृहकर संबंधित कार्य संपन्न किए जाएंगे। यह विशेष व्यवस्था उन नागरिकों के लिए है जो सप्ताह के अन्य दिनों में कार्यस्थल व्यस्तता के कारण भुगतान नहीं कर पाते। महापौर सुषमा खर्कवाल ने लोगों से अपील की है कि वे समय रहते यूजर चार्ज और गृहकर जमा कर नगर निगम की इस पहल का लाभ उठाएं।

# लविवि की विधि संकाय की वार्षिक पत्रिका का विमोचन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय के विधि संकाय की एडीआर ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसाइटी द्वारा निकाली जाने वाली विधि संकाय की वार्षिक पत्रिका 2024-25 का विमोचन किया। इस अवसर पर विधि संकाय के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह, प्रो. अशोक सोनकर, प्रो. विनीता काचर, एडीआर ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसाइटी की प्रेसिडेंट आरजू नायाब, स्टूडेंट एडवाइजर स्वराज शुक्ला एवं सोसाइटी के सदस्य कृष्णा सिंह, उत्कर्ष मिश्रा, सूर्यांश सिंह एवं शिवम कुमार उपस्थित रहे।

# आवास विकास के होटल व अस्पतालों के भूखण्डों की नीलामी 17 को

**लखनऊ।** स्वास्थ्य एवं आतिथ्य के क्षेत्र में बढ़ती रूचि को देखते हुए उप्र. आवास एवं विकास परिषद अपनी योजना में होटल एवं अस्पतालों के लिए भूखण्डों का ई-ऑक्शन करने जा रहा है। होटल एवं अस्पतालों के विकासकर्ताओं एवं निवेशकों की सुविधा के लिए परिषद की ओर से शुक्रवार को एक ऑनलाइन सेशन का आयोजन, मुख्यालय स्तर पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर आवास आयुक्त की ओर से गई। सेशन में परिषद की टीम की ओर से ई-ऑक्शन प्रणाली, भूखण्डों की लोकेशन, क्षेत्रफल आदि की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि ये भूखण्ड लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या, आगरा, इटावा, सहारनपुर एवं मुरादाबाद शहरों में वेल कनेक्टेड एवं हाई विज़िब्लिटी क्षेत्रों में उपलब्ध हैं।

# शिक्षकों को नयी तकनीक में किया गया प्रशिक्षित

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत शुक्रवार को पावरिंग पेड़ोगोगी: एआई एंड आईओटी पर एनहांस टीचिंग एंड प्रोफेशनल अप स्किलिंग का आयोजन किया गया। डिजाइन टेक सिस्टम्स और मैथ वर्क इंडिया के साथ मिलकर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को विशेषज्ञों ने कोर इंजीनियरिंग में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कर बेहतर अवसर बनाने के बारे में बताया। क्लासरूम टीचिंग में नई तकनीक के प्रयोग पर बल देने के टिप्स दिए गए। कुलपति प्रो. जयप्रकाश पांडे के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में डीन प्रोफेसर ओपी सिंह ने कार्यक्रम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस दौर में नई तकनीक के बिना सफलता अर्जित करना संभव नहीं है। शिक्षकों का यह दायित्व है कि वह छात्रों को नई तकनीक से परिचित कराएं। ऐसे में यह कार्यक्रम बेहद उपयोगी सिद्ध होगा।

# उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन के 10 वीं बार अध्यक्ष चुने गए अवधेश कुमार सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के सभागार में उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन के प्रांतीय अधिवेशन में अवधेश कुमार सिंह को 10 वीं बार एवं वृंदावन दोहरे को तीसरी बार सर्वसम्मति से निर्विरोध क्रमशः अध्यक्ष एवं महामंत्री के पद पर चुने गए। विभिन्न प्राधिकरणों से आए 34 कर्मचारी नेताओं ने नई कार्यकारिणी के गठन में कर्मचारी नेता अवधेश कुमार सिंह तथा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के वृंदावन दोहरे को तीसरी बार सचिव के पद पर सभी की सहमति से चुना गया। कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों के चयन का अधिकार भी सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं सचिव को दिया गया। अधिवेशन में बाहर से नेताओं ने कर्मचारियों की शासन स्तर पर लंबित पुरानी मांगों, पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने, प्राधिकरण से सेवा निवृत कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा दैनिक वेतन/ वर्कचार्ज कर्मचारियों के विनियमितिकरण किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। अधिवेशन में उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा इन मांगो को प्रभावी रूप से रखने के लिए समर्थन किया गया। आठवें वेतनमान में सेवा निवृत कर्मचारियों को डी ए का लाभ न देने के निर्णय के निर्णय के विरोध में संगत के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह की ओर से कहा गया कि यह निर्णय पूरी तरह कर्मचारी विरोधी है। इसका पूरी ताकत से विरोध करना चाहिए। संगठन के महामंत्री वृंदावन दोहरे के कहा कि आप लोगों की ओर से दी गई जिम्मेदारी से पूरी ताकत तथा कर्मचारियों के सहयोग से आपकी बातों को संगत के माध्यम से सरकार और शासन को अवगत कराया जाएगा।

# सेंट जेवियर्स कॉन्वेंट स्कूल ने टॉपर्स का किया सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सेंट जेवियर्स कॉन्वेंट स्कूल ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन बड़े गर्व और उत्साह के साथ किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय एमएलसी श्री पवन सिंह चौहान ने शिरकत की, और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. मुनव्वर आलम खालिद (डीन, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी.स्टूडेंट वेलफेयर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद छात्रों द्वारा एक मधुर समूहगान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की निदेशक व सार्वजनिक शांति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. अरजुमंद जैदी, जो एक प्रतिष्ठित सामाजिक सुधारक, पर्यावरणविद्, शिक्षाविद्, मानवाधिकार और शांति कार्यकर्ता हैं, ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने टॉप करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के प्रयासों की सराहना की और सभी को लगातार मेहनत और लगन के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में 40 मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्रळ-खएए में उत्तर प्रदेश राज्य के टॉपर श्रेयश लोहिया, क्रउ टॉपर्स अराध्या पुरवार (98.5%), अनन्या सांघी (97.5%) और क्ठरए टॉपर्स रिया भंडारी (91.8%), अल्बर्ट मैसी समेत अन्य सभी छात्रों को विशेष सम्मान दिया गया, जो पूरे स्कूल समुदाय के लिए गर्व का क्षण था। मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ने अपने संबोधन में छात्रों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की और डॉ. जैदी तथा स्कूल की पूरी टीम के शिक्षा और सामाजिक विकास में योगदान की सराहना की। उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि वे स्कूल के छात्रों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे, जिससे उनका सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति समर्पण झलकता है।

# एलडीए तैयार करेगा गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क

## प्रथम चरण में 14 करोड़ रुपये से 25 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किया जायेगा पार्क

विशेष संवाददाता (vol)



- देसी व प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करेगी वॉटर बॉडी
- फलदार बाग, मेडिसिनल व बटरफ्लाई गार्डेन बढ़ाएंगे पार्क का आकर्षण

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण आगामी 01 वर्ष में गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क विकसित करेगा। प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी विशाख जी, डीएफओ शितान्शु पाण्डेय, एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार व नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार को स्थल पर पौधरोपण करके गोमती बायो-डायवर्सिटी पार्क के निर्माण की शुरूआत की। इस मौके पर जिला प्रशासन व प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों ने भी पौधे लगाये।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अवगत कराया कि प्राधिकरण ने ग्रीन बेल्ट की 75 एकड़ जमीन वापस ली है। जिसमें से प्रथम चरण में 25 एकड़ क्षेत्रफल में 14 करोड़ रुपये की लागत से शहर का पहला बायो-डायवर्सिटी पार्क विकसित किया जाएगा। जिसके लिए दिल्ली में यमुना बायो-डाइवर्सिटी पार्क विकसित करने वाले वैज्ञानिकों का सहयोग लिया जा रहा है। एलडीए यह पार्क एक साल में तैयार करेगा। दयाल पैराडाइज चौराहे से जनेश्वर मिश्र पार्क, गेट नंबर-5 के मध्य आकार ले रहे इस पार्क में बाउन्ड्रीवॉल, पार्किंग, इंट्री गेट, ऑफिस, पाथ-वे, किड्स प्ले-एरिया व वॉच टॉवर आदि बनाये जाएंगे। गोमती नदी के बेसिन में पाये जाने वाले पौधों की विभिन्न प्रजातियां, जो वर्तमान में विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्हें एकत्रित करते हुए पार्क में संरक्षित किया जाएगा। इसके अलावा देसी व प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने के लिए पार्क में घास एवं झाड़ियों के साथ ही छायादार पेड़ लगाये जाएंगे। इसके अलावा फलदार बाग के साथ ही मेडिसिनल व बटरफ्लाई गार्डेन तैयार कराया जाएगा।

उपाध्यक्ष ने बताया कि पार्क में एनआईसी (नेचुरल इंटरप्रिटेशन सेंटर) बनाया जाएगा। सेंटर में फील्ड बायोलॉजिस्ट की तैनाती की जाएगी, जो पार्क में घूमने आने वाले छात्र-छात्राओं को पौधों, पक्षियों, जीव-जंतुओं एवं कीट-पतंगों आदि की जानकारी देते हुए जैव विविधता से रूबरू कराएंगे। जिससे यह पार्क ईको-टूरिज्म के साथ ही शैक्षिक दृष्टि से भी अहम साबित होगा।

मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व जिलाधिकारी विशाख जी ने जैतून का पौधा रोपित किया। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मियावाकी पद्धति से पौधे लगाये गये। इसमें पीपल, पिलखन, पाकड़, आम, नीम, जामुन, अमरूद, आवंला, कचनार, शीशम, अर्जुन, इमली व कैथा समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किये गये।

# यूपी पंचायत चुनाव : बदलेगा आरक्षित सीटों का नक्शा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 को लेकर तैयारियां रफ्तार पकड़ चुकी हैं। पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन का काम पूरा कर लिया है। अब अगला चरण सीटों के आरक्षण निर्धारण का है, जिस पर मंथन शुरू हो गया है। पुनर्गठन के बाद प्रदेश की कुल ग्राम पंचायतों की संख्या घटकर 57,695 हो गई है। पिछली बार की तुलना में 504 पंचायतें कम हो गई हैं। इससे पंचायत प्रतिनिधियों की सीटों की संख्या में भी कमी आएगी, खासकर ग्राम प्रधानों की सीटें घटेंगी। आरक्षण प्रक्रिया को लेकर विभागीय स्तर पर योजना बननी शुरू हो गई है। हालांकि, अधिकारिक प्रक्रिया सितंबर या अक्टूबर में शुरू होने की संभावना है। आरक्षण निर्धारण पुरानी नियमावली और 2011 की जनगणना के आधार पर किया जाएगा। ओबीसी आरक्षण के लिए आयोग का इंतजार पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने से पहले पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन अनिवार्य है। आयोग को काम शुरू करने के बाद आरक्षण निर्धारण में कम से कम तीन महीने का समय लगेगा। सरकार की ओर से आयोग गठन की प्रक्रिया अभी लंबित है। यह विलंब आरक्षण प्रक्रिया की समय सीमा को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में सितंबर-अक्टूबर तक ही प्रक्रिया के शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। बदलेगा आरक्षित सीटों का नक्शा सूत्रों की मानें तो इस बार पंचायत चुनाव में आरक्षित सीटों का भूगोल काफी हद तक बदल जाएगा। आरक्षण का निर्धारण तय मानकों के अनुसार किया जाएगा, जिससे कई नए चेहरे सामने आ सकते हैं। इस बार ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत, एससी के लिए 20.69 प्रतिशत और एसटी के लिए 0.56 प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, गतिशक्ति, लखनऊ निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदाएं (सिंगल–पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | टेंडर सं. तारीख | SnT-GSU-MB-06-2025-26, 10.07.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | Provision of Double Distant in connection with Speed raising in Laksar (LRJ) - Haridwar (HW) section including the new section from Deoband (DBD) to Roorkee (RK) over Moradabad division. [मुरादाबाद मंडल पर लक्सर (LRJ)–हरिद्वार (HW) अनुभाग और रुड़की (RK)–देवबंद (DBD) अनुभाग में गति बढ़ाने के संबंध में डबल डिस्टेंस सिग्नल का प्रावधान] |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4. | विज्ञापित मूल्य (रु.) | रु. 3,89,24,561.37 /– (तीन करोड़ नवासी लाख चौबीस हजार पाँच सौ इकसठ रुपए सैंतीस पैसा मात्र) |
| 5. | अग्रिम राशि (रु.) | रु. 3,44,600 /– (तीन लाख चवालीस हजार छह सौ रुपए मात्र) |
| 6. | ऑफर की वैधता | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 7. | ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 21.07.2025 से 04.08.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदा दिनांक 04.08.2025 को 15:30 बजे खोली जाएगी। |
| 8. | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | निविदा दिनांक 10.07.2025 से 04.08.2025 को 15:00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी तथा ई–निविदा 21.07.2025 से 04.08.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। |

- ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है।
- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती हैं।
- मैन्युअल निविदाएँ स्वीकृत नहीं की जायेंगी।

सं.: Dy.CSTE/GSU/LKO/Publication-01/25-26 दिनांक: 10.07.2025 2097/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# आत्महत्या करने जा रहे युवक को पुलिस ने बचाया




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले की पुलिस नें मात्र 10 मिनट के अन्दर मौके पर पहुँच कर युवक की जान बचाई है ।यह मामला यूपी के आगरा के थाना शाहगंज के रहने वाले 20 वर्षीय युवक का है।जिसने अधिक मात्रा में दवाइयों को खाते हुए दिखाकर ह्लगुड बाय जानह्ल यह टेक्स्ट लिखकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। इसकी पोस्ट को देख मेटा कंपनी नें डीजीपी के सोशल मीडिया सेन्टर को ई-मेल के जरिए एलर्ट भेजा। जिसका तत्काल संज्ञान लेकर उच्चाधिकारियों को बताया गया।

डीजीपी राजीव कृष्ण नें एलर्ट पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये गये। इस पर मुख्यालय के सोशल मीडिया सेन्टर नें मोबाइल नम्बर के आधार पर तत्काल युवक की लोकेशन की जानकारी करके जनपद आगरा को प्रकरण से अवगत कराया गया ।इस पर थाना शाहगंज के उप निरीक्षक मात्र 10 मिनट के अंदर युवक के घर पहुंच गए एवं परिजनों से तत्काल युवक की जानकारी प्राप्त कर उपनिरीक्षक तत्काल परिजन को लेकर युवक के कमरे में पहुंचे। जहां युवक जोर-जोर से कुछ चिल्ला रहा था। उप निरीक्षक नें परिजनों के सहयोग से युवक को अविलम्ब घरेलू प्राथमिक उपचार कराकर नजदीकी चिकित्सक के पास ले गये। जहाँ पर उपचार के उपरान्त युवक की स्थिति सही होने पर घर लाया गया। युवक के सामान्य होने पर उप निरीक्षक द्वारा उससे जानकारी की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि वह घर में 5 बहनों के बीच इकलौता लड़का है, पिता लेबर का काम करते है तथा वह भी मजदूरी करता है। पिता द्वारा घर में रोज गृहक्लेश किया जाता है और उससे भी झगडा करते है, इन्ही कारणों से मानसिक रूप से परेशान होकर अवसाद में युवक द्वारा आत्महत्या करने के उद्देश्य से ऐसा कदम उठाया गया। पुलिस नें समय से पहुँच कर युवक को आत्महत्या करने से रोका गया एवं काउन्सलिंग की गयी, जिसपर युवक नें भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने का आश्वासन दिया गया। युवक के परिजनों नें स्थानीय थाने के पुलिसकर्मियों की तत्परता तथा उनके सहयोग हेतु उ0प्र0 पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

## चिनहट में मजदूर ने लगायी फांसी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट कोतवाली के कंचनपुर मटियारी बृजमोहन पुरी कॉलोनी में एक मजदूर ने घरेलू कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी से विवाद हुआ था। सूचना पर कर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद भेज दिया है।

मूल रूप से बृजेपुरवा थाना मसौली जनपद बाराबंकी का रहने वाला विपिन कन्नौजिया (30) पुत्र ढूंढे कनौजिया चिनहट के कंचनपुर मटियारी में पिंकेश कुमार यादव के मकान में किराए पर रहता था। यही पर रहकर वह मजदूरी करके जीवन यापन करता है। उसकी पत्नी संजू ने पुलिस को बताया कि 2-3 दिनों से वह मुझे



बहुत मार पीट रहा था। कल भी मुझे मार पीटकर भगा दिया था। संजू अपने माइके ग्राम बड़ी कैथी थाना देवा जनपद बाराबंकी चली गई थी। मकान मालिक ने संजू को विपिन के फांसी लगा लेने की जानकारी दी। शुक्रवार को वह अपने रूम का दरवाजा बंद कर पंखे की कुंडी से सहारे फांसी पर लटक गया। जब तक उसे लोहिया अस्पताल ले जाया गया तब तक देर हो चुकी थी।

## वांछित चल रहे शातिर अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ कर भेजा जेल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक बीते दिनों पुलिस आयुक्त द्वारा भेजे गए गैंगस्टर चार्ट की जांच की गई तो पता चला कि बाजार खाला के दरियापुर निवासी अमित वर्मा ने एक गिरोह बना रखा है। इस गिरोह में शामिल बाजार खाला के दरियापुर निवासी राजेंद्र रावत, ठाकुरगंज के अशोकनगर, काला पहाड़ निवासी गोविंद कुमार रावत, बाजार खाला के ही दरियापुर में रहने वाला सुभाष कुमार रावत, काकोरी के मुजफ्फरनगर चौधरी खेड़ा निवासी नवीन राजपूत और बाजार खाला के ही दरियापुर निवासी काशी उर्फ उमेश आर्थिक, भौतिक और बुनियादी लाभ के लिए गिरोह बनाकर लूटपाट व चोरी आदि जैसी गंभीर घटनाओं को अंजाम देते हैं। इनके कारनामों से लोगों में भय का माहौल है, लोग इनके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। जांच में यह पाए जाने के बाद बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बीती 20 जून को उक्त आरोपियों के खिलाफ बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस टीम गठित कर उनकी तलाश शुरू की गई। जिसके तहत काकोरी के मुजफ्फरनगर चौधरी खेड़ा निवासी गैंग सदस्य नवीन राजपूत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। जबकि गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त नवीन राजपूत के खिलाफ बंथरा के अलावा उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाने में भी अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले तीन गिरफ्तार




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) नें अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को फ्लैट नंबर-09, अशोका अपार्टमेंट, गणेश विहार कॉलोनी तकरोही, थाना इन्दिरानगर से गिरफ्तार किया ।पकड़े गये हर्षित राय उर्फ लक्की निवासी 309 अशोका अपार्टमेंट, तकरोही, थाना इन्दिरा नगर, लखनऊ मूल पता ग्राम कुरौली, पोस्ट गोठा, थाना दोहरीघाट, जनपद मऊ व सुधांशु राय उर्फ बिट्टू निवासी ग्राम व पोस्ट सोनवानी, थाना करीमुद्दीनपुर, जनपद गाजीपुर व सुधांशु राय निवासी ग्राम गौरीडीह, पोस्ट पुरूंगा, थाना दोहरीघाट, जनपद मऊ के पास से दो सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल व तीन कारतूस बरामद हुआ ।एसटीएफ के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों का अन्तर्राज्यीय स्तर पर एक संगठित गिरोह है, जो अवैध शस्त्रो की तस्करी करता है। वह बिहार व मध्यप्रदेश जहाँ पर अवैध रूप से पिस्टलों का निर्माण किया जाता है, से प्रति पिस्टल रू0 25 हजार में खरीदकर उ०प्र० के विभिन्न जनपदों तथा अन्य प्रदेशों में 40 से 50 हजार रुपए प्रति पिस्टल के हिसाब से बेचता है। पूर्व में भी ये लोग कई बार अवैध पिस्टल लाकर सप्लाई कर चुकें हैं ।पकड़े गये आरोपियों को राजधानी के थाना इन्दिरानगर में दाखिल कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मोहम्मद आजाद सुत मोहम्मद शरीफ दर्ज है जबकि मेरे आधार एवं हाई स्कूल के अंक पत्र में आजाद सुत मोहम्मद शरीफ दर्ज है जो दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं अर्थात आधार कार्ड व अंक पत्र दोनों सही है। अब मुझे भविष्य में आजाद के नाम से ही जाना वह पहचान जाए। **आजाद सुत मोहम्मद शरीफ नि.- सैंठा, थाना व तहसील गौरीगंज जिला अमेठी।**

## घर में घुसकर वृद्धा को पीटा

**लखनऊ।** आलमबाग थाना क्षेत्र के पुराना सरदारी खेड़ा में एक दलित वृद्ध विधवा और उसके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 9 जुलाई की रात करीब 11:30 बजे की है। कोरियाना में रहने वाली विधवा बिरजा देवी के अनुसार, मोहल्ले के अज्जू यादव, मन्ना, सुरेन्द्र कुमार और अज्जू यादव के किरायेदारों ने उनके घर में जबरन प्रवेश किया। आरोपियों ने गेट तोड़कर घर में घुसे और जातिसूचक गालियां दीं जब बिरजा देवी के बेटे ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी, डंडों और बेल्ट से हमला कर दिया। इस हमले में वृद्धा की कमर में चोट आई और हाथ फ्रैक्चर हो गया।

## कुल्हाड़ी से दो लोगों पर हमला

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के जैतीखेड़ा में रात करीब 12 बजे जमकर मारपीट हुई. इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की ओर से रेनू ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गया और गणेश, कृष्ण , कुसुम और चंद्र किरण ने उनके पति रामू और देवर दिनेश कुमार पर हमला कर दिया।

# रिटायर्ड सीएमएओ से 3.25 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर ठगों ने रिटायर्ड सीएमओ को झांसा देकर सवा तीन लाख रुपए ठग लिए हैं। साथ ही अपर आबकारी आयुक्त समेत कई लोगों से केएपी ग्लोबल इंवेस्टमेंट कंपनी ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 4.41 करोड़ रुपए ठगे। ठगों ने निवेश के नाम पर 120 दिन में 20 प्रतिशत फायदा देने का दावा किया था। पीड़ितों की तहरीर पर विभूतिखंड पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

गोमतीनगर विक्रांत खंड निवासी रिटायर्ड सीएमओ अनूप कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि दिसंबर 2021 में परिचित उमेश ने केएपी ग्लोबल इंवेस्टमेंट कंपनी के निदेशक कुणाल मेहता से मुलाकात करवाई थी। उसने मुलाकात के दौरान कहा कि कंपनी के शेयर में निवेश करने पर 120 दिन में 20 प्रतिशत तक मुनाफा दिया जाएगा। उनकी बातों में आकर 1.38 करोड़ रुपए निवेश किए। यही नहीं पत्नी अर्चना, बेटे अचिंत, भतीजे संदीप कुमार और रिश्तेदार राजीव ने भी 1.87 करोड़ के करीब निवेश किए थे। 2024 में बेटी की शादी के समय रुपए वापस मांगने पर आरोपी मुकर गए। इस तरह इन लोगों ने करीब 3.25 करोड़ रुपए की




धोखाधड़ी की।

गोमतीनगर के एल्डिको ग्रीन निवासी अपर आबकारी आयुक्त राजेंद्र प्रकाश सक्सेना के साथ भी केएपी ग्लोबल इंवेस्टमेंट कंपनी ने ठगी की। उनका कहना है कि कुछ महीनों पहले कार बेचने के दौरान के निदेशक कुणाल मेहता से बात होती थी। इस दौरान उसने केएपी ग्लोबल इंवेस्टमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नाम से एल्डिको कॉरपोरेट टॉवर विभूतिखंड में शेयर ट्रेडिंग कंपनी होने की बात कही। जिसमें निवेश पर 20 प्रतिशत फायदे की बात कही। जिसके फर्जी दस्तावेज भी दिखाए। उसकी बातों में आकर 2024 में 25 लाख रुपए खुद और उनकी पत्नी के नाम 10 लाख रुपए निवेश किए। भरोसा जीतने के लिए उसने 20 प्रतिशत तिमाही के तौर पर 76 हजार रुपए दिए। जिसके चलते बेटे विनायक के नाम भी 12.50 लाख रुपए निवेश कर दिए। इसी दौरान कुणाल ने हिमाद्री स्पेशियलिटी केमिकल्स लिमिटेड में निवेश पर 120 दिन में 18 प्रतिशत लाभ की बात कही। उसके कहने पर उसमें भी 30 लाख रुपए और निवेश कर दिए थे। समय पर ब्याज न मिलने पर तगादा किया। इस पर टालमटोल करने लगा। इस तरह कुल 77.50 लाख रुपए ठग लिए।

**निवेश के नाम पर पैसे लेने के बाद नहीं किए वापस:** डालीगंज के केसरीपुर निवासी सुरेंद्र कुमार अग्रवाल का आरोप है कि अक्टूबर 2024 में 10 लाख रुपए कंपनी में निवेश किए। कंपनी निदेशक ने 120 दिन में 20 प्रतिशत फायदे का जाली एग्रीमेंट दिया, लेकिन अब पैसे नहीं दे रहे। इसी तरह जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-एफ स्थित रोहित ग्रैंड सोसाइटी निवासी मयंक शुक्ला का आरोप है कि कंपनी ने शेयर में निवेश के नाम पर 15.91 लाख रुपए ठग लिए। दूसरी तरफ कंपनी में ही काम करने वाली अलीगंज के विष्णुपुरी निवासी हिमांशी मिश्रा ने बताया कि केएपी ग्लोबल में अप्रैल 2024 में एचआर मैनेजर और सहायक निदेशक के पद पर नौकरी शुरू की थी। चार माह बाद उन्हें प्रमोशन देकर एसोसिएट निदेशक बना दिया गया। निदेशक कुणाल के कहने पर 12 लाख का शेयर में निवेश किया था। नौकरी छोड़ने पर पैसे की मांग की तो पहले जल्द ही रुपए देने का आश्वासन दिया। बाद में इनकार कर दिया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कुणाल मेहता, समीर अहमद, अभिषेक बाजपेयी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल, भर्ती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में उल्टी साइड से आ रही तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल सवार युवक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, साइकिल सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई ।सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के सूरजपल्ली निवासी जितेंद्र कुमार गौतम का कहना है कि 21 मई को उनके पिता बुद्धीलाल सुबह 8:30 बजे साइकिल से ड्यूटी जा रहे थे। तभी गौरी स्थित श्याम नर्सरी के सामने उल्टी साइड से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे साइकिल सहित उनके पिता गिर गये और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। पीडित का कहना है कि साइकिल से गिरने के बाद वह बेहोश हो गए और उन्हें एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। फिर के. के. अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया है । पीड़ित का कहना है कि मोटरसाइकिल वढ 32 ठ 7177 के चालक का कहना था कि वह कहीं भी कोई शिकायत ना करें, इलाज और साइकिल में जो खर्चा आएगा वह सब मिलाकर 25000 रुपये दे देगा ।जिससे नई साइकिल भी मिल जाएगी और इलाज भी हो जाएगा, लेकिन वह ना तो पैसे दे रहा है और ना ही साइकिल बनवा रहा है । पीडित ने इसकी शिकायत सरोजनीनगर थाने में की सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है ।

## विधवा से रेप का प्रयास

**लखनऊ।** पारा इलाके में रहने वाली एक विधवा ने अपने देवर पर रेप के प्रयास का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि ससुराल वाले पहले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसी बीच पति की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जिसके बाद उन्होंने प्रापर्टी में हिस्सा न देना पड़े इसलिए मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़िता के मुताबिक 29 नवंबर 2020 को पारा के विक्रम नगर निवासी एक युवक से शादी हुई थी। शादी के बाद ससुराल वाले दहेज में कार देने के लिए प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न कर घर से निकला दिया। मायके वालों ने ससुराल वालों से बातचीत कर फिर से ससुराल भेजा। 8 दिसंबर 2023 को पति की हार्ट अटैक से मौत हो गयी, जिसके बाद उसके ससुराल वाले देवर के लिए कार और पांच लाख रुपए की मांग करने लगे। इसको लेकर रोज मारपीट करते और कमरे में बंद रखते। 6 जनवरी 2024 को देवर ने रात को कमरे में घुसकर रेप की कोशिश की। शोर मचाने पर परिजनों ने एकत्र होकर मारपीट की और घर से निकाल दिया। उसके बाद घर पर ताला लगाकर नोएडा भाग गए। पारा पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता के मामले में अब पुनर्विचार याचिका दाखिल

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में शुक्रवार राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता मामले में एक पुनर्विचार याचिका दाखिल की गयी। याची एस विग्नेश के अनुसार उन्होंने शुक्रवार को उक्त पुनर्विचार याचिका दाखिल की है जिसमें लंदन, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के वीडियो सहित अन्य साक्ष्य भी दाखिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि 5 मई को मूल याचिका को निस्तारित करते हुए, न्यायालय ने याची को छूट दी थी कि वह अन्य विधिक वैकल्पिक उपाय अपना सकता है। यह आदेश न्यायालय ने केंद्र सरकार की ओर से आये इस जवाब के बाद दिया था कि याची द्वारा की गई शिकायत के निस्तारण के लिए कोई समय सीमा नहीं बतायी जा सकती है, क्योंकि यूनाइटेड किंगडम से जानकारियाँ मांगी गई हैं और उनके द्वारा मांगी गई जानकारियां देने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर का कहना है कि उन्होंने शुक्रवार को हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में पुनर्विचार याचिका दाखिल की है, हालांकि रजिस्ट्री ने सुनवायी के लिए अभी याचिका को पास नहीं किया है। रजिस्ट्री से पास होने के बाद ही कोई भी याचिका कोर्ट के समक्ष सुनवायी के लिए पेश की जाती है।

## यूपी बार काउंसिल, सेंट्रल बार व राज्य सरकार को हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**लखनऊ।** कैसरबाग स्थित पुराने हाईकोर्ट परिसर में वकीलों के लिए आवंटित एक चैंबर में विवाह केंद्र चलाने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट प्रशासन, यूपी बार काउंसिल, सेंट्रल बार एसोसिएशन, व राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने मामले में इन सभी को अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है तथा अगली सुनवाई के लिए 22 जुलाई की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान याचिका पर पारित किया। उल्लेखनीय है कि एक आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में आया की कैसरबाग स्थित पुराने हाईकोर्ट परिसर में वकीलों के लिए आवंटित एक चैंबर में विवाह केंद्र चलाया जा रहा है। न्यायालय ने पुलिस द्वारा दी गई रिपोर्ट के अवलोकन पर पाया कि उक्त चेंबर में बाकायदा तरण द्वारा बनाकर फूल से सजावट की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने इसे स्वतः संज्ञान याचिका के तौर पर दर्ज करने का आदेश दिया था। जिसके बाद यह मामला आज न्यायालय में असेवरी एक्टिविटीज बीइंग अंडरटेकिंग बाय एडवोकेट्स इन डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन्स जजशिप टाइटल के साथ सुनवाई के लिए प्रस्तुत हुआ था। सुनवाई करते हुए न्यायालय ने पाया कि मामले में हाईकोर्ट प्रशासन, बार काउंसिल आफ उत्तरप्रदेश, सेंट्रल बार एसोसिएशन व राज्य सरकार का पक्ष जानना आवश्यक है इन सभी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

## भातखंडे विवि का डिग्री, डिप्लोमा कोर्स का प्रवेश परीक्षा रिजल्ट जारी

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत डिग्री व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए दो से पांच जुलाई तक आयोजित साक्षात्कार में उत्तीर्ण अभ्यर्थियो के प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी 30 जुलाई तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेब साइट के जरिए अपना शिक्षण शुल्क ऑनलाइन जमा कर कक्षा में पंजीकरण कर सकते हैं। सांरगी, सरोद व पखावज के विद्यार्थियो को निर्धारित शुल्क का 50 फीसदी शिक्षण शुल्क जमा करना होगा। एक बार शिक्षण शुल्क जमा होने के बाद वापस नहीं होगा। डिग्री पाठ्यक्रम के अभ्यर्थी शिक्षण शुल्क जमा करके प्रिन्ट आऊट के साथ टीसी या माइग्रेशन सर्टिफिकेट की मूल प्रति जमा करें।

**कार्यालय नगर पंचायत चुर्क-घुर्मा, सोनभद्र**

पत्रांक : 95/E-Tender/2025-26, दिनांक : 11.07.2025

**ई-टेण्डरिंग सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों/सार्वजनिक संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनाओं जैसे-नगरीय सेवायें और अवस्थापना विकास परियोजनाएं (मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना CM-VNY) एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना तथा अन्य योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्य के लिए दिनांक-12.07.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे से वेबसाईट पर http://etender.up.nic.in पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की समस्त अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट http://etender.upnic.in पर दिनांक : 10.07.2025 से दिनांक 04.08.205 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी तथा टेक्निकल दिनांक 04.08.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे से ई-निविदा खोली जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत चुर्क-घुर्मा**
**सोनभद्र**

**मीरा देवी**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत चुर्क-घुर्मा, सोनभद्र**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरैंया विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक- 11.07.2025

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सरैंया के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 18.07.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | सीमेन्ट बैग | गिट्टी | मौरंग | सरिया |
| 1 | ग्राम पंचायत सरैंया में उचित दर दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 3.29 घन मी. | 17452 नग | 1.06 घन मी. | 244 बैग | 21.56 घन मी. | 21.19 घन मी. | 12.41 कुं. |

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत सरैंया के कार्यालय में 12.07.2025 से 18.07.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत सरैंया के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 12.07.2025 से दिनांक 18.07.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत सरैंया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 18.07.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**सुशीला**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सरैंया**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**उदय प्रताप सिंह**
**ग्रा.पं.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सरैंया**
**विकास खण्ड धौरहरा**

# विद्या वही जो जीभ पर नर्तन करें : श्रीधर

- अखिल भारतीय साहित्य परिषद महानगर लखनऊ ने मनाया गुरुपर्व

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साहित्यकार के लेखन का पाठक तक पहुंच कर क्या परिणाम आ रहा है, यह देखना भी साहित्य रचने वालों का काम है।

उक्त विचार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद महानगर लखनऊ द्वारा आयोजित समारोह में श्रीधर पराड़कर ने गुरु शब्द की विशद विवेचना करते हुए सृजनविहार गोमतीनगर में व्यक्त किए। संचालन कर रही डा.ममता पंकज की वाणी वंदना और राजीव वत्सल के द्वारा परिषद गीत से प्रारम्भ कार्यक्रम में श्री पराड़कर ने कहा कि वेदव्यास की स्मृति में गुरु पूर्णिमा पूर्व मनाते हैं। गुरु के सामने समर्पण ही करना पड़ता है। शब्द ब्रह्म है। शब्द का प्रयोग ब्रह्म की तरह ही होना चाहिए। गुरु शब्द हर किसी के लिये प्रयोग नहीं करना चाहिए। गुरु शब्द शिक्षक से सर्वथा अलग है। गुरु का शाब्दिक अर्थ 'भारी भी' है। आपका गुरु आपको वांछित केन्द्र तक पहुंचाता है। सनातन में जीवन जन्म और मृत्यु तक सीमित नहीं, पूर्वजन्म, पुनर्जन्म और प्रारब्ध तक विस्तार लिये हुए है। साहित्यकारों को शब्द साधना पर ध्यान देने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि वीर सावरकर ने शहीद के समतुल्य बलिदान को न रखते हुए हुतात्मा शब्द दिया। उन्होंने कहा कि हम इस तरह ज्ञान अर्जित करें कि विद्या जीभ पर नर्तन करती रहनी चाहिए। इससे पूर्व विशिष्ट अतिथि पवन पुत्र बादल और प्रांतीय अध्यक्ष विजय त्रिपाठी व इकाई अध्यक्ष निर्भय नारायण गुप्त ने गुरु महिमा का बखान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चन्द्र त्रिवेदी मधुपेश ने कहा कि स्वयं को गुरु मान कर लिखना चाहिए। यहां राजवीर रतन को मीडिया प्रमुख बनाने की घोषणा की गयी। साथ ही पुस्तक घुमंतुओं की लेखनी और प्रचारक परम्परा पर श्रीधर पराड़कर के लिखे उपन्यास तत्वमसि के अंशों का पाठ भी हुआ। इस अवसर पर हरिनाथ शिदे, संजीव श्रीवास्तव, मनमोहन बाराकोटी, कुँवर वीर सिहँ मार्तण्ड, रविन्द्रनाथ तिवारी, विजय प्रसाद, डा.बलजीत कुमार श्रीवास्तव, ज्योति किरन रतन आदि भी उपस्थित रहे।




**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

**ई- निविदा सूचना दिनांक : 07.07.2025**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. ई - निविदा संख्या 40 एच (एफ) (कार्य) / 2025 - 26 : प्रभारी निरीक्षक प्रवर्तन दल, अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 24 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 6000.00।

**ई-निविदा की अंतिम तिथिः 21 जुलाई 2025 17.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें''
(पत्रांक 5434 / दि. 06.07.2025)

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या**


सावन के पहले दिन मनकामेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करते पुजारी


शहर के मनकामेश्वर में प्रार्थना करते श्रद्धालु



महाकाल मंदिर में रुद्राभिषेक करते भक्तगण

सभी फोटो- अमित वर्मा

# सावन के पहले दिन भक्तों ने किये भोलेनाथ के दर्शन, की पूजा-अर्चना





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज सावन के पहले दिन मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। मंदिरों में हर तरफ हर हर महादेव का जयघोष गूंज रहा था। बड़ी संख्या में श्रद्धालओं ने भोले बाबा मंदिर में भांग-धतूरा, बेलपत्र व फल-फूल अर्पित कर दूध व जल से अभिषेक कर मत्था टेका और मंगल कामना की। बड़ी संख्या में भक्त बाबा के दरबार में हाजिर हुए और अपनी आस्था व श्रद्धा निवेदित की।

उत्साह और उल्लास के साथ शहर वासियों ने सावन का स्वागत किया। शहर के शिव मंदिर रंग और रोशनी से जगमगा रहे हैं। गुरुवार से भगवान शिव के प्रिय मास सावन की शुरूआत हो गई। सावन मास 31 अगस्त तक रहेगा। भोर से ही मंदिरों के कपाट खुलने के साथ ही श्रृंगार और रुद्राभिषेक शुरू हो गए। शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक और पूजा अर्चना कराने के लिए बुकिंग फुल है। डालीगंज का मनकामेश्वर मंदिर सुबह पांच बजे भक्तों के लिए खोल दिया गया। राजेंद्र नगर के महाकाल मंदिर के कपाट भोर चार बजे खुले। चौक के कोनेश्वर महादेव मंदिर, रानी कटरा स्थित शिवालयों में भी सावन मास भर रुद्राभिषेक चलेगा। सावन के पहले दिन यहां सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास में लगने वाले ऐतिहासिक सावन मेला की रौनक देखते ही बन रही। झूले लगे हुए हैं। हालांकि, मेले की शुरूआत बुधवार से होगी। सोमवार को बाबा का श्रृंगार भांग से होगा और बुधवार को खोवा से बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। सावन भर यहां जलाभिषेक के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। यहां सावन मास भर मेला लगेगा। चौक के कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में उज्जैन की तर्ज पर पूजा अर्चना की जा रही है। महंत विशाल गौड़ के अनुसार, सावन भर शाम आठ से रात दस बजे तक हर दिन रुद्राभिषेक होगा। सावन के पहले दिन इंदिरानगर के मानस विहार स्थित शिव मंदिर में भी सुबह-सुबह श्रद्धालुओं का हुजूम दिखायी दिया।

**बाबा श्री सिद्धनाथ मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शिव की कृपा से शुभ संवत नल नामक श्रावण मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि मंगलवार को बाबा श्री सिद्धनाथ मंदिर हाल नादान महल रोड में सुबह 11 बजे से 14वां रुद्राभिषेक 25 चौकियों पर शिव परिवार के साथ 55 सौ रूद्र विराजमान कर शिव भक्तों ने पूजा की। आयोजक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि प्रमुख आचार्य ने हर हर महादेव के मंत्र उच्चारण के भद्रम करणेभि के मंत्र से अपने 8 सहयोगियों के साथ वैदिक मंत्रों के द्वारा रुद्राभिषेक पूजा प्रारंभ की।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऋषिकेश हरिद्वार से 1000लीटर गंगाजल लाकर भगवान शिव का अभिषेक किया गया साथ में दूध दही घी शहद शर्करा गन्ने का रस कुसोदक गंगाजल इन वस्तुओं से भी अभिषेक किया गया। आचार्य शिव शंकर पांडे ने बताया कि ध्यान आसन प्राणायाम पुण्यावाचन आवाहन के पश्चात भगवान को स्नान से लेकर षोडसोपचार पूजन किया गया तत्पश्चात भगवान शंकर का श्रंगार किया गया।

**सावन के लिए तैयार हुआ चांदी का शिवलिंग :** सावन शुरू होने से पहले ही बाजारों में इसकी रौनक दिखने लगी है। बाजार में इस बार चांदी के कई गहने ऐसे हैं जो सावन में शिव पूजा के दौरान काम आ सकते है। सराफा कारोबारी विनोद माहेश्वरी ने बताया कि इस बार सावन में चांदी के बेलपत्र, नाग नागिन, चंद्रमा मोती जो रुद्राभिषेक में चढ़ते हैं उसको तैयार किया गया हे। उन्होंने बताया कि चांदी के शिवलिंग हर साइज के तैयार किए गए हैं। इसके अलावा स्फटिक की माला पारे का शिवलिंग पारे का नंदी भी इस बार विशेष तैयार किया गया है। विनोद माहेश्वरी ने बताया कि 24 कैरेट गोल्ड पॉलिश पर चांदी का काम बढ़िया से किया गया है। भगवान को मंदिर में रखने के लिए महाकाल एवं शिव परिवार की मूर्ति सुंदर.सुंदर रूपों में तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि चांदी के नाग-नागिन, बेलपत्र एवं त्रिशूल की कीमत 500 से 1100 तक है। चरण पादुका 500 से 1200 तक की गई है। उन्होंने बताया कि शिवलिंग 3000 से 15000 नंदी व शिवलिंग 10000 रुपए तक आ रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इसमें तेजी से बिक्री होगी। सवान में लखनऊ में करीब 500 किलो चांदी की बिक्री होती है। मंदिर में लोग दान करते हैं।

## मनकामेश्वर में लगे बम-बम भोले के जयकारे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सावन के पहले दिन मनकामेश्वर मठ मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार दिखायी दी। हर कोई महादेव के जयकारे लगाते हुए दर्शन के लिए आतुर दिखायी दिया। सावन के पहले दिन डालीगंज आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित प्राचीन श्रीमनकामेश्वर मंदिर में सुबह ही शिवार्चन शुरू हो गया। सैकड़ो की संख्या में भक्त यहां दर्शन के लिए आए। मंदिर में शाम चार से सात बजे की बीच ओम्‌ नमः शिवायः महामंत्र का जाप हुआ। मंदिर की महंत देव्यागिरी महाराज ने विधि.विधान से पूजन कर जप शुरू कराया। वह स्वयं भी जप में बैठी। इसके अलावा मंदिर के अन्य कार्यकताओं ने जप किया। इससे पहले मुख्यकार्यकर्ता उपमा पाण्डेय सहित अन्य भक्तों ने रंगोली सजाई। भगवान भोलेनाथ की पतिमा स्थापित की। मंदिर की श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज ने बताया कि कोई भक्त इसमें शामिल हो सकता है। यह लोक मगंल के कल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है। सावन के पहले दिन शाम को महंत ने भगवान शिव की आरती की। आरती के समय भक्तों का हुजूम दिखायी दिया।

# सावन मास का पहला मंगला गौरी व्रत 15 को



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इस साल सावन में पहला मंगला गौरी व्रत 15 जुलाई को रखा जाएगा। मंगला गौरी व्रत का हिंदू धर्म में विशेष स्थान है। पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं मंगला गौरी व्रत रखती हैं।

सावन मास में आने वाले मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। इसमें महिलाएं स्नान आदि के बाद मां गौरी की पूजा अर्चना करते हैं और शाम को चांद के दर्शन करने के बाद ही व्रत को खोला जाता है। मंगला गौरी सावन मास में रखा जाता है। साल 2025 में सावन का महीना 11 जुलाई से शुरू हो रहा है और 9 अगस्त तक चलेगा। जिस प्रकार सावन का महीना भगवान भोलेनाथ को समर्पित होता है और सावन के प्रत्येक सोमवार को भोलेबाबा का विशेष रूप से पूजा होती है, ठीक उसी तरह सावन का प्रत्येक मंगलवार मां गौरी की पूजा के लिए खास होता है। इस दिन मंगला गौरी व्रत रखा जाता है और मां का विशेष पूजन होता है।

**मंगला गौरी व्रत का महत्व:** मान्यता है कि मंगला गौरी व्रत हिंदू महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सौभाग्य के लिए रखती हैं। कथा कहती है कि मां पार्वती ने भगवान शिव का प्रेम और आशीर्वाद पाने के लिए यह व्रत किया था। मंगला गौरी व्रत रखने से वैवाहिक जीवन में खुशियां और सुख समृद्धि आती है। पति, बच्चों समेत पूरे परिवार की रक्षा होती है। मंगला गौरी व्रत रखने वाली महिलाएं इस दिन फल, दूध आदि का सेवन कर सकती हैं। और शाम को चंद्रमा के दर्शन और पूजन के बाद व्रत खोलती हैं।

**मंगला गौरी व्रत की पूजा विधि:** श्रावण मास के मंगलवार के दिन ब्रह्म मुहूर्त में जल्दी उठें। नित्य कर्मों से निवृत्त होकर साफ-सुथरे धुले हुए अथवा नए वस्त्र धारण कर व्रत करें। मां मंगला गौरी (पार्वती जी) का एक चित्र अथवा प्रतिमा लें। फिर निम्न मंत्र के साथ व्रत करने का संकल्प लें। तत्पश्चात मंगला गौरी के चित्र या प्रतिमा को एक चौकी पर सफेद फिर लाल वस्त्र बिछाकर स्थापित किया जाता है। प्रतिमा के सामने एक घी का दीपक (आटे से बनाया हुआ) जलाएं। दीपक ऐसा हो जिसमें 16 बत्तियां लगाई जा सकें। फिर 'कुंकुमागुरुलिप्तांगा सर्वाभरणभूषिताम्‌। नीलकण्ठप्रियां गौरीं वन्देहं मंगलाह्वयाम्‌...। यह मंत्र बोलते हुए माता मंगला गौरी का षोडशोपचार पूजन करें। माता के पूजन के पश्चात उनको (सभी वस्तुएं 16 की संख्या में होनी चाहिए) 16 मालाएं, लौंग, सुपारी, इलायची, फल, पान, लड्डू, सुहाग की सामग्री, 16 चूड़ियां तथा मिठाई अर्पण करें। इसके अलावा 5 प्रकार के सूखे मेवे, 7 प्रकार के अनाज-धान्य (जिसमें गेहूं, उड़द, मूंग, चना, जौ, चावल और मसूर) आदि चढ़ाएं। पूजन के बाद मंगला गौरी की कथा सुनी जाती है। इस व्रत में एक ही समय अन्न ग्रहण करके पूरे दिन मां पार्वती की आराधना की जाती है। शिवप्रिया पार्वती को प्रसन्न करने वाला यह सरल व्रत करने वालों को अखंड सुहाग तथा पुत्र प्राप्ति का सुख मिलता है।

### कब-कब पड़ेगा मंगला गौरी व्रत

- पहला मंगला गौरी व्रत - 15 जुलाई
- दूसरा मंगला गौरी व्रत - 22 जुलाई
- तीसरा मंगला गौरी व्रत - 29 जुलाई
- चौथा मंगला गौरी व्रत - 5 अगस्त

## 442वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत पॉयनियर मॉन्टेसरी स्कूल, लखपेड़ा बाग के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 442वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव ने अपने दिवंगत जीवन साथी स्व. विकास श्रीवास्तव की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिका मिश्रा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह, डॉ. नीलम गुप्ता, श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव तथा पॉयनियर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीके तिवारी, संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिका मिश्रा, संस्थान के प्रबन्धक श्री बृजेन्द्र सिंह सहित शिक्षक शिक्षिकायें एवं छात्रगण मौजूद थे।

## नारायण सेवा संस्थान की ओर से निःशुल्क कृत्रिम अंग माप शिविर कल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त उदयपुर स्थित नारायण सेवा संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु दूसरा नारायण कृत्रिम अंग माप शिविर रविवार, 13 जुलाई को लखनऊ के दयाल गेटवे होटल, किसान बाजार,विभूति खंड, गोमती नगर में प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी कि इस शिविर में ऐसे दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जाएगा जिन्होंने हादसे या बीमारी के कारण हाथ-पैर गंवाए हैं, या जिनके पुराने कृत्रिम अंग अब अनुपयुक्त हो गए हैं। उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले हल्के व टिकाऊ 'नारायण लिम्ब' हेतु माप दिया जाएगा, जिसके आधार पर अगले शिविर में निःशुल्क फिटमेंट किया जाएगा। पिछले शिविर में 600 से अधिक दिव्यांग लाभान्वित हुए थे। इस बार का शिविर मेक ए चेंज फाउंडेशन यूके, गोल्डन जुबली और श्री स्वामीनारायण मंदिर विल्सडन यूके के सहयोग से आयोजित हो रहा है। शिविर प्रभारी हरिप्रसाद लड्ढा ने बताया कि शिविर में आने वाले सभी लाभार्थियों एवं परिजनों को निःशुल्क भोजन, चाय व अल्पाहार भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर रमेश शर्मा, बद्रीलाल शर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों की उपस्थिति में शिविर का पोस्टर भी जारी किया गया। निदेशक भगवान गौड़ ने लखनऊ व आसपास के दिव्यांगजनों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। लाभ के लिए आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाएं।

## उपाध्याय श्री 108 आदीश सागर जी मुनिराज करेंगे चातुर्मास

- डालीगंज जैन मन्दिर में चातुर्मास 13 से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्रावण कृष्ण एकम, शुक्रवार को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर डालीगंज मे उपाध्याय श्री 108 आदीश सागर जी मुनिराज के सानिध्य मे शुक्रवार को वीर शासन जयंती का पर्व मनाया गया। मुनि श्री ने अपने प्रवचन मे बताया की आज ही के दिन भगवान महावीर स्वामी की प्रथम देशना हुई थी।

मीडिया प्रभारी पार्श्वकुमार जैन ने बताया कि 13 जुलाई, दिन रविवार को प्रातः 8:30 बजे श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के अंतर्गत, सभा अध्यक्ष विनय कुमार जैन की अध्यक्षता मे उपाध्याय श्री आदीश सागर जी मुनिराज का 17वॉ चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह मनाया जाएगा। पार्श्व कुमार ने बताया कि उपाध्याय श्री बहुत ही सरल स्वभाव के होने के शास्त्र एवं अध्यात्म के विशेष जानकार भी है। उपाध्याय श्री ने वर्ष 2008 मे वैराग्य धारण



किया और आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज से दिगम्बर दीक्षा धारण की। लखनऊ समाज के लिए बड़े पुण्य का अवसर है, जो की प्रथम बार उनका सानिध्य लखनऊ जैन समाज को प्राप्त हो रहा है। चातुर्मास स्थापना के बाद जैन मुनिराज चार माह के लिए किसी अन्य शहर के लिए विहार नहीं करते है। चातुर्मास निष्ठापन दीपावली के अवसर पर भगवान महावीर निर्वाण पर होता है।

## स्वच्छता के रंग, बच्चों के संग में बच्चों का दिखा उत्साह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ललित कला अकादमी निरंतर कला और कलाकारों के प्रोत्साहन एवं विकास के लिए कला की गतिविधियां करती आ रही हैं। जिसमें प्रमुख रूप से कलाकारों के लिए कार्यशाला के माध्यम से कार्य करने हेतु अवसर प्रदान करना, कला शिविर, प्रदर्शनी, छात्रवृत्ति इत्यादि सम्मिलित है।

ललित कला अकादमी, क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत एक दिवसीय चित्रकला कार्यशाला ह्यस्वच्छता के रंग, बच्चों के संगह्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चित्रकला कार्यशाला का उद्घाटन कार्यक्रम के श्री ओम प्रकाश, निदेशक एवं राजभाषा अधिकारी तथा सदस्य सचिव, नराकास (कार्यालय-2) भा.भू.स, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ व विशिष्ट अतिथि डॉ. मिथिलेश तिवारी, उपाध्यक्ष, बिरजू महाराज कथक संस्थान, लखनऊ एवं श्रीमती विभा सिंह, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ द्वारा डॉ0 देवेन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्रीय सचिव, क्षेत्रीय केन्द्र की उपस्थिति में प्रातः 10:00 बजे केन्द्र की कलादीर्घा में किया गया। इस कार्यशाला में चेतना बौद्धिक अक्षम संस्थान, अलीगंज, लखनऊ के दिव्यांग विद्यार्थी, आर.के. सीनियर सेकेन्डरी स्कूल, अलीगंज, सी.एम.एस, अलीगंज व सरस्वती विद्या मंदिर, अलीगंज, लखनऊ के छात्रों ने प्रतिभाग किया। आयोजन के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश, निदेशक एवं राजभाषा अधिकारी तथा सदस्य सचिव, नराकास (कार्यालय-2) भा.भू.स, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ ने अपने उद्बोधन में कहा कि ललित कला अकादेमी, क्षेत्रीय केन्द्र का यह सराहनीय कदम है कि युवा कलाकारों हेतु इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित कर रही है एवं कहा कि विकास और स्वच्छता एक-दूसरे के पूरक हैं। जहाँ स्वच्छता होती है, वहाँ स्वस्थ समाज और सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है, जो विकास के लिए आवश्यक है। स्वच्छता के बिना समग्र विकास की कल्पना अधूरी है। आयोजन के विशिष्ठ अतिथि, डॉ. मिथिलेश तिवारी, उपाध्यक्ष, बिरजू महाराज कथक संस्थान, लखनऊ ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यशाला के दौरान कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने का भी मौका मिलता है और प्रतिभागी कला के नवीनतम रूपों और तकनीकों पर व्यावहारिक जानकारी प्राप्त होती है। ललित कला अकादेमी, क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ के क्षेत्रीय सचिव ने कहा, इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को कला के माध्यम से स्वच्छता को परिचित एवं जागरूक कराना है, जिससे वे अपनी कला एवं भविष्य को एक नई दिशा दे सकें। कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों, कलाकारों के साथ-साथ कला प्रेमियों ने भी बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से भावनाओं को व्यक्त किया।

## शहीदी पर्व को समर्पित विशेष यात्रा आज से



लखनऊ। श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा नाका हिंडोला द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी के 350 वें शहीदी पर्व को समर्पित एक विशेष यात्रा का आयोजन दिनांक 12 जुलाई एवं 13 जुलाई को किया गया है। मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि यह आयोजन श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा नाका हिंडोला के द्वारा अध्यक्ष डॉ अमरजोत सिंह एवं उनके सहयोगियों के संयोजन में किया जा रहा है। यात्रा 12 जुलाई को प्रातः 8.30 बजे गुरुद्वारा नाका हिंडोला से शुरू होकर मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचेगी वहां पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में शबद कीर्तन एवं कथा विचार एवं गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा। 11 बजे मुख्यमंत्री द्वारा इस यात्रा को पुष्प वर्षा करते हुए दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। यात्रा संयोजक सरदार परविंदर सिंह अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य एवं उनके सहयोगियों की अगुवाई में यह यात्रा लखनऊ से प्रारंभ होकर कानपुर इटावा आगरा होते हुए दिल्ली गुरुद्वारा शीशगंज चांदनी चौक में समाप्त होगी। लखनऊ से दिल्ली के रास्ते में संगत द्वारा स्वागत की तैयारी की गई है। दिल्ली पहुंचने पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका एवं मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

# गोविन्दपुरी-आसनसोल के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी श्रावणी मेला के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुये 04158/04157 गोविन्दपुरी-आसनसोल-गोविन्दपुरी श्रावणी मेला साप्ताहिक अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन गोविन्दपुरी से 14 जुलाई से 11 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार को तथा आसनसोल से 15 जुलाई से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंगलवार को 05 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

04158 गोविन्दपुरी-आसनसोल श्रावणी मेला साप्ताहिक अनारक्षित विशेष गाड़ी 14 जुलाई से 11 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार को गोविन्दपुरी से 08.15 बजे प्रस्थान कर फतेहपुर से 09.17 बजे, खागा से 09.47 बजे, सिराथू से 10.12 बजे, भरवारी से 10.30 बजे, प्रयागराज जं. से 11.45 बजे, ज्ञानपुर रोड से 13.05 बजे, बनारस से 14.30 बजे, वाराणसी जं. से 14.55 बजे, गाजीपुर सिटी से 17.05 बजे, बलिया से 18.10 बजे, सहतवार से 18.40 बजे, सुरेमनपुर से 19.10 बजे, छपरा से 20.20 बजे, दिघवारा से 21.22 बजे, सोनपुर से 22.07 बजे, हाजीपुर से 22.22 बजे, अक्षयवट राय नगर से 22.42 बजे, देसरी से 23.04 बजे, महनार रोड से 23.20 बजे, शाहपुर पटोरी से 23.32 बजे, मोहीउद्दीन नगर से 23.44 बजे, दूसरे दिन बछवारा से 00.05 बजे, बरौनी से 00.50 बजे, बड़हिया से 01.52 बजे, डुमरी हाल्ट से 02.02 बजे, मनकठा से 02.14 बजे, लक्खीसराय से 02.22 बजे, किऊल से 02.32 बजे, जमुई से 02.54 बजे, झाझा से 03.30 बजे, जसीडीह से 04.11 बजे, मधुपुर से 04.33 बजे तथा चित्तरंजन से 05.13 बजे छूटकर आसनसोल 06.30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 04157 आसनसोल-गोविन्दपुरी श्रावणी मेला साप्ताहिक अनारक्षित विशेष गाड़ी 15 जुलाई से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंगलवार को आसनसोल से 07.45 बजे प्रस्थान कर चित्तरंजन से 08.12 बजे, मधुपुर से 08.55 बजे, जसीडीह से 09.55 बजे, झाझा से 11.05 बजे, जमुई से 11.32 बजे, किऊल से 12.02 बजे, लक्खीसराय से 12.09 बजे, मनकठा से 12.18 बजे, डुमरी हाल्ट से 12.27 बजे, बड़हिया से 12.40 बजे, बरौनी से 14.30 बजे, बछवारा से 14.52 बजे, मोहीउद्दीन नगर से 15.15 बजे, शाहपुर पटोरी से 15.37 बजे, महनार रोड से 15.50 बजे, देसरी से 16.12 बजे, अक्षयवट राय नगर से 16.37 बजे, हाजीपुर से 17.20 बजे, सोनपुर से 17.32 बजे, दिघवारा से 17.57 बजे, छपरा से 20.50 बजे, सुरेमनपुर से 21.22 बजे, सहतवार से 21.45 बजे, बलिया से 22.10 बजे, गाजीपुर सिटी से 23.15 बजे, दूसरे दिन वाराणसी जं. से 01.10 बजे, बनारस से 01.25 बजे, ज्ञानपुर रोड से 02.15 बजे, प्रयागराज जं. से 04.00 बजे, भरवारी से 04.40 बजे, सिराथू से 05.02 बजे, खागा से 05.35 बजे तथा फतेहपुर से 06.12 बजे छूटकर गोविन्दपुरी 08.40 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में साधारण द्वितीय श्रेणी के 18 तथा एस.एल.आर./डी. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

## गोमतीनगर-छपरा एक्सप्रेस के समय में संशोधन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों से 15113/15114 छपरा-गोमतीनगर-छपरा एक्सप्रेस के संचलन समय में परिवर्तन किया गया है। छपरा से 12 सितम्बर से प्रस्थान करने वाली 15114 छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस छपरा से निर्धारित समय 18.50 बजे के स्थान पर 18.30 बजे, थावे से 22.00 बजे के स्थान पर 21.45 बजे तथा कप्तानगंज से 00.10 बजे के स्थान पर 23.58 बजे छूटेगी। वापसी में, गोमतीनगर से 13 सितम्बर, 2025 से प्रस्थान करने वाली 15113 गोमतीनगर-छपरा एक्सप्रेस कप्तानगंज से निर्धारित समय 03.40 बजे के स्थान पर 03.35 बजे छूटकर छपरा 09.00 बजे के स्थान पर 09.15 बजे पहुँचेगी।

## प्रयागराज-लालकुआं एक्सप्रेस के रैक में बदलाव

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु चलाई जा रही 04117/04118 प्रयागराज-लालकुआं-प्रयागराज विशेष गाड़ी के रेक संरचना में संशोधन किया गया है। संशोधित रेक संरचना के अनुसार प्रयागराज जं. से 17 से 31 जुलाई तक प्रत्येक गुरूवार को चलने वाली 04117 प्रयागराज-लालकुआं विशेष गाड़ी तथा लालकुआं से 18 जुलाई से 01 अगस्त तक प्रत्येक शुक्रवार को चलने वाली 04118 लालकुआं-प्रयागराज विशेष गाड़ी में जेनरेटर सह लगेजयान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

## डीआरएम ने किया लखनऊ-अयोध्या-शाहगंज रेल खण्ड का निरीक्षण



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा लखनऊ-अयोध्या-शाहगंज-जौनपुर-सुलतानपुर-लखनऊ रेल खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेल खण्ड की संरक्षा, संरचना, ट्रैक की स्थिति एवं सिगनलिंग व्यवस्था का अवलोकन किया गया।

मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा सर्वप्रथम सफेदाबाद स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन अधीक्षक कक्ष, रिले रूम तथा स्टेशन परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। इसके पश्चात मण्डल रेल प्रबंधक का आगमन अयोध्या कैंट स्टेशन पर हुआ , जहाँ उन्होंने एयर कॉनकोर्स, यात्री प्रतीक्षालय, लोको पायलट एवं गार्ड लॉबी की कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया। अयोध्या में आगामी सावन मेले के दौरान संभावित यात्रियों की भीड़ एवं

- **अयोध्या धाम स्टेशन पर सावन झूला मेला के दृष्टिगत भीड़ प्रबंधन व्यवस्था का लिया जायजा**

आवश्यक तैयारियों के संबंध में मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा आयुक्त (कमिश्नर), अयोध्या एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक में भीड़ प्रबंधन से संबंधित रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के अगले क्रम में मण्डल रेल प्रबंधक अयोध्या धाम स्टेशन पहुँचे, जहां प्रतिवर्ष सावन माह में आयोजित होने वाले सावन झूला मेले के दृष्टिगत उन्होंने भीड़ प्रबंधन, सफाई व्यवस्था, अतिरिक्त टिकट काउंटर की स्थापना एवं सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। इसके पश्चात लेवल क्रॉसिंग संख्या 108 सी 2 का निरीक्षण कर संरक्षा मानकों की जांच की गई।

निरीक्षण के अगले क्रम मे आपने अकबरपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। स्टेशन की एप्रोच रोड की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को तत्काल सुधार हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत मण्डल रेल प्रबंधक ने अकबरपुर स्थित रेलवे कॉलोनी का भी दौरा किया और वहाँ कार्यरत रेल कर्मचारियों व उनके परिवार जन से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। इसके बाद आपका आगमन शाहगंज स्टेशन पर हुआ जहां अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों को देखा एवं स्टेशन बिल्डिंग, पार्सल एवं बुकिंग कार्यालय का निरीक्षण किया एवं स्टेशन पर उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं मीडिया कर्मियों से संवाद किया ।मण्डल रेल प्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान कहा कि ह्ययात्रियों की सुविधा, संरक्षा एवं स्वच्छता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। रेलवे का प्रयास है कि हर यात्री को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं संतोषजनक यात्रा अनुभव प्राप्त हो।ह्व आज के इस निरीक्षण में अपर मण्डल रेल प्रबंधक नीलिमा सिंह सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# मातृ एवं शिशु मृत्य दर में कमी लाने में परिवार नियोजन अहम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर शुक्रवार को सीएचसी सिल्वर जुबली में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. दिनेश कुमार महानिदेशक परिवार कल्याण ने प्रचार वाहन सारथी वाहनह्वऔर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा जनसंख्या स्थिरता पखवारे का शुभारम्भ किया। इस मौके पर महानिदेशक ने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्य दर में कमी लाने में परिवार नियोजन अहम है` यह केवल परिवार सीमित रखने तक नहीं है बल्कि महिला व बच्चे स्वास्थ्य और के पोषण तथा पूरे परिवार के भविष्य की नींव है।

सरकार का लगातार प्रयास है कि सही जानकारी सही सेवाएं योग्य दम्पत्ति तक पहुंचें ।इसके लिए गांवों में आशा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सीएचसी, जिला अस्पताल और उच्च स्तरीय अस्पतालों में सेवाएं देना सुनिश्चित किया जा रहा है ।यह व्यवस्था है कि योग्य दंपत्ति अपनी इच्छा के अनुसार परिवार नियोजन के साधनों का चुनाव करें ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने कहा कि जनसँख्या स्थिरता पखवारा 18 अगस्त तक चलेगा। इस पखवारे की थीम है माँ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही पखवारे में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को परिवार नियोजन के कार्यक्रम और साधनों के प्रति जागरूक किया जायेगा। इसी उद्देश्य के साथ सारथी वाहन रवाना किया गया है जो कि विभिन्न क्षेत्रों में जाकर परिवार नियोजन के साधनों के बारे में समुदाय को जागरूक करेगा ।इसके परिवार नियोजन के बारे में जानकारी चस्पा होने के साथ ही ऑडियो सन्देश भी है।

# आईआरसीटीसी करायेगा दक्षिण भारत के धर्मस्थलों की सैर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

### 29 अगस्त से 09 सितंबर तक 11 रात्रि और 12 दिन की होगी यात्रा

**लखनऊ।** आईआरसीटीसी योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन तिरुपति बालाजी मंदिर, रामनाथ स्वामी मंदिर (रामेश्वरम), मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी दर्शन, मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,यात्रा का संचालन किया जा रहा है।

इस यात्रा पैकेज में पर्यटकों को तिरुपति बालाजी मंदिर (तिरुपति), रामनाथ स्वामी मंदिर (रामेश्वरम), मीनाक्षी मंदिर (मदुरै), स्थानीय दर्शन (कन्याकुमारी) एवं मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग (मरकापुर) का भ्रमण कराया जायेगा। श्रेणी अनुसार कुल बर्थों की संख्या 767 में 02 एसी (कुल 49 सीटें), 03 एसी (कुल 70 सीटें)एवं स्लीपर (कुल 648 सीटें) हैं। पर्यटक ट्रेन में उतरने/चढने के स्टेशन- योगनगरी ऋषिकेश झ हरिद्वार - मुरादाबाद - बरैली - शाहजहाँपुर - हरदोई - लखनऊ - रायबरैली - माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ - प्रयागराजसंगम एवं मानिकपुर स्टेशनों पर होगी। यात्रा तिथि 29 अगस्त से 09-09 सितंबर तक 11 रात्रि एवं 12 दिन की होगी।

सुविधाओं के तहत इस पैकेज में 02 एसी, 03 एसी एवं स्लीपर क्लास यात्रा, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी/नान एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण सम्मिलित है। इकोनामी श्रेणी (स्लीपर क्लासं) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 24350 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 22980 रुपये है। (स्लीपर क्लास ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल पर नॉन एसी होटलों में ठहरने, नॉन एसी होटल के कमरे में मल्टी शेयर पर (शेयरिंग/नॉन शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) वॉश एंड चेंज एवं नॉन एसी ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था) होगी।

स्टैंडर्ड श्रेणी (3एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 41800 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 40200 रुपये है । (3एसी क्लास ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल पर एसी होटलों में ठहरने, नॉन एसी होटल के कमरे में डबल/ट्रिपल पर (शेयरिंग/नॉन शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) वॉश एंड चेंज एवं नॉन एसी ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था) होगी।

कम्फर्ट श्रेणी (2एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य 55750 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे (5-11 वर्ष) का पैकेज का मूल्य 53850 रुपये है। (2एसी क्लास ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल पर एसी होटलों में ठहरने, एसी होटल के कमरे में डबल/ट्रिपल पर (शेयरिंग/नॉन शेयरिंग-पैकेज के अनुसार) वॉश एंड चेंज एवं एसी ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था) होगी।

इस यात्रा सेवा मे छळउ एवं एटक की सुविधा भी उपलब्ध है।ईएमआई की सुविधा आईआरसीटीसी पोर्टल पर उपलब्ध सरकारी एवं गैर सरकारी बैंक से ली जा सकती है। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी।

उक्त यात्रा की बुकिंग हेतु पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट www.irctctourism.com से आनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये दिये गये मोबाइल नम्बरों 9236391908, 8287930908, 8287930199, 9417105544, 7302821864, 8303555714, 9717649856 पर सम्पर्क कर सकते है।

## आरडीएसओ में ग्रीवांस कैंप में कर्मचारियों की समस्याओं का हुआ निस्स्तारण



**लखनऊ।** आरडीएसओ द्वारा शुक्रवार को कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु मासिक ग्रीवांस कैंप का आयोजन नगर अभियंता कार्यालय, सिविल निदेशालय में किया गया।इस कैंप में कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी विभिन्न शिकायतों को प्रस्तुत किया, जिनका समाधान संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। यह आयोजन कर्मचारियों की समस्याओं को समयबद्ध और प्रभावी रूप से सुलझाने की दिशा में संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आरडीएसओ द्वारा नियमित रूप से इस प्रकार के कैंप आयोजित किए जाते हैं, जिससे कर्मचारियों को एक सहज और सुगम मंच उपलब्ध हो सके।

## आज लखनऊ सहित 47 शहरों में लगेगा रोजगार मेला

**लखनऊ।** मिशन रिक्रूटमेंट के तहत 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान के अर्न्तगत लखनऊ सहित 47 शहरो में आयोजित होने वाले रोजगार मेला-16 कार्यक्रम के तहत 12 जुलाई को प्रातः 11.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 51 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे तथा इन नवनियुक्त कर्मियों को सम्बोधित भी करेंगे। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेला युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देश भर में रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं। यह भर्तियाँ केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में हो रही हैं।

## बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में छात्रों ने जीते गोल्ड मेडल

**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने सीआईएससीई जोनल बाक्सिंग चैम्पियनशिप में पांच गोल्ड मेडल अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले प्रतिभाशाली छात्रों में अरहाम अली खान, आर्यन राय, श्रेयस शाश्वत शुक्ला, आर्ना देवस्कर एवं नित्या जोशी शामिल हैं। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने सभी बाल खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

## इंटीग्रल विवि के रजिस्ट्रार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार एवं कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रोफेसर मोहम्मद हारिस सिद्दीकी को कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए आउटस्टैंडिंग प्रोफेशनल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा 9-10 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव 2025 के दौरान प्रदान किया गया। इस सम्मान के माध्यम से प्रो. सिद्दीकी की कृषि शिक्षा, अनुसंधान नवाचार एवं ग्रामीण विकास अभियानों में उत्कृष्ट भूमिका को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनोज नारदेव सिंह, महासचिव, अफ्रीकन एशियन रूरल डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. एमजे खान, चेयरमैन, इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर, नई दिल्ली ने की। विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं चांसलर प्रो. सैयद वसीम अख्तर ने प्रो. सिद्दीकी को बधाई देते हुए कहा, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी सदैव समाज और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए प्रयासरत रही है और आने वाले वर्षों में इस मिशन को और अधिक संकल्प के साथ आगे बढ़ाएगी।

# जनसंख्या नियंत्रण नीतियों को सशक्त बनाना जरूरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। विशेष व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता फैलती है और युवा पीढ़ी जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर होती है। कार्यक्रम के अगले सत्र में विभाग की प्राध्यापक डॉ आस्था सिंह ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। विशेष व्याख्यान के अगले सत्र में मुख्य अतिथि प्रो संजय सिंह, डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने इस वर्ष की थीम पर जोर देते हुए कहा कि विविधता में पॉलिसी मैटर करती है। प्रो संजय ने तेजी से बढ़ती जनसंख्या की वैश्विक और राष्ट्रीय प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संतुलित जनसंख्या विकास ही सतत विकास का आधार है। जनसंख्या नियंत्रण नीतियों को सशक्त बनाना और युवाओं को जागरूक करना आज की प्राथमिक आवश्यकता है।यह केवल सरकार का नहीं, हम सबका सामूहिक दायित्व है। उन्होंने विविधताओं से भरे देश में केरल मॉडल के माध्यम से सटीकता तक नहीं पहुंच सकते। आज का युवा कल का बुजुर्ग है। जनसंख्या वृद्धि और उससे उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जन-जागरूकता से ही निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना सामूहिक परिचय का द्योतक है। भारत का संविधान व्यक्तिगत पहचान के साथ सामूहिक पहचान भी प्रदान करता है। विशेष व्याख्यान का धन्यवाद ज्ञापन डीन एंड समन्वयक, सामाजिक विज्ञान संकाय प्रो चन्दना डे ने दिया।

# लविवि ने की शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति : राज्यपाल

### राज्यपाल ने किया लविवि में नवनिर्मित कौटिल्य भवन का लोकार्पण और निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित कौटिल्य भवन का लोकार्पण व निरीक्षण शुक्रवार को किया। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 118 कम्प्यूटर किट वितरित कर आंगनबाड़ी केंद्रों में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया।

राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों में विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी है। कौटिल्य भवन के निर्माण से परीक्षा प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी तथा परिणाम समय से घोषित किए जा सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य विश्वविद्यालयों को भी समयबद्ध रूप से परिणाम जारी करने की दिशा में गंभीरता से कार्य करना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा या रोजगार में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को इस सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि इसी तरह लगातार आगे बढ़ते हुए समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देते रहें।इस अवसर पर राज्यपाल ने पौधा रोपण भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालय उत्कृष्ट अकादमिक परंपराओं के साथ-साथ समाज सेवा की भावना से भी ओतप्रोत हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों को कम्प्यूटर किट प्रदान करना एक दूरदर्शी एवं संवेदनशील प्रयास है, जिससे बाल विकास की आधारशिला और सशक्त होगी।डिजिटल युग में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी संसाधनों की पहुंच अत्यंत आवश्यक है।विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर कम्प्यूटर स्थापित करें तथा वहां की कार्यकत्रियों को उसका संचालन एवं उपयोग सिखाएं। विद्यार्थियों को बच्चों को भी आधारभूत डिजिटल प्रशिक्षण देना चाहिए, जिससे कम उम्र से ही तकनीक के प्रति रुचि और समझ विकसित हो सके। उन्होंने विश्वास जताया कि कम्प्यूटर किट के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत कार्यकत्रिओं को बच्चों के लिए अधिक प्रभावी एवं आधुनिक तरीकों से शिक्षा देने में सहायता मिलेगी।उन्होंने कहा कि अन्य संस्थानों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए, ताकि बाल विकास, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल साक्षरता को नई गति मिल सके। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग देश का नाम रोशन करने, वैश्विक समस्याओं पर शोध करने, मानव कल्याण तथा भारत की सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान खोजने के लिए करें, न कि किसी को नुकसान या परेशान करने के लिए। बच्चों, किसानों, पशु-पक्षियों, रोगों एवं मानव जीवन से जुड़ी समस्याओं पर अनुसंधान करें विद्यार्थी और एआई जैसी आधुनिक तकनीकों का सकारात्मक उपयोग करें।

## न्यायालय सूचना

**एम.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग 7**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी स्थान**
**मिश्रिख सीतापुर**
**वाद सं.-173**
**अ.धा. 116 भा.रा.सं.**
**तारीख पेशी- 25.07.2025**

दुर्गेश सिंह आदि

**बनाम**

अजेन्द्र सिंह आदि
1- माधुरी पत्नी वीरभान सिंह
2- सिद्धार्थ शेखावत पुत्र वीरभान सिंह
3- नवेन्द्र सिंह पुत्र जदुनन्दन सिंह
4- धर्मेन्द्र सिंह पुत्र नागेन्द्र सिंह व अन्य
सर्वगण नि.- बीहट बीरम पर महोदय तह. मिश्रिख जिला सीतापुर।

चूँकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्शित करने के लिए 25.07.2025 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 09.07.2025 दिवस को निकाली गई।

**न्यायालय**

# छात्राओं को मिला डिजिटल सशक्तीकरण का उपहार

### नवयुग कन्या महाविद्यालय में स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण कार्यक्रम संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'विद्यार्थी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना' के तहत नवयुग कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कमलेश मिश्र, क्षेत्रीय अध्यक्ष, भाजपा और विशिष्ट अतिथि डॉ. अश्विनी कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने की।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल शिक्षा और सशक्तिकरण से जोड़ना था। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका व महाविद्यालय की डिजीशक्ति अभियान की नोडल अधिकारी प्रो. सुषमा त्रिवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया।उन्होंने कार्यक्रम के प्रारंभ में डिजिशक्ति अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्राओं को डिजिटल साक्षरता के महत्व पर जोर देते हुए कहा, यह योजना हमारे युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। डिजिटल उपकरण केवल पढ़ाई का माध्यम नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का साधन हैं, जो हमें अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने और विश्व पटल पर प्रस्तुत करने में भी मदद करेंगे। उन्होंने अपना उद्बोधन इन वाक्यों से समाप्त किया हैं जो होता है वो होने दो ये पौरुष हीन कथन है जो हम चाहेंगे वो होगा इन शब्दों में जीवन है। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, डॉ. अश्विनी मिश्रा ने कहा, शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी समावेश समय की मांग है। ये स्मार्टफोन छात्राओं को नवीनतम ज्ञान से जोड़ने और उनके सीखने के दायरे को विस्तृत करने में सहायक होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा कि आज का युग ज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। हमारी छात्राओं को इन डिजिटल उपकरणों के माध्यम से वैश्विक ज्ञान तक पहुंच मिलेगी, जिससे वे न केवल अपनी पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगी।

## लविवि कुलपति बीओएटी के लिए यूजीसी प्रतिनिधि नामित

**लखनऊ।** लविवि के कुलपति, प्रो. आलोक कुमार राय को आधिकारिक रूप से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा क्षेत्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड (बीओएटी), उत्तरी क्षेत्र के लिए प्रतिनिधि नामित किया गया है। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड (नार्दन रिजन), जो कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है, राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।यह योजना इंजीनियरिंग, तकनीकी और सामान्य स्नातक धारकों (जैसे बीए, बीएससी, बीकॉम) के लिए है, जो भारत के उत्तरी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होती है। प्रो. राय का यह कार्यकाल तीन वर्षों का होगा, जिसमें वे एक को-ओपटेड सदस्य के रूप में गैर-तकनीकी पृष्ठभूमि से प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तरी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) और चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख जैसे केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं।

# मेधावियों को किया गया सम्मानित

### एलपीएस (सीपी सिंह फाउंडेशन) के तत्वावधान में मेधावी छात्र अलंकरण समारोह सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) के तत्वावधान में मेधावी छात्र अलंकरण समारोह-2025 आयोजित हुआ।इसमें सीबीएसई परीक्षा में कक्षा 12 में 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक पाने वाले मेधावियों को, साथ ही आईआईटी-जेईई एवं नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की सेक्टर-आई शाखा में स्थित सीपी सिंह स्मृति सभागार में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं सलाहकार अजय पंत उपस्थित थे। अतिथि देवो भवः का अनुपालन करते हुए विद्यालय की सेक्टर-आई शाखा के प्रबंधक लोकेश सिंह एवं निदेशिका रश्मि पाठक ने मुख्य अतिथि को पौध भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम को जारी रखते हुए सर्वप्रथम आईआईटी-जेईई एवं नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्र, ट्रॉली बैग एवं 11,000 रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं, कक्षा 12 के 225 मेधावियों को अलंकृत करने की प्रक्रिया आरम्भ की गयी।इस शृंखला में विद्यालय की समस्त शाखाओं से कक्षा 12 की परीक्षा में 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्र, ट्राली बैग एवं धनराशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न विषयों में पूर्णांक प्राप्त करने वाले छात्रों को भी प्रमाण-पत्र एवं धनराशि प्रदान किये गये।

सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में लखनऊ पब्लिक स्कूल, साउथ सिटी की छात्रा आंचल भारद्वाज को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉली बैग प्रमाण-पत्र एवं 11,000 रुपये एवं एक विषय में पूर्णांक प्राप्त करने के लिए धनराशि उपहार स्वरूप प्रदान किये गये। इसी क्रम में विद्यालय की साउथ सिटी शाखा के छात्र-छात्राओं द्वारा शिव स्तुति पर एक समूह-नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाया गया।समारोह के अंत में मुख्य अतिथि अजय पंत ने सभी मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं उन्हें बधाईयां प्रेषित कीं।

साथ ही उन्होंने सीबीएसई परीक्षाफल में मेधावी छात्रों के सर्वोच्च प्रदर्शन में विद्यालय की भूमिका की सराहना एवं प्रशंसा भी की। कार्यक्रम का समापन करते हुए विद्यालय के प्रबंधक लोकेश सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति-चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

संक्षेप

## ऋषि पराशर के नाम पर उपवन का हुआ नामकरण

अयोध्या। पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक चेतना को साथ लेकर चल रहे ह्यएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सोहावल के बरईकला गांव में भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में लगभग 150 पौधे रोपे गए। रोपे गए पौधों में पीपल, बरगद, नीम, पाकड़ सहित अन्य फलदार, छायादार और औषधीय वृक्षों को प्राथमिकता दी गई।

सभी पौधों की सुरक्षा के लिए टी-गार्ड लगाए गए हैं। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा, पौधों को रोपना केवल प्रकृति की सेवा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। ह्यएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान न केवल पर्यावरण को समर्पित है, बल्कि यह मातृत्व भाव, कृतज्ञता और जीवन के मूल मूल्यों से भी जुड़ा है। को नमन करते हुए इस हरित उपवन का नाम ह्यपराशर उपवनह्व रखा गया है।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



**देवरिया,**। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया ।इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया।

पुलिस कर्मियों को आपात स्थिति से निपटने व अपराधों की रोकथाम हेतु दंगा निरोधक उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता का अभ्यास कराया गया व सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए।

तत्पश्चात क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी आदि का निरीक्षण किया गया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए।

गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया ।पुलिस लाइन में स्थित पुलिस कैन्टीन का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।साथ ही जनपद के समस्त थानों पर शुक्रवार की परेड के आयोजन किया गया,

## गोसाईगंज नगर पंचायत का मना 72वां स्थापना दिवस

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज नगर पंचायत के श्रीनाथ सभागार मे नगर पंचायत का72वां स्थापना दिवस मनाया गया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चेयरमैन डॉ विजयलक्ष्मी जायसवाल ने कहाकि नगर पंचायत ने बहुत संघर्ष किया है और बहुत सारी उपलब्धियां भी इसको मिली है। अपनी तरफ से हम नगर की जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधा प्रदान करना चाहेंगे। हमारा उद्देश्य है कि हमारा नगर स्वच्छ रहे स्वस्थ रहे सुंदर रहे, इस पर हम ज्यादा फोकस कर रहे हैं और नगर की स्वच्छता में जनता ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है। गोसाईगंज की आबादी बढ़ रही है और इसका क्षेत्र भी बड़ा है ।यहां पर बहुत सारे बच्चे जो प्रतिभावान है वो चित्रकला में हो भाषण में हो खेलकूद में हो नृत्य संगीत में हो तो एक ऐसा मंच हम लोगो के द्वारा उनको दिया जाए जहां वह अपनी प्रतिभा को दिखा सके ।इसके लिए गोसाईगंज महोत्सव का आयोजन दिसम्बर माह में करने की योजना है।

## महाकाल की निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

**भटनी(देवरिया)**।स्थानीय नगर पंचायत के छोटी गण्डक नदी के पक्के पुल के उत्तरी छोर बनी महाकाल के भब्य मन्दिर से एक शोभा यात्रा व्यापार मण्डल भटनी के तत्वावधान मे आगामी 14जुलाई श्रावण माह के प्रथम सोमवार को महाकाल मन्दिर से महाकाल के पालकी भब्य रथ यात्रा हाथी घोडा गाजे बाजे के साथ ढोल नागाडे के साथ निकलेगी ।उक्त आशय की जानकारी देते हुए व्यापार मण्डल के अध्यक्ष व अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम मन्दिर द्वारा आयोजित भब्य शोभा यात्रा मुख्य बाजार होते हुए गान्धी चौक से 116नम्बर रेलवे गेट तक आयेगा ।वहां से पुन;उसी रास्ते से मन्दिर जायेगा ।गुप्त ने इस शोभा यात्रा मे नगर के अलावे ग्रामीण क्षेत्रो के भी स्त्री पुरुष को अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने की अपील किया है ।

## विश्व जागरूकता दिवस पर छात्रों ने निकाली रैली

**बरहज, देवरिया।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर कस्बा स्थित प्राइम साइंस क्लासेज के विद्यार्थियों द्वारा जनजागरूकता अभियान रैली निकाल कर लोगों को जनसंख्या बृद्धि से होने वाले हानि के बारे मे जागरूक किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने भलुअनी, बैकुंठपुर वार्डों में रैली के माध्यम से भ्रमण करते हुए स्लोगन व नारों के साथ महिलाओं से मिलकर उनको जनसंख्या वृद्धि के हानि एवं छोटे परिवार के महत्व को समझाया। छोटा परिवार सुखी परिवार के बारे मे बताया। इस दौरान मृत्युंजय कुमार, शिवानी यादव, मुस्कान खातून, गजल सिंह, खुशी मद्धेशिया, जान्हवी गुप्ता, अंजलि जायसवाल, लक्ष्मण ठाकुर, सुशील यादव, आयुष प्रभाकर मौजूद रहे।

## रौनियार समाज की मासिक बैठक कल

**देवरिया।** अखिल भारतीय रौनियार समाज की मासिक बैठक 13 जुलाई दिन रविवार को 11 से रागनी मोड कसया रोड स्थित उत्सव मैरिज हॉल देवरिया में संपन्न होगी। जिसमें रौनियार अतिथि भवन रामलीला मैदान देवरिया कई साल से बंद है। उसको खुलवाने साफ सफाई करने एवं शादी विवाह में प्रयोग करने पर विचार आदि शामिल हैं। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार रौनियार ने दी है।

## धान की फसल में खरपतवार, खैरा, सफेदा और झोंका रोग से बचाव

कुशीनगर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ मेनका ने बताया कि धान की रोपाई के पश्चात खरपतवार एक मुख्य समस्या होती है इसके नियंत्रण हेतु रसायनिक विधियो का प्रयोग तुलनात्मक दृष्टि से कम खचीर्ला होता है।

रोपाइ के पश्चात दो से तीन दिन के अन्दर दो इन्च भरे पानी में ब्यूटाक्लोर 50 प्रतिशत ई०सी० 1.6 ली० अथवा प्रिटेलाक्लोर 50 प्रतिशत इ०सी० की 400 से 600 मि०ली० को 100 से 120 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करे। यदि उक्त रसायन के स्प्रे के पश्चात भी खरपतवार का नियत्रण नहीं होता है तो रोपाई के 15 से 20 दिन बाद विस्पायरीबैक सोडियम 10 प्रतिशत एस०सी० की 80 से 100 ग्राम मात्रा को 120 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में खैरा, सफेदा एवं झोंका रोग से प्रभावित होने की सम्भावना बनी हुई है। रोग से बचाव हेतु कृषक भाइयों को निम्न सुझाव दिये जाते है। चार से पाँच ग्राम प्रति ली० की दर से ट्राइकोडर्मा का एक छिड़काव नर्सरी लगने के 10 दिन के अन्दर कर देना चाहिये। बुआई के 14-15 दिन बाद एक सुरक्षात्मक छिड़काव रोगों तथा कीटों के बचाव हेतु करें। खैरा रोग के लिये एक सुरक्षात्मक छिड़काव 5 किग्रा० जिंक सल्फेट का 20 किग्रा० यूरिया या 25 किग्रा बुझे हुये चूने के साथ 1000 लीटर पानी में मिलाकर प्रति हेक्टेयर की दर से पहला छिडकाव तथा दूसरा छिड़काव पहले छिड़काव से 10 से 15 दिन के बाद करना चाहिये। सफेदा रोग के नियंत्रण हेतु 4 किग्रा. फेरस सल्फेट तथा 20 किग्रा० य्प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें तथा भूरा धब्बा रोग से बचने के लिये 2 किलोग्राम जिंक मैगनीज कायार्मेट का 700-750 ली० पानी मे मिलाकर प्रति हे० की दर से छिड़काव करे। धान में लगने वाले कीटो से बचाव हेतु से 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें।

# समारोहपूर्वक मनाया गया स्थापना दिवस




**देवरिया**।सूचित दास सवाँरी देवी शिक्षण सेवा समिति द्वारा संचालित विद्यालय ब्लूमिंग रोज एकेडेमी का 18वाँ स्थापना दिवस विद्यालय सभागार में मनाया गया।स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यकम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक श्री विजय पटेल एवं प्रिसिंपल अंजली यादव द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन को-आर्डिनेटर मिस सलोनी राय ने किया।

कार्यकम के मुख्य अतिथि विद्यालय के सरंक्षक सेवा निवृत्त खण्ड विकास अधिकारी श्री रामरक्षा दास पटेल रहें। मुख्य अतिथि ने कहा कि 2007 में स्थापित यह विद्यालय दिन प्रतिदिन उत्थान की ओर अग्रसर है, इसका मुख्य कारण बच्चों में शिक्षा के साथ सांस्कृतिक धरोहर को सहेजते हुए निरन्तर चर्तुदिक विकास के सभी विषयों पर शिक्षक-शिक्षिकाओं का सक्रिय रहकर उददेश्य परक योगदान देना है ।प्रबंधक विजय पटेल ने कहा कि विद्यालय के शिक्षा की गुणवत्ता इस बात से परिलक्षित होता है कि विद्यालय के बच्चें यहा से जाने के बाद अपने लक्ष्य को प्राप्त करते है या नही। इसकी समीक्षा व आकलन करते हुए प्रतिवर्ष विद्यालय को शिक्षा के मानक के अनुसार अपडेट रखने की आवश्यकता है।

### स्मृति चिन्ह, बुके देकर सम्मानित किया गया

प्रिसिंपल अंजली यादव ने विद्यालय के टीचर्स और सहयोगियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यदि विद्यालय परिवार के सभी सहयोगी विद्यालय एवं बच्चों को अपने परिवार के रूप में मानकर कार्य करते है तो हम सभी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति की गयी। जिसमें बेबी अराध्या, आफसीन, दिव्या, शिवांगी, मास्टर राजवीर, बेबी अदिति, आफिया, सोनाली, अनन्या, अनवी, काव्या, प्रिया, कृतिका, अंशिका, दिव्यांशी, आस्था, कनक, अनुष्का, शानवी, मानवी, हर्षिता, रागिनी, काव्या प्रभाकर, अदिति चौरसिया, माण्डवी आदि ने प्रस्तुति दी ।इस अवसर पर मिस अंजली यादव द्वारा बेस्ट कोआपरेशन अवार्ड मिस स्नेहा गुप्ता एवं उज्जवल विश्वकर्मा को दिया गया।

कार्यक्रम में सलोनी राय, श्रीमती पूर्णिमा शाही, श्रीमती रेनू कुमारी, अरुना श्रीवास्तव, विपाठी, बृजेश प्रजापति, महेश्वर मिश्र, धीरज तिवारी, देवांश कुमार, उपस्थित रही।

## बैंड-बाजे और नारों के साथ स्कूल चलो अभियान की गूंज




**कुशीनगर**।शासन के निर्देश पर ₹स्कूल चलो अभियान₹ के अंतर्गत कसया स्थित गोला बाजार उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) में शुक्रवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी श्री अशोक यादव द्वारा फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने बैंड बाजा के साथ नगर भ्रमण कर नामांकन हेतु लोगों को प्रेरित किया। बच्चों ने स्कूल चले हमह्व, हर बच्चा पढ़ेगा, देश आगे बढ़ेगाह्व जैसे नारे लगाकर शिक्षा के महत्व का संदेश दिया।

खंड शिक्षा अधिकारी अशोक यादव ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है।इस अभियान के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे।प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा चलाया गया यह जन-जागरूकता अभियान शिक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। हमें विश्वास है कि इससे नामांकन में वृद्धि होगी।विद्यालय के शिक्षक पयोदकांत मिश्र, कल्पना सिंह, दुर्गेश यादव, धर्मेंद्र सिंह, रश्मि सिंह तोमर, निशु विश्वकर्मा, सोनी, वीरेंद्र सोनकर, अजय गुप्ता, अमरनाथ तथा शिक्षा मित्र वंदना पाण्डेय और नंदिनी मौर्य ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। नामांकन बढ़ाने और हर बच्चे तक शिक्षा पहुँचाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रेरणादायक रहा।

# लूट में वांछित दो अभियुक्तों की पुलिस से मुठभेड़, एक अभियुक्त के पैर में लगी गोली

जिला संवाददाता

देवरिया। जिले के खुखुन्दू पुलिस द्वारा रात्रि मुसैला मगहरा मार्ग पर दोघड़ा गांव के समीप संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मगहरा की तरफ से आ रहे एक मोटरसाईकिल सवार दो व्यक्तियों के तरफ टार्च की रोशनी से रुकने की इशारा किया गया।

नजदीक आने पर पुलिस टीम को देखकर अभियुक्त गण हड़बडा कर अपनी मोटरसाईकिल दोघड़ा छठ घाट के कच्चे मार्ग की तरफ मोड़कर भागने लगे तथा कुछ दुरी पर जाकर मोटरसाईकिल के झाड़ियो में चले जाने के कारण मोटरसाईकिल से गिर गये तथा छट घाट पर स्थित पेड़ की आड़ लेकर अभियुक्त गण द्वारा पुलिस टीम को निशाना बनाकर फायरिंग की जाने लगी।

आत्मरक्षा व जवाबी कार्यवाही में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगने के उपरान्त पुलिस टीम द्वारा एकबारगी दबिश देकर दोनो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। एसपी विक्रांत वीर ने बताया कि खुखुन्दू में आज रात्रि

- एक जिन्दा कारतूस और 7900 रुपए और एक पीले धातु की चैन बरामद हुई
- ये घटना स्थल मुसैला मगहरा मार्ग दोघडा गांव के छठ घाट के पास है

9.30 बजे पुलिस मुठभेड़ हुआ है ये घटना स्थल मुसैला मगहरा मार्ग दोघडा गांव के छठ घाट के पास है। यहा पर थाने की पुलिस टीम एस0एच0ओ0 के साथ रेगुलर चेकिंग कर रही थी, तभी वहां से एक मोटरसाइकिल पर दो अभियुक्त आये उसमें एक अभिषेक निषाद व दूसरा विश्वजीत कुमार को रुकने का इसारा किया तो भागने लगे उसमे से एक विश्वजीत कुमार को मौके से पकड़ लिया गया, जिसकी उम्र 21 वर्ष है, और उसके कब्जे से एक तंमचा और एक जिन्दा कारतूस और 7900 रुपए और एक पीले धातु की चैन बरामद हुई है।

दूसरा अभियुक्त जो वहां से फायरिंग करता हुआ भाग रहा था। अभिषेक निषाद जिसकी उम्र 20 साल है, पुलिस की जवाबी कार्यवाही में उसके दाहिने पैर मे गोली लगी और उसके कब्जे से एक तंमचा, एक खोखा कारतूस और 8600 रुपए और दो पीले धातु की चैन बरामद हुई है। इन दोनों अभियुक्तों नें खुखुन-

दू क्षेत्र में दो घटनाएं, कोतवाली में एक घटना और एक चौरीचौरा गोरखपुर में करना कबूल किया है। घटना स्थल का मुआयना फारेंसिक टीम द्वारा कर लिया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## घर - घर दस्तक देगी स्वास्थ्य विभाग की टीमः सीएमओ




**देवरिया।** जिले में शुक्रवार को दस्तक अभियान का शुभारंभ हुआ।सीएमओ डॉ. अनिल गुप्ता ने नगरीय क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भटवलिया से फीता काटकर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान आशा, आंगनबाड़ी के साथ विद्यालय के बच्चों ने रैली निकलाकर बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया ।सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर बुखार, खांसी, जुकाम, क्षय रोग, फाइलेरिया, कालाजार के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित करेंगी। सीएमओ ने कहा कि दस्तक अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत जिले में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, खांसी, जुकाम, मलेरिया, चिकनगुनिया, क्षय रोग, फाइलेरिया, कालाजार के लक्षण वाले मरीजों सहित कुपोषित बच्चे की सूची तैयार करेंगी। जिले में कुल 2840 आशा कार्यकताओं की टीम हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषाहार उपलब्ध कराएंगी और आवश्यकता पड़ने पर पोषण पुर्नवास केंद्रों पर रेफर किया जाएगा। आशा कार्यकर्ता लोगों को संचारी रोगों के खतरे और बचाव की जानकारी देंगी।

अभियान के तहत मच्छरों से बचाव के लिए फुल आस्तीन के कपड़े पहनने, मच्छर रोधी क्रीम लगाने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने घर के आस-पास एवं घरों में सात दिन से अधिक समय तक किसी भी बर्तन में पानी जमा न होने देने, कूलर में भरे पानी एवं फ्रिज के पीछे की ट्रे, गमलों, टूटे हुए टायर, अन्य बर्तनों के पानी को साफ करने के साथ ही घरों के दरवाजों और खिड़कियों में जाली का प्रयोग करने की सलाह दी जाएगी इस मौके पर एसीएमओ अर्बन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, डॉ विनीत युवराज, एचईओ एलबी चौधरी, डीसीपीएम राजेश कुमार सहित आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## जिले में खुलेगा एक विश्वविद्यालय, डीडीयू ने शासन को भेजा तीन कॉलेजों का पैनल



**तमकुहीराज, कुशीनगर**। नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश सरकार हर जिले में एक विश्वविद्यालय खोलने का मन बना रही है। विश्विद्यालय खोलेने के मंशा के हिसाब से प्रत्येक जिले से तीन तीन कालेजो का नाम मांगा जा रहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इसकी घोषणा कर चुके हैं। शासन के मंशा के हिसाब सात वर्षों में प्रदेश के सभी 18 मंडलों में विश्वविद्यालयों की स्थापना कर दी जायेगी। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के विश्वस्त सूत्रों की माने तो नई शिक्षा नीति के तहत हर जिले में विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में कदम आगे बढ़ गये है। इस पर सरकार काम भी कर रही है। शासन की तरफ से जो भी सूचनाएं मांगी जाती है, उसे डीडीयू प्रशासन शासन को उपलब्ध करा रहा है। कुशीनगर में अगर विवि बनता है तो इससे काफी हद तक छात्रों को राहत मिलेगी। डीडीयू ने शासन को जो तीन कालेजो का नाम भेजा है उसमें विद्यावती देवी महाविद्यालय वैष्णवी नगर ( झरही ) तमकुहीराज के अलावा बुद्ध पीजी कुशीनगर व उदितनारायण पडरौना शामिल है। क्षेत्र के लोगो ने विद्यावती देवी महाविद्यालय को विश्विद्यालय बनाने की मांग की है। लोगो का कहना है कि कुशीनगर के पूर्वी छोर पर स्थित तमकुहीराज व फाजिलनगर बिकास के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है। विद्यावती देवी महाविद्यालय को विश्विद्यालय बन जाने से काफी सहूलियत होगी और क्षेत्र का विकास भी होगा।

## राजेश सिंह दयाल फाउंडेशन ने लिया एक लाख औषधीय पौधे लगाने का संकल्प

देवरिया। पीएम नरेंद्र मोदी की पहल ह्लएक पेड़ मां के नामह्व को आगे बढ़ाते हुए राजेश सिंह दयाल फाउंडेशन ने किया 1 लाख औषधीय पौधे लगाने का संकल्प लिया है। राजेश सिंह दयाल फाउंडेशन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की भावनात्मक और पर्यावरणीय पहल ह्लएक पेड़ मां के नामह्व को आगे बढ़ाते हुए एक भव्य वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान की शुरूआत मईल से की गई। जिसमें बलिया और देवरिया की 5 विधानसभाओं में 1 लाख औषधीय पौधे लगाने का संकल्प लिया गया।इस अभियान का नेतृत्व कर रहे राजेश सिंह दयाल जिन्हें ह्लउत्तर प्रदेश के मेडिसिन मैनह्व के नाम से जाना जाता है। राजेश सिंह दयाल ने कहा कि मैं पिछले 30 वर्षों से भाजपा का सक्रिय सदस्य रहा हूं और हमारे प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई हर जनकल्याणकारी योजना को सफल बनाना मेरा नैतिक कर्तव्य है। यह वृक्षारोपण अभियान सिर्फ पर्यावरणीय कदम नहीं है बल्कि यह हमारी माताओं को समर्पित एक भावनात्मक पहल है। उन्होंने बताया कि नीम, आंवला और सहजन (मोरिंगा) जैसे औषधीय पौधों का चयन जनता के स्वास्थ्य और प्राकृतिक चिकित्सा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। श्री दयाल ने यह भी साझा किया कि उन्होंने अब तक देवरिया और बलिया में 2 लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क चिकित्सा और दवाएं प्रदान की हैं, और यह वृक्षारोपण उसी सेवा भावना का विस्तार है।

प्रश्नों के जवाब में श्री दयाल ने स्पष्ट किया कि मेरा एकमात्र उद्देश्य समाज सेवा है, और इसमें किसी भी प्रकार की राजनीतिक मंशा नहीं है। मैं सिर्फ लोगों और प्रकृति के लिए कार्य कर रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले महीनों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर पुनः शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब यह सेवा उनके स्वयं के अस्पताल के माध्यम से संचालित की जाएगी। क्योंकि पूर्व में संस्था से संबंधित अस्पताल द्वारा गरीब और असहाय लोगों पर भारी शुल्क लगाए जाने के कारण फाउंडेशन ने उसके साथ अपना सहयोग समाप्त कर दिया है।

# सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की हुई समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता



**कुशीनगर**। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में आज सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, की समीक्षा बैठक जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

समीक्षा दौरान जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा दौरान सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यों/योजनाओं में प्रगति लाते हुए जिस स्तर से रैंकिंग खराब हो रही है उस पर कार्यवाही करें अन्यथा उस विभाग के अधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यो के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण सीएम डैश-बोर्ड पर खराब रैकिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग, ग्राम विकास, पंचायती राज विभाग,को मुख्य रूप से कार्यों में सुधार लाये जाने का निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत प्रगति न होने पर संबंधित से पुछ ताछ कर प्रगति लाए जाने का निर्देश दिए गए।

जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायतों में पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य एवं पानी का कनेक्शन आदि से सम्बंधित समीक्षा करते हुए अधि0 अभि0 जल निगम को कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं लाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई।

जिलाधिकारी द्वारा फैमिली आई0डी0 बनाये जाने की प्रगति के संबंध में विधिवत समीक्षा की गई जिसके अंतर्गत वीडियो खड्डा एवं कप्तानगंज में विगत दस दिनों में एक भी फैमिली आईडी नहीं बनने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दिए गए लक्ष्य को पूर्ण किए जाने का निर्देश दिए गए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी एवं बीएसए को सहयोग किए किए जाने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने इसी प्रकार नई सड़कों के निर्माण, पर्यटन विभाग, ऋण वितरण वसूली, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाएं, ई-ऑफिस प्रणाली जल निगम, जीरो पावर्टी अंतर्गत 8 विभागों द्वारा कराए जाने वाले कार्यों- निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग जन पेंशन,किसान सम्मान निधि, पीएम जन आरोग्य योजनासामुहिक विवाह, आदि की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विभागों द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारीगण प्रत्येक दशा में योजनाओं के संचालन में समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, आम जनमानस की शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये कि विभागीय योजनाओं के आच्छादन सहित लाभार्थीपरक योजनाओं को लक्ष्य के सापेक्ष ससमय पूर्ण कर लिया जाये, किसी भी प्रकार से लम्बित मामलों को अविलम्ब निस्तारित करा दिया जाये।इस अवसर पर डीएफओ, डीसी मनरेगा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार के गलत फैसले के खिलाफ लड़ने को तैयार रहे कांग्रेसीः चेतनारायण

अयोध्या।कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान की शुरूआत शुक्रवार को माया ब्लॉक एवं पूरा ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक कर किया गया ,माया ब्लॉक में बैठक की अध्यक्षता माया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राज प्रताप सिंह ने किया एवं पूरा ब्लॉक में बैठक की अध्यक्षता पूरा ब्लॉक अध्यक्ष रामकिशोर वर्मा ने किया ,बैठक का संचालन राजू सैनी ने किया, दोनों ब्लॉक के बैठकों में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के कोऑर्डिनेटर श्रीराम गिरी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनारायण सिंह रहे । बैठक को संबोधित करते हुए श्रीराम गिरी ने कहा कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकताओं के मान-सम्मान के प्रति कटिबद्ध है पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी का सम्मान है हमारे नेता राहुल गांधी ने संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी को मजबूती देते हुए कांग्रेस कार्यकताओं के मनोबल बढ़ाने की बात कही है ,कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा किसी पार्टी की मजबूती उस पार्टी के निचले स्तर के कार्यकताओं की मजबूती में निहित है और हमारा लक्ष्य है कि हमारा एक-एक कार्यकर्ता इतना मजबूत हो कि भाजपा सरकार के गलत फैसले के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार रहे , उन्होंने कहा पार्टी कार्यकताओं को लाम्बद कर किसी भी प्रकार की लड़ाई लड़ी जा सकती है, संगठन सृजन अभियान के सहारे हम अपना लक्ष्य हासिल कर हमारे नेता राहुल गांधी के सपनों साकार कर सकते हैं जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा संगठन सृजन अभियान आगामी चुनाव के लिए नींव का पत्थर साबित होगी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता श्री पाठक ने बताया बैठक को संबोधित करने वाले प्रमुख लोगों में कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सिंह,राजेंद्र प्रताप सिंह, रामदास वर्मा, अनिल तिवारी ,अनिल सिंह, सियाराम वर्मा , शैलेंद्र विक्रम सिंह, बृज बिहारी सिंह आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## अराकतत्वों ने मंदिर में तोड़ी मूर्तियां

**सीतापुर।** महोली कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मावली गांव में अज्ञात अराकतत्वों ने गायत्री मंदिर में तोड़फोड़ की। मंदिर में स्थापित चार में से तीन देवी मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। शुक्रवार सुबह लगभग 5 बजे मंदिर के पुजारी अशोक कुमार मिश्रा जब सफाई के लिए पहुंचे, तो उन्होंने मूर्तियों की क्षतिग्रस्त स्थिति देखी। कात्यायनी देवी और गायत्री माता की मूर्तियों के दो-दो टुकड़े कर दिए गए थे। सरस्वती देवी की मूर्ति की नाक भी तोड़ दी गई थी। पुजारी की सूचना पर ग्रामीण एकत्र हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। गायत्री देवी की मूर्ति का दूसरा हिस्सा मंदिर के पीछे एक प्लॉट से बरामद किया गया। स्थानीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने भी घटनास्थल का दौरा किया और घटना की निंदा की। यह मंदिर 1994 में मुन्नी देवी द्वारा स्थापित किया गया था। लगभग 3400 की आबादी वाले इस ब्राह्मण बहुल गांव में 46 मंदिर हैं। पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फोर्स तैनात कर दी है। इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चैबे के अनुसार, नई मूर्तियां मंगवा ली गई हैं और उन्हें विधि-विधान से स्थापित किया जा रहा है। गांव में शांति-व्यवस्था कायम है।

## मजदूर की दीवार के नीचे दबकर मौत

**सीतापुर।** सिधौली इलाके में निमार्णाधीन मकान में लिंटर का पटरा खोलते समय दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मानपुर निवासी 30 वर्षीय सुधीर कुमार यादव वर्तमान में सिधौली के संत नगर मोहल्ले में रह कर मजदूरी करता था। सुधीर बंदरिया बाजार स्थित निमार्णाधीन मकान में दरवाजे के ऊपर लगे लिंटर का पटरा खोल रहा था। मृतक के भाई रामकुमार ने बताया कि पटरा खोलते समय अचानक दीवार गिर गई। सुधीर दीवार के नीचे दब गया। परिजन तुरंत मलबा हटाकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली ले गए। वहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एसडीएम ने की स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**सीतापुर।** मिश्रिख के उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा ने श्रावण मास के पहले दिन नैमिषारण्य स्थित प्राचीन देवदेवेश्वर मंदिर में स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। उन्होंने मंदिर और घाट पर स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई की। शुक्रवार की सुबह एसडीएम मिश्रा के साथ नायब तहसीलदार राम सूरत यादव और अन्य सहकर्मी भी मौजूद रहे। एसडीएम ने सफाई कर्मियों के साथ मिलकर मंदिर परिसर की सफाई की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिरों और घाटों जैसे धार्मिक स्थलों की स्वच्छता की जिम्मेदारी सभी की है। एसडीएम ने सफाई कर्मचारियों को श्रावण मास के दौरान सभी घाटों और मंदिरों की नियमित सफाई के निर्देश दिए। उनकी इस पहल की क्षेत्र के लोगों ने सराहना की। इस कदम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया।

# डीएम व एसपी कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे चहलारी घाट

जिला संवाददाता



**सीतापुर।** पवित्र सावन माह में होने वाली कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जनपद सीतापुर के रेउसा ब्लॉक अंतर्गत चहलारी घाट का डीएम सीतापुर अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सम्बंधित विभागों के साथ निरीक्षण किया। डीएम ने घाट की बेरिकेटिंग, विद्युत व्यवस्था, महिला चेंजिंग रूम, सीसीटीवी कैमरों, पुलिस बल की पर्याप्त उपलब्धता, पीने योग्य जल, मोबाइल शौचालय, स्वास्थ्य शिविर, मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था जैसे तमाम बिंदुओं पर अधिकारियों से विचार - विर्मश किया। डीएम अभिषेक आंनद ने किसी भी बिंदु पर शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि चहलारी घाट से कांवरिया जल भरकर बड़ी मात्रा में बिसवां स्थित पत्थर शिवाला, छोटी काशी गोला, लोधेश्वर महादेवा जाते हैं। आने वाले रविवार से ही कांवरिये जल भरना शुरू हो जाएंगे। इसलिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस मौके पर एसडीएम बिसवां शिखा शुक्ला, सीओ बिसवां दिनेश शुक्ला, तहसीलदार बिसवां उमाशंकर त्रिपाठी, जिला आबकारी अधिकारी डॉ महेंद्र वर्मा, बीडीओ रेउसा प्रवीनजीत, पीएसी बटालियन कमांडर जयवीर सिंह यादव, सीएचसी रेउसा अधीक्षक अनन्त मिश्रा, इंस्पेक्टर थानगांव विमल गौतम, थानाध्यक्ष रेउसा हनुमन्तलाल तिवारी, लेखपाल राकेश यादव,सहायक विकास अधिकारी ओमेंद्र पाल सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव, ग्राम विकास अधिकारी अवनीश शुक्ला, ग्राम पंचायत अधिकारी मुकेश नाथ त्रिवेदी सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कारगिल युद्ध के नायकों और शहीदों की वीरांगनाओं को किया जायेगा सम्मानित

**सीतापुर।** कमांडर राजीव कुमार पाठक जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि कारगिल विजय दिवस की गौरवमयी स्मृति की श्रंखला में हमारे वीर पूर्व सैनिकों के अद्वितीय साहस, त्याग एंव राष्ट्रसेवा को सम्मानित करने के उद्देश्य से 7वीं कुमाँयू बटालिन द्वारा एक जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन 23 जुलाई को सीतापुर में किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम पूर्व सैनिकों के साथ संवाद कल्याण से जुड़ी समस्याओं के समाधान पेंशन सहायता पुनर्वास एवं सामुदायिक एकजुटता के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

इस दौरान कारगिल युद्ध के नायकों और शहीदों की वीरांगनाओं को सम्मानित किया जायेगा तथा भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान हेतु सीतापुर में 23 जुलाई को विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में 23 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 23 जुलाई को समय प्रातः 11.00 बजे वीर सैनिकों वीर नारियों और कारगिल युद्ध के दिग्गजों के लिये सम्मान और सहभागिता कार्यक्रम एवं पूर्व सैनिकों का अभिनंदन एवं संवाद सत्र जिलाधिकारी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में परिसर में तथा 23 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे स्पर्श, ई0सी0एच0एस0, पेंशन और रोजगार से संबंधित शिकायतों का निवारण एवं कौशल विकास एवं रेजिमेंटल जुड़ाव संबंधी कार्यक्रम जिल सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय सीतापुर में आयोजित किया जायेगा।

## वर्ल्ड पुलिस गेम में गोल्ड मेडल जीतने वाली निकिता वर्मा को किया सम्मानित

**उन्नाव।** सिविल लाइन केवटा तालाब निवासी बबलू वर्मा की पुत्री निकिता वर्मा ने गत दिनों अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित पुलिस खेलो में अमेरिका में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर ष्नर सेवा - नारायण सेवा ष्के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने अपने साथियो के साथ उनके आवास पर पहुंच कर बेटी निकिता वर्मा को अंग वस्त्र ,पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## शिवराजपुर के खेरेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने दर्शन पूजन किया



**फतेहपुरचैरासी, उन्नाव।** क्षेत्र के स्थानीय शिव मन्दिरों में शुक्रवार से पवित्र श्रवण मास प्रारंभ होने पर जहां भक्तों ने सुबह से पहुंचकर पूजा अर्चना की वहीं विख्यात शिवराजपुर के खेरेश्वर मन्दिर तथा मल्लावां स्थित सनाथी नाथ मन्दिर हजारों भक्त दर्शन पूजन के लिए गए। इन दोनों मन्दिरों में दर्शन पूजन के लिए सावन माह भर हजारों भक्त प्रति सोमवार जाते हैं। कस्बा फतेहपुर चैरासी एवम ऊगू स्थित आनंदेश्वर, कालेश्वर, गौरीशंकर, रामेश्वर, मंगलेश्वर तथा नीलकंठेश्वर और मुख्यबाजार के शिव मन्दिरों में पहुंचकर शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर, बेलपत्र चढ़ाकर पूजा अर्चना की।

## कांवड़ यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए तहसील प्रशासन ने कसी कमर



**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के पाटन, धानी खेड़ा, बक्सर, ऊँचगॉव, बाबू खेड़ा, भगवंतनगर, सुमेरपुर, बीघापुर, बिहार में श्रावण मास में कावड़ यात्रा के मद्देनजर श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा का ध्यान रखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है।उपजिलाधिकारी रणबीर सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव व खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार कटियार ने संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान तहसील क्षेत्र में सड़कों के किनारे खुले में बिक रहे मांस की दुकानों को तत्काल बंद कराया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को सावन माह की समाप्ति तक मांस विक्रय बंद रखने के निर्देश भी दिए। प्रशासन का कहना है कि यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि कावड़ यात्रा में किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े और क्षेत्र में सौहार्द का वातावरण बना रहे। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें और प्रशासन का सहयोग करें।

# आलोक सीतापुरी के जन्मोत्सव में जुटे प्रदेश भर के कवि

जिला संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद के जाने-माने लोकगीतकार कुंवर योगेंद्र बहादुर सिंह उर्फ आलोक सीतापुरी के 76वें जन्म दिवस के अवसर पर आलोक लोक सेवा संस्थान के तत्वावधान में तहसील लहरपुर स्थित ग्राम रिहार में एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित कवि समूह ने

● आलोक सीतापुरी गीत शिरोमणि उपाधि से विभूषित

श्री सीतापुरी एवं उनकी प्रिय शिष्या बिंदु प्रभा को उनके जन्म दिवस पर अपनी काव्य पंक्तियों के माध्यम से बधाई एवं उनके दीघार्यु होने की शुभकामनाएं संप्रेषित कीं।

उक्त अवसर पर संस्कार भारती जिला समिति के पदाधिकारियों द्वारा श्री सीतापुरी जी को गीत शिरोमणि उपाधि से विभूषित किया गया। उपरोक्त के साथ-साथ दूर-दूर से पधारे हुए अनेक कवियों के साथ-साथ स्थानीय कवियों ने अपना सर्वोत्तम काव्य पाठ किया। उपरोक्त अवसर पर संस्थान द्वारा कार्यक्रम अध्यक्ष आचार्य ओम नीरव को महाकवि पद्माकर स्मृति सम्मान, मुख्य अतिथि डॉक्टर रामकरण सैलानी को महाकवि मतिराम स्मृति सम्मान, कमलेश मौर्य मृदु को आशुकवि काका हाथरसी स्मृति सम्मान, इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर को महाकवि चंदबरदाई स्मृति सम्मान, विष्णुकांत मिश्रा को पंडित उमादत्त सारस्वत स्मृति सम्मान, विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव प्रेम को मुंशी प्रेमचंद स्मृति सम्मान, स्मिता श्रीवास्तव को विद्योत्मा स्मृति सम्मान, अवनीश त्रिवेदी अभय को जावेद अख्तर स्मृति सम्मान, विशिष्ट अतिथि केदारनाथ शुक्ल को वंशीधर शुक्ल स्मृति सम्मान, गौरव गौरवान्वित को महाकवि भूषण स्मृति सम्मान, शिव प्रताप सिंह चैहान शौर्य को देवशर्मा बाजपेई स्मृति सम्मान, डॉ मनोज दीक्षित दिवाकर को रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सम्मान, शिव प्रताप जायसवाल को सुरेश फक्कड़ स्मृति सम्मान, डॉ सतीश चंद्र वर्मा को आदित्य अवस्थी उर्फ दिनेश दादा स्मृति सम्मान, डॉ. संजीव सिंह को लवकुश दीक्षित स्मृति सम्मान, रामदास वैश्य रामू को माया प्रकाश अवस्थी स्मृति सम्मान, आचार्य अंबिका तिवारी अंबुज को हास्य कवि मंगल सिंह स्मृति सम्मान, विजय प्रताप पांडे को गणेश दत्त सारस्वत स्मृति सम्मान, शिवांश सिंह सुंदरम को श्रीलाल शुक्ल स्मृति सम्मान, इंजी. राजन सिंह को महामना मदन मोहन मालवीय स्मृति सम्मान, मौलाना अबुल खैर नदवी को काव्यश्री सम्मान, दीपक शर्मा सार्थक को गोपाल दास नीरज स्मृति सम्मान, तथा सुयश श्रीवास्तव को गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति सम्मान प्रदान किए गए। उपरोक्त अवसर पर पूनम-जितेंद्र सिंह, प्रीति सुरेंद्र सिंह, रीतू- अभिषेक सिंह, शारदा रणबहादुर सिंह आदि सहित बहुत से ग्रामवासियों ने इस आयोजन का जमकर आनंद लूटा। उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन आशु कवि मृदु ने किया।




## वृद्धा की सांप काटने से मौत



सीतापुर। तम्बौर इलाके में एक वृद्धा की जहरीले सांप के काटने से हुई मौत के बाद एक बाबा ने 24 घण्टे में जिंदा करने का सनसनीखेज दावा किया है। इस तरह की हुई घटना के बाद घटना स्थल पर देखने वालों का काफी जमावड़ा लग गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के चकपुरवा गांव में दोपहर बारह बजे 60 वर्षीय कलावती पत्नी स्व. अर्जुन को किसी जहरीले सांप ने काट लिया जिसके बाद परिजन वृद्धा को अचेतावस्था में इलाज के लिए बिसवां खुर्द लेकर गए वहां राहत न मिलने पर बीसीएम हॉस्पिटल खैराबाद लेकर गए। परिजनों ने बताया बीसीएम के डॉक्टरों ने इनके शरीर मे अब कुछ नही है कहकर घर ले जाने की सलाह दी। डॉक्टरों के कहने पर परिजन वृद्ध महिला के मृत शरीर को घर ले आये। शाम को एक बाबा घर आये और मृत वृद्ध महिला को जीवित करने की बात कही। जिस पर परिजनों ने भरोसा कर बाबा की बात मान ली। बाबा ने मृत महिला के पूरे शरीर को रात आठ बजे गोबर से ढक दिया और बताया चैबीस घण्टे पूरे होने पर मृतक वृद्ध महिला जीवित हो जाएगी। बाबा के इस सनसनीखेज दावे की हवा पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई जिसके बाद बाबा का यह कारनामा देखने वालों की काफी भीड़ इकट्ठा होने लगी। बाबा ने अपना नाम कृपालनाथ बताया और कहा मैं हजरतपुर व इच्छा गांव स्थित कुटी में रहता हूँ।

## लाइनमैन की करंट लगने से मौत

**सीतापुर।** सदरपुर क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम निवासी लाइनमैन की बीती गुरुवार की देर रात लाइन सही करते समय करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बजेहरा निवासी संजय यादव पुत्र कैलाश, देवरिया पावर हाउस में लाइनमैन का काम करता था। जो कुछ दिन पहले सरकार के द्वारा हटा दिया गया था। गुरूवार की रात को देवरहा निवासी संजय चैहान ने फोन करके लाइन फाल्ट सही करनें के लिए बुलाया था।

फाल्ट सही करते समय करंट लगने से संजय यादव जमीन पर गिर पड़े। जिसे ग्रामीणों द्वारा 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद ले जाता गया।

जहां डॉक्टरों ने देखकर मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक के शव को परिजन घर लेकर चले गये ।

# देर रात खेत में दिखा बाघ, ग्रामीण भयभीत

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र में एक बार फिर जंगली जानवर की दहशत फैल गई है। बीते दिनों खेत में तेंदुआ दिखाई देने के बाद गुरुवार देर रात एक बाघ देखे जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात गांव के किसान कप्तान अपने खेत में शिवम, अंकुर और रानू के साथ धान की रोपाई कर रहे थे। तभी पास ही किसी भारी जानवर की आहट सुनाई दी। जब कप्तान ने ट्रैक्टर की लाइट जलाई तो सबके सामने बाघ दिखाई पड़ा। अचानक रोशनी पड़ने से घबराकर बाघ पास के गन्ने के खेत में भाग गया। इस दृश्य को देख खेत में काम कर रहे लोग दहशत में आ गए और गांव पहुंच कर पूरी घटना की जानकारी दी। बाघ देखे जाने की खबर फैलते ही गांव में खौफ का माहौल बन गया। ग्रामीण धीरेंद्र मिश्रा समेत कई लोगों ने बताया कि अब लोग रात के समय घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं। बच्चे और बुजुर्ग खास तौर पर भयभीत हैं।

### पालतू कुत्तों को जंगली जानवर ने बनाया शिकार

गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले भी इसी गांव में तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि वन विभाग द्वारा की गई थी। उस समय दो पालतू कुत्तों को भी जंगली जानवर ने अपना शिकार बना लिया था। अब बाघ की मौजूदगी से लोगों की चिंता और बढ़ गई है। वन विभाग को घटना की सूचना दे दी गई है। विभाग के वन दरोगा ने बाघ की पुष्टि करते हुए बताया कि उपलब्ध फोटो में बाघ स्पष्ट नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को विभाग की टीम गांव पहुंचकर पूरे क्षेत्र में कांबिंग करेगी।

## युवक की इलाज के दौरान कानपुर के अस्पताल में मौत

**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** हरदोई उन्नाव सडक पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान कानपुर के अस्पताल में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। गुरुवार की रात करीब 11 बजे के आसपास शिवम उर्फ शिवा पुत्र महेश उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम ककरौरा थाना सफीपुर अपने रिश्तेदार के यहां थाना मल्लावां के किसी गांव जनपद हरदोई के यहां से अपनी मोटर साइकिल से वापस आ रहा था कि ग्राम मंगली खेड़ा के पास अज्ञात वाहन द्वारा शिवा की बाइक को टक्कर मार दी गई।जिसमे शिवा घायल हो गए जिसको एंबुलेंस द्वारा सीएचसी फतेहपुर चैरासी लाया गया जिसको डॉक्टर द्वारा जिला अस्पताल उन्नाव रेफर किया गया है।लेकिन परिवारीजनों द्वारा घायल शिवा को कानपुर के हैलेट में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान शिवा की मौत हो गई। शिवा ड्राइवर का काम करता था। शिवा की मौत से परिजन रो रो कर बेहाल हैं।

## भैसों से लदा डीसीएम चालक छोड़ भगा, मिलीभगत की तरफ इशारा



**बिछिया, उन्नाव।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव कुड़ेहरी निवासी अनिल अपनी तीन वर्षीय बेटी शुभी के साथ शुक्रवार सुबह बाइक से ससुराल से वापस घर लौट रहा था तभी दही मोहनलाल गंज मार्ग पर तौरा गांव के पुरवा की तरफ से तेज रफ्तार मवेशियों से लदा डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अनिल व बेटी शुभी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस से पुरवा सीएचसी लाया गया। जहां अनिल की हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वही घटना के बाद चालक डीसीएम को मौके पर छोड़कर भाग गया। भैंसों को लेकर जा रहे डीसीएम को पुलिस द्वारा ना रोका जाना पुलिस की मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि मिनी ट्रक को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर के रोटावेटर में फंसकर किसान की मौत

पाटन, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम लालखेड़ा में एक दर्दनाक हादसे में 24 वर्षीय किसान रोहित यादव की ट्रैक्टर के रोटावेटर में फंसकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर में घास-पत्तियां फंस जाने पर रोहित ने ट्रैक्टर को बंद किए बिना ही सफाई शुरू कर दी। इसी बीच उनका हाथ मशीन में फंस गया और रोटावेटर की तेज ब्लेडों की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीण रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि रोहित अपने परिवार का इकलौता सहारा थे। उनके पिता पारसनाथ यादव का पहले ही निधन हो चुका है। खेती-किसानी से ही रोहित अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। सूचना पर थाना बिहार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना प्रतीत होती है। मामले की जांच की जा रही है। इस घटना को लेकर कृषि विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि रोटावेटर या किसी भी कृषि यंत्र की सफाई या मरम्मत से पहले मशीन को पूरी तरह बंद कर देना अनिवार्य है। चालू हालत में किसी भी मशीन के पास जाना जानलेवा साबित हो सकता है।

## सी0एम0 डैशबोर्ड की ओवर आल रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में मिला 9वां स्थान

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सघन समीक्षा एवं पर्यवेक्षण के फलस्वरूप शासन द्वारा माह जून के लिए जारी की गई सी.एम. डैशबोर्ड की ओवरआल रैंकिंग में जनपद बहराइच को प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि राजस्व, विद्युत, कृषि, ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन व उद्योग विभाग द्वारा शत-प्रतिशत अंक अर्जित करने के परिणामस्वरूप ओवर आल रैंकिंग में जिले को 9वां स्थान प्राप्त हुआ है। यदि राजस्व विभाग की बात की जाय तो जनपद को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

# 150 गांवों में जागरूकता वैन के जरिये होगा व्यापक प्रचार-प्रसार



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व जनसंख्या दिवस एवं विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के शुभारम्भ के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं स्वयं सेवी संगठन पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने परिवार

● इतनी भी क्या जल्दी है विषयक कार्यशाला की गयी आयोजित

नियोजन के सम्बन्ध में व्यापक जन जागरुकता प्रसारित किए जाने के उद्देश्य से पोस्टर, लघुफिल्म आदि का अनावरण किया तथा जागरूकता वैन भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता वैन के माध्यम से जनपद के लगभग 150 गावों में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर ह्यइतनी भी क्या जल्दी हैह्य विषयक कार्यशाला भी आयोजित की गयी जिसमें उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा परिवार नियोजन के लाभ, उपायों आदि के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी जागरूक हों। अभियान का मुख्य उद्देश्य सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन लाना है, जिससे लोगों तक सही जानकारी पहुंच सके। इसलिए अभियान के दौरान व्यापक जन जागरूकता की जायेगी। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वह अपनी जिम्मेदारियों को पूरी गंभीरता से निर्वहन करते हुए अभियान को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा की गयी पहल की भी जिलाधिकारी ने सराहना की। ?इस अवसर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनसंख्या नियंत्रण के सम्बन्ध में गठित डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की प्रथम बैठक भी आयोजित की गयी। जिसमें सभी सम्बंधित सदस्यों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों के विषय जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप के सभी सदस्य पूर्ण निष्ठा से कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। ?मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश कुमार में अभियान के दौरान कार्ययोजना के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 11 से 18 जुलाई तक विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसके दौरान परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। फ्रंट लाइन वर्कर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो सभी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेंगे। खैराबाद, महमूदाबाद एवं सिधौली विकास खण्ड के लगभग 150 गांवों में एलईडी वीडियो वैन ह्यसारथीह्य के माध्यम से प्रचार प्रसार कराया जायेगा। लोगों की काउंसलिंग भी करायी जाएगी। ?पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों ने अभियान के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा जनपद में संचालित ह्यउम्मीदह्य प्रोजेक्ट के अंतर्गत संचालित कार्यों के विषय में भी बताया। ?इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्भव अभियान की सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्भव अभियान 5.0 के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि समय से फीडिंग का कार्य कराया जाये। यह अभियान कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों के चिन्हीकरण एवं उन्हें समुचित उपचार उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। जो आगामी 30 सितम्बर तक चलेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की जांच समय से की जाये तथा उनके उपचार हेतु प्रबंध किया जाये। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यायालय सूचना

**एम.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग 7**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी स्थान मिश्रिख सीतापुर**
**वाद सं.-173**
**अ.धा. 116 भा.रा.सं.**
**तारीख पेशी- 25.07.2025**

दुर्गेश सिंह आदि

**बनाम**

अजेन्द्र सिंह आदि
1- माधुरी पत्नी वीरभान सिंह
2- सिद्धार्थ शेखावत पुत्र वीरभान सिंह
3- नवेन्द्र सिंह पुत्र जदुनन्दन सिंह
4- धर्मेन्द्र सिंह पुत्र नागेन्द्र सिंह व अन्य सर्वगण नि.- बीहट बीरम पर महोदय तह. मिश्रिख जिला सीतापुर।

चूँकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्शित करने के लिए 25.07.2025 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 09.07.2025 दिवस को निकाली गई।

**न्यायालय**

संक्षेप

## गीता जयंती एक्सप्रेस से यात्री की नकदी चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला पन्ना अंतर्गत अजय गढ़ के पड ?टा में रहने वाले संजय अहिरवार पुत्र जगदीश ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 26 जून 2025 को ट्रेन संख्या 11842 गीता जयन्ती एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-03 की सीट संख्या 39 पर बैठकर कुरूक्षेत्र से खजुराहो आने के लिए सफर कर रहा था। उसने अपना बैग सीट के नीचे रखा और सो गया। अगले दिन 27 जून को सुबह 5 बजे उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि ललितपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी थी। उसने अपने सामान को देखा तो पाया कि बैग की चेन खुली थी और जांच करने पर पाया कि उसके बैग में रखी 31 हजार 500 रुपये की नकदी, गायब है। घटना की सूचना उसने रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर दी। इसके बाद उसने छतरपुर आने पर ट्रेन से उतरकर जीआरपी पुलिस के सहायता केन्द्र पहुंच कर मौखिक शिकायत दर्ज करायी थी। प्रकरण को लेकर जीआरपी ललितपुर पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ बीएनएस कजी धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कॉलेज परिसर में छात्र नेता से मारपीट ,कार्रवाई की मांग

**स्योहारा, बिजनौर।** छात्रों की समस्या उठाने वाले छात्र नेता पर कॉलेज परिसर में जानलेवा हमला कर दिया। पीडित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थाना स्योहारा क्षेत्र मौ0 मिल्कियान निवासी मौ0 कलीमुद्दीन उर्फ शानू शेख पुत्र नजमूद्दीन एलएलबी का छात्र है। शुक्रवार को मौ0 कलीमुद्दीन उर्फ शानू शेख अपने प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए लोकमानी कॉलेज स्योहारा गया था। कॉलेज परिसर में पहले से मौजूद राजा ने आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए अवैध हथियारों से अचानक उन पर हमला कर दिया। पीडित का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसका मोबाईल भी टूट गया व हाथ की घड़ी व कुछ पैसे निकल गये।

शानू शेख का कहना है कि कॉलेज प्रशासन की भूमिका भी संदिग्ध है, क्योंकि पूर्व में कॉलेज प्रशासन द्वारा की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ उन्होंने खुलकर विरोध प्रदर्शन किया था। इस प्रकरण के चलते यह हमला उसी रंजिश एंव साजिश का हिस्सा हो सकता है।

पीडित शानू शेख ने आरोपी के खिलाफ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है।

# सामाजिक बदलाव सरकारें नहीं समाज किया करता है: रवीन्द्र शुक्ला



**ललितपुर।** गुरुपूर्णिमा के अवसर पं. बाबूलाल द्विवेदी मानस मधुप द्वारा एक विद्वत/कवि संगोष्ठी का आयोजन एक होटल में किया गया। प्रथम सत्र में महर्षि वेदव्यास का पूजन कर देश भर से आए विद्वान साहित्य साधकों का प्रो.राकेश नारायण द्विवेदी एवं नीरज द्विवेदी द्वारा स्वागत किया गया। विदिशा से आए संस्कृत विद्वान अखिलेश्वर मालवीय ने कश्मीरी शैव दर्शन के आधार पर गुरु तत्व की व्याख्या की। मुख्य अतिथि पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री द्विवेदी ने युवाओं को भारतीय ग्रंथों और उसके मार्गदर्शन सिद्धांतों के पालन की बात कही। आचार्य पं.बाबूलाल द्विवेदी द्वारा रचित पुस्तक बूढ़े नर ही नारायण हैं का लोकार्पण किया गया। डा.सुकदेव बाजपेयी ने इस कृति की विशद विवेचना की और इसमें बूढ़े कौन हैं, इसकी व्याख्या की। विजय प्रकाश सैनी झांसी, संतोष पटैरिया महोबा, डा.देवदत्त द्विवेदी बड़ा मलहरा, डा.राजेंद्र तिवारी टीकमगढ़, डा.पूरनसिंह निरंजन ललितपुर,

- सामाजिक परिवर्तनों को हमे स्वीकार करना चाहिए: डीआईजी
- गुरूपूर्णिमा पर मानस मधुप ने विद्वत-कवि गोष्ठी का हुआ आयोजन

डा.रवीन्द्र शुक्ल ने कहा कि सामाजिक बदलाव सरकारें नहीं समाज किया करता है। हमारी गुरु परंपरा का दुनिया में विशेष स्थान रहा।

विशिष्ट अतिथि डीआईजी झांसी केशवदेव चैधरी ने मैथली शरण गुप्त की कविता हम कौन थे क्या हो गए है और क्या होंगे अभी को उद्धत करते हुए कहा कि हो रहे सामाजिक परिवर्तनों को हमे स्वीकार करना चाहिए और इसकी सीमाएं निश्चित करते हुए आगे बढ?ा चाहिए। अध्यक्षता कर रहे डा.जवाहर लाल राजकुमार शर्मा, राजेश दुबे, वीरेंद्र त्रिपाठी ओरछा, लक्ष्मीनारायण पटैरिया, डा.राजेश तिवारी मक्खन आदि ने पुस्तक के रचयिता बाबूलाल द्विवेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र का संचालन ओमप्रकाश तिवारी ने किया। द्वितीय सत्र में कवि गोष्ठी का आयोजन श्रीराम नामदेव काका की अध्यक्षता में किया गया। सरस्वती वंदना के उपरांत रामानंदजी नंद, प्रभुदयाल श्रीवास्तव, ओमप्रकाश तिवारी, पूरनचंद गुप्ता, वीरेंद्र त्रिपाठी, डा.देवदत्त, सुदेश सोनी, जहीर ललितपुरी, बृजलता मिश्रा आदि ने देश की दिशा और दशा पर अपनी काव्य रचनाएँ प्रस्तुत की। संचालन संतोष पटैरिया महोबा ने किया। कार्यक्रम संयोजक एवं जन सामान्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व डीआईजी जुगुलकिशोर तिवारी द्वारा शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान अशोक शुक्ला, विनोद शर्मा, जयशंकर द्विवेदी, अवध बिहारी कौशिक, सम्मर सिंह, भगवत दयाल, अवधेश कौशिक, हाकिम सिंह, आशीष रावत, सहावेन्द्र प्रताप सिंह बानपुर, दुर्गाप्रसाद पाठक, डा.किरन वाजपेयी, शीलचंद जैन, बृजेश कौशिक, राकेश शर्मा, भक्तराज सिंह, अनिल तिवारी, अशेष, जगवीर सिंह, पीयूषा, ज्योत्सना, गौरव नामदेव, श्यामा द्विवेदी, रानी, जितेंद्र, विश्वास, मनोज तिवारी, धर्मेन्द्र पाठक, ईशान द्विवेदी, प्रदीप रिछारिया, मनोज रिछारिया, सुनीता नामदेव, दिव्यांशी, हरिनारायण चैबे, दिवाकर शुक्ला, शिवराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गौशालाओं में स्थापित होंगी सोलर लाइटें

**बहराइच।** क्रिटिकल्स गैप योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत शासन द्वारा रू. 02.00 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई है। योजनान्तर्गत उपलब्ध धनराशि रू. 1.40 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों तथा रू. 60 लाख की धनराशि शहरी क्षेत्र के विकास में व्यय की जायेगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित गौआश्रय स्थलों में रू. 1.40 लाख की लागत से 03-03 के.वी.ए. क्षमता के सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना तथा बाउण्ड्रीवाल के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को स्टीमेट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि शहरी क्षेत्र अन्तर्गत क्रिटिकल गैप मद में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष रू. 40 लाख की लागत से जिला सूचना विज्ञान केन्द्र में वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। डीएम मोनिका रानी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासी राम को निर्देश दिया कि क्रिटिकल गैप योजनान्तर्गत 2022-23 व 2023-24 में कराये गये कार्यो का उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करायें। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्षा अपने अपने क्षेत्र के गडढो और तालाबों में गहरे पानी का संकेतांक लगवा दें।

## दबंगो ने की मामूली कहासुनी में महिला की हत्या, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**बिजनौर।** मामूली कहासूनी के चलते एक महिला को मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। हत्या की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) ने घटनास्थल का मौका मुयाना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर के ग्राम काजीवाला निवासी तवक्कुल अपने परिवार के साथ रहता है और रिक्शा चलाता है। परिजनों के अनुसार तवक्कुल शुक्रवार की सुबह रिक्शा लेकर बिजनौर चला गया। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने बताया कि दोनो के बीच मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर ईद से विवाद चला आ रहा है। आज भी जब दबंग युवक घर के बाहर मोटरसाइकिल धो रहे थे तो जुबैदा ने उनसे मोटरसाइकिल अपने घर में धोने की बात कही। रास्ते में मोटर साईकिल धोने से मना करने से आक्रोशित होकर युवको जुबेदा के घर में घुसकर उसके सिर पर किसी भारी चीज से हमला किया, जिससे जुबेदा की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजीव बाजपेई ने घटनास्थल का मौका मुयाना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर हत्यारोपियों के मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

## शहीद सैनिक की आश्रित पत्नी को मिली नौकरी



**बांदा।** विगत वर्ष शहीद हुए सैनिक त्रिमोहन सिंह की पत्नी पूनम सिंह को शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति आदेश प्रदान किया। पैलानी तहसील के अतरहट गांव निवासी शहीद सैनिक त्रिमोहन सिंह कांस्टेबल के पद पर भारतीय तिब्बल सीमा पुलिस बल में तैनात थे। उनकी ड्यूटी के दौरान पुलिस बल को रसद पहुंचाने के समय रास्ते में आकस्मिक दुर्घटना होने से मृत्यु हो गयी थी। बताया जाता है कि जब वह रसद लेकर जा रहे थे उसी दरम्यान यह घटना घटी। शासन के निर्देश पर शहीद सैनिक त्रिमोहन सिंह की आश्रित विधवा पूनम सिंह को जिलाधिकारी जे0 रीभा ने शहीद सैनिक की आश्रित के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति आदेश प्रदान किया है। शासन के इस आदेश से शहीद के परिजनों के अलावा क्षेत्र के लोगों ने भी नियुक्ति को लेकर प्रशन्नता जताई है।

## युवा कौशल दिवस 14 व 15 को रोजगार मेला

**बांदा।** विश्व युवा कौशल दिवस 14 जुलाई को और वृहद रोजगार मेला 15 जुलाई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कम्पनी, अधिष्ठान, टाटा टेक्नालॉजी लिमिटेड, एडेको इंडिया प्राइवेट लिमिटेडए वेलस्पन इण्डिया प्रा0लि0, यजाकी इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, डिक्सन लिमिटेड, एम0आर0एफ0 टायर्स लिमिटेड, अपोलो टायर्स, एसआईएस इण्डिया लिमिटेड, टाटा मोटर्स, हीरो मोटो कॉर्प लिमिटेड, भगवती प्रोडक्ट लिमिटेड, हेवल्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, फेम इण्डस्टीज प्राइवेट लिमिटेड आदि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदो के लिए रोजगार मेले में पहुंचने वाले अभ्यार्थियों का चयन किया जायेगा। जिसमें 10वीं, 12वीं, कौशल विकास से प्रशिक्षित, आईटीआई, डिप्लोमा व स्नातक उ×ीर्ण अभ्यार्थी अपने सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ रोजगार मेले में उपस्थित होकर इच्छुक कम्पनियो, प्रतिष्ठिानों में अपना साक्षात्कार दे सकते हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में जहरीला पदार्थ खाने से दंपति की मौत



**ललितपुर।** तालबेहट में दहेज प्रताड़ना से परेशान एक नवविवाहित दंपति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसमें पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति की मौत 14 घंटे बाद इलाज के दौरान हुई। मामला तालबेहट के मोहल्ला तिवरयाना वार्ड नंबर 4 का है। मृतका निशा (24) और उसका

**एक साल पहले दोनों ने किया था प्रेम विवाह**

पति शिवम कुमार (27) पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। बुधवार दोपहर करीब एक बजे दोनों ने जहर खा लिया।

हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने निशा को मृत घोषित कर दिया। शिवम की हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां रात 12. 30 बजे उसकी भी मौत हो गई। निशा के चचेरे भाई अमर चैधरी ने आरोप लगाया कि दोनों का प्रेम विवाह 22 अप्रैल को हुआ था। शादी में लड़की पक्ष ने अपनी हैसियत से बढ़कर दहेज दिया था। कुछ समय बाद निशा के पिता की जमीन बिकी, जिसके बाद ससुराल पक्ष पैसों की मांग करने लगा और निशा को प्रताड़ित किया जाने लगा। परिजनों के अनुसार, 15 दिन पहले निशा को मायके भेज दिया गया था। सात दिन पहले ही वह ससुराल लौटी थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर सास, ससुर, ननद और जेठ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## युवा रचनाकार समय से बाल साहित्य सम्मान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा संचालित बाल साहित्य संवर्द्धन योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 के लिए दिए जाने वाले दस बाल साहित्य सम्मान व कहानी, कविता एवं निबंध प्रतियोगिता के लिए साहित्यकारों, साहित्यिक संस्थाओं से संस्तुतियां आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि बाल साहित्य सम्मान के लिए संस्तुतिकर्ता का स्पष्ट नाम, पता व दूरभाष सहित तथा जिसके नाम की संस्तुति की जा रही है, उसका जीवनवृत संस्तुति प्रपत्र के साथ संलग्न होना अनिवार्य है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने इस संबन्ध में बताया कि प्रत्येक सम्मान की धनराशि रूपए 51 हजार होगी। उन्होंने बताया कि बाल साहित्य सम्मान के लिए संस्तुतियां बाल साहित्य सम्मान संबंधी शीर्षक से निदेशक, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ को 18 अगस्त 2025 तक भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान बाल साहित्य सम्मान नियमावल 2015 संस्तुति प्रपत्र तथा सम्मानों से संबंधित अन्य जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा कहानी, कविता एवं निबंध प्रतियोगिता के लिए युवा रचनाकारों (18 से 30 वर्ष) को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा कहानी, कविता एवं प्रतियोगिता के लिए भी प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि कहानी, कविता, निबंध तीन प्रतियों में कंप्यूटर टाइप ए4 आकार में भेजनी होगी तथा कहानी अधिकतम 2500 शब्द एवं कविता अधिकतम 500 शब्द की होनी चाहिए जबकि निबंध भारतीय संस्कृति और कुंभ विषय पर केंद्रित होगा जो अधिकतम 2500 शब्द का (एक और टंकित) होना चाहिए। कहानी कविता निबंध पर शीर्षक के अतिरिक्त लेखक का नाम व पता अंकित नहीं होना चाहिए तथा अलग पृष्ठ पर कहानी कविता साहित्य के शीर्षक के साथ प्रतिभागी का नाम पता दूरभाष संख्या सहित हाई स्कूल प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, पूर्व में पुरस्कृत पुरस्कार की प्रविष्टि इस विधा में स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 01 सितंबर 2025 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि प्रविष्टियां निदेशक, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, राजर्षी पुरुषोत्तमदास टंडन हिंदी भवन-6 महात्मा गांधी मार्ग, हजरतगंज को 01 सितंबर 2025 तक भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रविष्टि के लिफाफे पर कहानी/कविता/निबंध प्रतियोगिता लिखना अनिवार्य है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के युवा रचनाकारों के लिए है। उन्होंने बताया कि प्रथम पुरस्कार रूपए 7 हजार रुपए द्वितीय पुरस्कार 5 हजार रुपए तृतीय पुरस्कार 4 हतार रुपए तथा सांत्वना पुरस्कार (संख्या-दो) 2 हजार की धनराशि विजेताओं को प्रदान की जाएगी।

## जनसंख्या दिवस पर शगुन किट, परिवार नियोजन पर जोर



**बांदा।** विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन 11 से 18 जुलाई तक होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेन्द्र सिंह ने बताया कि इस थीम का मुख्य उद्देश्य लोगों को सीमित परिवार के बारे मे जागरूक बनाने के साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम को गति प्रदान करना है। मात्र मृत्यु में कमी लाने के लिए परिवार नियोजन सहायक होता है। परिवार नियोजन अपनाने से 30 फीसदी तक मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। प्रचार वाहन के जरिए जिले के सभी शहरी एवं ब्लाकों में परिवार नियोजन का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय में अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ रेखा रानी ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इसमें लगभग 15 विवाहित जोड़ों को शगुन किट वितरित की गयी और उन्हे परिवार नियोजन के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी। इसके तहत पहला बच्चा शादी के दो साल बाद और दो बच्चों के बीच 3 साल का अंतर बताया गया। इस दौरान सीएमएस डॉ सुनीता सिंह, मंडलीय परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबंधक अमृता राज, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अजय कुमार, डॉ आर्यन प्रसाद, डॉ पी के पाण्डेय, डीआईओ डॉ विजय केसरवानी व बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपा के जिपं सदस्य समेत पांच गैंगेस्टर आरोपी बेदाग बरी

अयोध्या। सत्रह साल पहले प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के.एन. राय से पुराने कार्य के भुगतान के लिए दबाव बनाने एवं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के बहुचर्चित मामले में पांच गैंगेस्टर अभियुक्तों सपा के जिला पंचायत सदस्य राजमणि यादव, राजेन्द्र कुमार, रणधीर सिंह लल्ला, विनोद सिंह व विवेक सिंह पर समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिकनियम का अपराध साबित न होने पर बेदाग बरी हो गये हैं। यह फैंसला विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट) मोहिन्दर कुमार ने वादी एवं गवाहों के बयान तथा बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के पश्चात शुक्रवार को सुनाया है। यह घटना नगर कोतवाली अन्तर्गत पीडब्लूडी कालोनी का वर्ष 2002 का है। बचाव पक्ष से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता नवीन मिश्र, अनुरूद्ध यादव, व दिनेश तिवारी ने पैरवी किया। बहस के दौरान तर्क दिया कि सभी गैंगेस्टर आरोपी निर्दोष हैं। रंजिशन फर्जी फसाया गया है। गवाहों के बयान में भारी विरोधाभाष है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 6 मार्च 2002 को 11 बजे एक काले रंग की बोलेरो गाड़ी पीडब्लूडी कालोनी पर रूकी उसमे से 6 लोग प्रांतीय खण्ड लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के.एन. राय के आवास में गये इसके बाद इन लोगों ने ठेकेदार राजमणि यादव के एक पुराने कार्य के भुगतान के लिए दबाव बनाने लगे उस समय अधिशासी भुगतान का विरोध करने पर इन लोगों ने उन्हें मारने की धमकी दी और अपने वाहन पर बैठकर चले गये।

घटना की रिर्पोट अधिशासी अभियंता ने नगर कोतवाली में विनोद सिंह व ठेकेदार राजमणि यादव के अलावां चार अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध संख्या 383/2002 अन्तर्गत धारा 143, 422, 353, 506 के तहत दर्ज कराया। विवेचना के पश्चात पुलिस ने इन अपराधों के साथ गैंगेस्टर एक्ट की धारा 3 (2) उ.प्र. गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत विवेक सिंह, राजेन्द्र राजभर, रणधीर सिंह लल्ला व किशन सिंह सहित 6 के विरूद्ध आरोप पत्र सम्बंधित कोर्ट में प्रस्तुत किया। न्यायालय में वादी एवं गवाहों के की गवाही शुरू हुई। वहीं बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश तिवारी, अनरूद्ध यादव व नवीन मिश्र ने पैरवी करते हुए गैंगेस्टर आरोपियों को निर्दोष बताया। न्यायालय में सुनवाई के पश्चात सपा के जिला पंचायत सदस्य राजमणि समेत पांच गैंगेस्टर आरोपितों को बरी कर दिया साथ ही किशन सिंह पत्रावली सुनवाई के लिए अलग कर दिया।

## राजकीय आईटीआई में 14 जुलाई को आयोजित होगा वृहद रोजगार मेला

**बहराइच।** मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नानपारा रोड बहराइच के परिसर में 14 जुलाई, 2025 को वृहद रोजगार मेला एवं विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 15 जुलाई 2025 को वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 02 दिवसीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच को नोडल अधिकारी तथा जिला सेवायोजन अधिकारी बहराइच को सह नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि 14 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाले वृहद रोजगार में बड़ी संख्या में नियोक्ता कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग कर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

## परिवार नियोजन कार्यक्रम के सतत प्रयासों से देश की सकल प्रजनन दर में आई है कमी: डॉ. मयंक




**ललितपुर।** विकसित भारत की नई पहचान-ह्वपरिवार नियोजन हर दत्पत्ति की षानह्ल थीम एवं स्लोगन के साथ जिला महिला चिकित्सालय सम्बद्ध स्वषासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में विष्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज ललितपुर के प्रधानाचार्य डा0 मयंक कुमार षुक्ल ने जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी

- जनसंख्या दिवस मनाने का मुख्य उद् देश्य बढती जनसंख्या के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर आमजन का ध्यान केन्द्रित कराना: सीएमओ

दिखाकर सारथी वाहन को रवाना किया। उन्होंने बताया कि भारत विष्व का पहला ऐसा देष है, जहां परिवार नियोजन कार्यक्रम की षुरूआत हुई थी। यह एक अवसर है, जो कि हमारे प्रजनन स्वास्थ्य के महत्व तथा परिवार को नियोजित करने के लिये प्रेरित करता है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के सतत प्रयासों से भारतवर्ष की सकल प्रजनन दर में कमी आई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि विष्व जनसंख्या दिवस मनाने का मुख्य उद्वेष्य बढती जनसंख्या के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर आमजन का ध्यान केन्द्रित करना है। वर्तमान परिदृष्य में आवष्यक प्रजनन स्वास्थ्य सेवायें, आधुनिक, स्थायी व अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों (अल्प व दीर्घ अवधि) पर आधारित होनी चाहिये, जिसको लाभार्थी आवष्यकतानुसार अपना सके। नोडल अधिकारी डा0 प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि जनमानस के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से परिवार नियोजन कार्यक्रम व्यापक रूप से प्रचारित किया जायेगा। उन्होने बताया कि लाभार्थी बास्केट ऑफ च्वाइस के तहत परिवार नियोजन के विभिन्न स्थायी एवं अस्थाई साधनों में से अपने पसन्द के साधन का अपनी सुविधानुसार चयन कर सकते है। उन्होंने दो बच्चों के जन्म में अन्तराल रखने की वर्तमान परिपेक्ष्य में आवष्यकता पर बल दिया। इस दौरान पब्लिक हेल्थ स्पेषलिस्ट डा0 सौरभ सक्सेना ने समुदाय को छोटे परिवार के बडे फायदों के बारे में संदेष दिया।

उसके साथ ही कम आयु में विवाह दुश्परिणामों के बारे में बताया। इस दौरान डा0 पवन सूद, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 षिव प्रकाष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 गजेन्द्र सिंह, डा0 अभिशेक गुप्ता, डा0 डी0के0राज, डा0 रवि पचैरी, डा0 राजेष आर्या, डी0पी0एम0 रजिया फिरोज, डा0 सुखदेव पंकज, डी0डी0एम0 श्री सुरेन्द्र कुमार मौर्या व एम0बी0बी0एस0 छात्र, आषा कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

## नाला सफाई न होने से कई मोहल्लों में भरा पानी



**बांदा।** बारिश शुरू होते ही नगर पालिका परिषद की नाला सफाई की पोल खुल गई। शहर के सेढू तलैया मोहल्ले का नाला पूरी तरह से जाम हो गया जिससे पानी की निकासी बंद हो गई है। सड़कों पर पानी बह रहा है और लोग घरों में कैद हैं। इसी मुख्य वजह नाले की सही प्रकार से सफाई न होना है इसके अलावा जल संस्थान ने पानी की पाइपलाइन को नाले के बीचो-बीच डाल दिया है। उप जिलाअधिकारी के आदेश के बावजूद पानी की पाइपलाइन आज तक नाले के बीच से नहीं हटाई गई। पाइपलाइन में कूड़ा फंसने की वजह से भी पानी की निकासी में रूकावट पैदा हो रही है। कालूकुआं, गायत्री नगर, आजाद नगर, आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज एवं रेलवे लाइन के दोनों तरफ बसी आबादी, हांथी खाना, बाबूलाल चैराहा, पोडाबाग, हुसैनगंज आदि दो दर्जन मोहल्लों का पानी इस नाले से होकर बहता है। सेढू तलैया नाले का निर्माण अभी तक नहीं कराया गया है। छोटी काली देवी मंदिर पुलिया पूरी तरह से बंद हो चुकी है। इसी पुलिया से होकर पानी आगे की तरफ जाता है नाला सफाई न होने के कारण क्षेत्र में भारी गंदगी है इससे बीमारी फैलने की आशंका है। तलैया पूरी तरह से भर चुकी है, नाले से सांप एवं जहरीले कीड़े भी लोगों को अपना शिकार बना सकते हैं। गलियों में अंधेरा होने के कारण आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## पार्षद के साथ मारपीट मामले में ब्राह्मण महामण्डल ने दिया ज्ञापन

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका कार्यालय में वार्ड सं. 15 से पार्षद मनमोहन चैबे एड. के साथ हुयी मारपीट का मामला अब गरमाता नजर आ रहा है। प्रकरण की जांच कराकर हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर ब्राह्मण महामण्डल ने जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि 9 जुलाई को पार्षद मनमोहन चैबे के साथ नगर पालिका के कर्मियों द्वारा प्राणघातक हमला कर बुरी तरह से मारपीट कर अपमानित किया गया।

इस कृत्य की घोर निन्दा करते हुये उन्होंने प्रदेश सरकार से प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करायी जाकर कार्यवाही की जाये, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष अशोक पटैरिया, नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरिबाबू शर्मा, अंकित पटैरिया, पवन संज्ञा, प्रमोद बबेले, डा.मुकेश तिवारी, मदनमोहन शर्मा, श्याम बिहारी चैबे, बलराम पचैरी, शक्ति पाठक, रितु समाधिया, पत्रकार प्रमोद गोस्वामी, पत्रकार अरविन्द संज्ञा, नीरज रिछारिया, नेहा, राजेश दुबे, गीता दुबे, शिवेन्द्र चैबे, राजीव कुमार, प्रमोद कुमार, विपिन पाठक, सौरभ पाठक, आदित्य रिछारिया, संदीप गोस्वामी, राजेश शर्मा, यश प्रताप, गिरीश शर्मा, अभिषेक दुबे, मगन जैन, कृष्ण कुमार, बल्लू, नंदकिशोर कुशवाहा, बृजेश पाल, सोनू शुक्ला, कृष्णकांत कांकर, विकास झां, मनोज पस्तोर, सानू, रजत नामदेव, राहुल चैबे, सुनील चैबे, अरविन्द, अंकित दुबे, कृष्णा शर्मा, भूपेन्द्र, अमन मिश्रा, राजेश, पवन तिवारी, विनोद राजपूत, डा.दीपक पस्तोर, रविशंकर श्रीवास्तव, आदर्श दुबे, अवधेश कौशिक, शुभम शर्मा, वेदप्रकाश लिटौरिया, अक्षय कुमार, ललितकिशोर तिवारी, राज कांकर, राजेश सीरौठिया, सोनम दुबे, दीपक नायक, अखिलेश पाठक, जागेश दुबे, विनोद कुमार सुड़ेले आदि मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने लामबंद होकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर मनीष कुमार को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि 9 जुलाई को जब सफाई कर्मी मंजीत करौसिया नगर पालिका कार्यालय में वेतन प्रमाण पत्र निकालने पहुंचा, तभी पार्षद मनमोहन चैबे ने पूर्व में उधार दिये रुपये, जिसका हिसाब पूर्ण हो चुका है को फिर से मांगने लगे। विरोध करने पर गालियां देते हुये पार्षद ने गाली गलौच कर अपमानित किया।

कर्मचारी ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय मंजीत करौसिया, दीपक घावरी, कुंजबिहारी बाबरा, बृजेश कुमार, संजय बाल्मीकि, मनोज कुमार, अमित, विवेक, देवेन्द्र, राकेश, जितेन्द्र, अजय कुमार, सनी कुमार, योगेश कुमार, राजकुमार नाहर, प्रशान्त, पुष्पेन्द्र, संजय, अर्जुन, नसीर, वीरेन्द्र कुमार, जगदीश, महेन्द्र कुमार, बाबू, पप्पू, कमलेश, दीपक, लव, नीतेश, ब्रजेन्द्र, सतीस, सुरेन्द्र, सौरभ, राहुल, मनीराम, करन, सचिन, अरूणा, सुमित, वर्ष, साहिल, कृष्णकुमार, कुसुम, सुखवती, पुष्पा, मधु, रेखा, अभिषेक, रानू, राज, वर्षा, बैजन्ती, सीला, पूनम, कमला, ऊषा, किरन, सीमा, संगीता, सीमा, राधा, राखी, ममता आदि मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक घायल

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के कांटा चैराहा के निकट हाइवे पर सोहावल की ओर स्कूटी से आ रहे प्राथमिक शिक्षक को एक थार गाड़ी ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद स्कूटी सवार छिटक कर दूर जा गिरा लेकिन स्कूटी आरोपी वाहन में फंसी रह गई। जिसे चालक ने 3 किलोमीटर घसीटा और अरकुना के पास छोड़ा।

## गौवंश संरक्षित करने के डीएम ने दिए निर्देश

**बांदा।** गौवंशों को गौशालाओं में संरक्षित किए जाने की तैयारी को लेकर बैठक हुई। डीएम जे0 रीभा ने खंड विकास अधिकारियों और अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत तथा पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौ-आश्रय स्थलों की जरूरी व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर लिया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि गौवंशों को संरक्षित करते समय गौवंशों की इयर टैगिंग की जाए तथा रजिस्टर में अंकन किया जाए। उन्होने कहा कि बीमार व कमजोर गौवंशों की चिकित्सा का पर्याप्त ध्यान रखा जाए साथ ही वीडियो और ईओ को निर्देश दिए कि प्राथमिकता पर रोड किनारे के गौवंशों को संरक्षित किया जाए। डीएम ने संरक्षण केन्द्रों में केयर टेकर की व्यवस्था करने, सहभागिता पर दिए गये गौवंशों का भी रजिस्टर में अंकन किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अजय कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारी, ईओ नगर पालिका मौजूद रहे।

# संस्थाओं की मर्यादा

राजनीति का स्तर देश में जिस तरह दिनोंदिन गिरता जा रहा है उसमें संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा भी संकट में पड़ गयी है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं में एक तरह से होड़ देखने को मिल रही है कि कौन कितना अपशब्द संवैधानिक संस्थाओं के लिए कहता है। जबकि राजनीतिक कार्यकर्ताओं की पृष्ठभूमि का क्या होती है यह सब जानते हैं। नेतागीरी आमतौर पर मोहल्ले की गुंडई से ही शुरू होती है। यह दुर्भाग्य है कि आज तमाम पार्टियों में जो बड़े-बड़े पदों पर बैठे हैं अगर उनकी पृष्ठभूमि की सही से जांच हो जाये तो बड़ी संख्या में किसी न किसी आपराधिक कृत्य में लिप्त पाये जायेंगे। लेकिन यह राजनीति में आकर देश के संस्थानों को डूबोने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। पता नहीं क्यों राजनीतिक वर्ग को यह लगता है कि देश वही चला रहा है और इसलिए उसके मुंह पर कोई लगाम नहीं होना चाहिए। हाल के दिनों यह प्रवृत्ति और बढ़ी है। अगर सुप्रीम कोर्ट का फैसला मनमुताबिक है, तो वाह-वाह और अगर फैसला खिलाफ गया तो अदालत पर ही सवाल खड़े कर संविधान खतरे में बता देंगे। चुनाव जीत गये तो चुनाव आयोग की जय-जय... और हारे तो चुनाव आयोग बिका हुआ है, सरकार की गोद में खेल रहा आदि आदि। इस तरह के सतही आरोपों और छिछोरी सियासत से देश के संवैधानिक संस्थानों की गरिमा खतरे में पड़ गयी है।




चुनाव आयोग बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची का 'विशेष गहन पुनरीक्षण' कर रहा है। संविधान के अनुच्छेद 326 में उसे यह विशेषाधिकार दिया गया है। भारत की लगभग 78 साल की आजादी और गणतंत्र के 75 सालों में न जाने कितनी बार यह प्रक्रिया सामने आई होगी। मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण का संवैधानिक अधिकार चुनाव आयोग को है। सवाल और आपत्तियां भी की जाती रही हैं। सर्वोच्च अदालत को 1995 में यहां तक फैसला देना पड़ा कि आयोग किसी की 'नागरिकता' तय नहीं कर सकता। व्यक्ति को खुद साबित करना है कि वह भारत का नागरिक है। उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय में भी जाना होगा। वही पात्र मंत्रालय है। चुनाव आयोग कुछ दस्तावेजों के आधार पर तय करता है कि अमुक व्यक्ति 'पात्र मतदाता' है अथवा नहीं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का कहना है कि शुद्ध मतदाता-सूची लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अनिवार्य है। हम चाहते हैं कि कोई भी गैर-भारतीय मतदाता-सूची में शामिल न हो पाये। फिर भी बिहार का विपक्ष चिल्ला रहा है। आरोप लगा रहा है कि विपक्षी गठबंधन के 2-3 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जा सकते हैं। कांग्रेस की आशंका अलग है कि 20 फीसदी मतदाता अपना मताधिकार खो सकते हैं। एडीआर ने इस दलील के साथ सर्वोच्च अदालत में याचिका दी है कि बिहार में पलायन की व्यापक समस्या के कारण 50 फीसदी तक मतदाताओं के नाम सूची से अलग किए जा सकते हैं। इस गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर 10 जुलाई को शीर्ष अदालत में सुनवाई भी हुई। इसकी आगे भी सुनवाई होगी इसलिए विपक्ष को न्यायिक फैसले का इंतजार करना चाहिए। लेकिन वोटों की गोलबंदी के लिए विपक्ष ने बिहार बंद का आयोजन किया। हालांकि अदालतें किसी भी विरोध-प्रदर्शन या चक्का जाम के दबाव में नहीं आतीं। सवाल है कि ड्राफ्ट और अंतिम मतदाता-सूची सार्वजनिक होने से पहले विपक्ष क्यों हंगामा खड़े कर रहा है। वह चुनाव आयोग को कोस रहा है और दूसरी तरफ बिहार में 57 फीसदी से अधिक गणना-प्रपत्र भरे जा चुके हैं। करीब 19 फीसदी लोगों ने अपना फॉर्म आयोग के नेट पर अपलोड भी कर दिया है। फिलहाल पुनरीक्षण में 15 दिन का समय शेष है। विपक्ष ने तेलंगाना में 22 फीसदी मतदाताओं और कर्नाटक में 18 फीसदी मतदाताओं के नाम काटने पर खूब हंगामा मचाया था। दोनों ही राज्यों में कांग्रेस की सरकारें किस तरह बन गईं? जम्मू-कश्मीर में भी पुनरीक्षण के बाद चुनाव हुए थे। वहां भी विपक्ष का एनसी-कांग्रेस गठबंधन जीता और अब उनकी सरकार है। दरअसल चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना एक रुटीन प्रक्रिया है। इसमें विपक्ष को हंगामा करने और चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करने से बचना चाहिए और त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में आयोग की मदद करनी चाहिए।

# देश को संतुलित जनसंख्या नीति की दरकार



अरविन्द जयतिलक

> भारत जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए नयी जनसंख्या नीति लागू करे। अब तक जितनी भी जनसंख्या नीति बनी उनका खास असर नहीं हुआ। 1976 की राष्ट्रीय जनसंख्या नीति में जनसंख्या वृद्धि में कमी लाना, विवाह की न्यूनतम आयु में वृद्धि करना, परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करना तथा स्त्री शिक्षा पर विशेष जोर देने की बात कही गयी। कमोवेश इसी तरह का उद्देश्य 2000 की जनसंख्या नीति का भी था, लेकिन जनसंख्या वृद्धि नहीं रुकी।

भारत चीन को पछाड़कर दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है। जहां चीन की आबादी 142.57 करोड़ है वहीं भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो चुकी है। गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के आंकड़ों में कहा गया था कि चीन के मुकाबले भारत में 30 लाख से अधिक लोग हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के राज्य केरल और पंजाब में बुजुर्गों की संख्या अधिक है वहीं बिहार और उत्तर प्रदेश में युवा आबादी सर्वाधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत की आबादी आने वाले तीन दशकों तक बढ़ती रहेगी और उसके बाद घटनी शुरू होगी। यानि 2050 तक भारत की आबादी 166 करोड़ के पार पहुंच सकता है। उधर, चीन की आबादी घटकर 131.7 करोड़ रह जाएगी।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट के मुताबिक जब दुनिया भर में जनसंख्या बढ़ने की गति धीमी पड़ रही है वहीं भारत में साल भर में आबादी 1.56 फीसद बढ़ी है। भारत में जनसंख्या वृद्धि इसलिए है कि नवजात, शिशु और बाल मृत्यु दर में गिरावट आयी है। एक आंकड़े के मुताबिक 2012 में एक वर्ष के कम उम्र के बच्चों की मौत की दर 42 प्रति हजार थी जो 2025 में घटकर 25 प्रति हजार रह गयी है। यह रेखांकित करता है कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं। लेकिन बढ़ती आबादी के मुताबिक अर्थव्यवस्था को आकार देना बेहद जरुरी है। इस जनसंख्या वृद्धि का सकारात्मक पहलू यह है कि भारत दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश बन चुका है लेकिन एक सच यह भी है कि बढ़ती जनसंख्या के सापेक्ष संसाधनों की कमी और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां बढ़ेंगी। इसलिए कि अनुकूलतम जनसंख्या के बिना विकास के अपेक्षित लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। सच तो यह है कि विगत पांच दशकों में जनसंख्या में निरंतर तीव्र वृद्धि के कारण जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन हो गयी है। विशेषज्ञों की मानें तो जनसंख्या की यह तीव्र वृद्धि आर्थिक विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर रहा है और कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही है। भारत में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण बेरोजगारी, खाद्य समस्या,



कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, निर्धनता में वृद्धि, मकानों की समस्याएं, कीमतों में वृद्धि, कृषि विकास में बाधा, बचत तथा पूंजी निर्माण में कमी, जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय, अपराधों में वृद्धि तथा शहरी समस्याओं में वृद्धि जैसी ढेर सारी समस्याएं उत्पन हुई हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है।

## संसाधनों पर भारी आबादी

देश में पूंजीगत साधनों की कमी के कारण रोजगार मिलने में कठिनाई उत्पन हो रही है। आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा समय में बेरोजगारी की दर चिंताजनक है। यह हालात तब है जब देश में बेरोजगारी से निपटने के लिए ढेर सारे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इनमें राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, समन्वित विकास कार्यक्रम, जवाहर रोजगार योजना, स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना, संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) सर्वाधिक रुप से महत्वपूर्ण हैं।

सीआईआई की इंडिया स्किल रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल तकरीबन सवा करोड़ शिक्षित युवा तैयार होते हैं। ये नौजवान रोजगार के लिए सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र में अपनी किस्मत आजमाते हैं। लेकिन सिर्फ 37 फीसद ही कामयाब हो पाते हैं। गौर करें तो रोजगार न मिलने के दो कारण हैं। एक, यह कि सरकारी क्षेत्र में नौकरियां लगातार सिकुड़ रही हैं वहीं दूसरी ओर प्राइवेट क्षेत्र में उन्हीं लोगों को रोजगार मिल रहा है जिन्हें कारोबारी प्रशिक्षण हासिल है। सबसे अधिक बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों में है। लेकिन अगर गांव के पढ़े-लिखे नौजवानों को बागवानी, पशुपालन, वृक्षारोपण, कृषि यंत्रों की मरम्मत के संबंध में आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए तो बेरोजगारी से निपटने में मदद मिलेगी। तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण प्रति व्यक्ति खाद्यान्न की उपलब्धता कम पड़ रही है जिससे लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है और उनकी कार्यकुशलता घट रही है। तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण कुपोषण की समस्या भी लगातार सघन हो रही है। यूनाइटेड नेशन के फुड एग्रीकल्चर आगेर्नाइजेशन की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या से जुझने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इफको की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। गौर करें तो कुपोषण वास्तव में घरेलू खाद्य असुरक्षा का सीधा परिणाम है। लोगों तक खाद्य की पहुंच सुनिश्चित करके ही कुपोषण को मिटाया जा सकता है। भारत में कुपोषण का सर्वाधिक संकट महिलाओं को झेलना पड़ रहा है।

हर वर्ष लाखों गर्भवती महिलाएं उचित पोषण के अभाव में दम तोड़ रही हैं। दक्षिण एशिया में भारत कुपोषण के मामले में सबसे बुरी स्थिति में है। गत वर्ष पहले एसीएफ की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में कुपोषण जितनी बडी समस्या है वैसे पूरे दक्षिण एशिया में और कहीं देखने को नहीं मिलता। यह दशार्ता है कि आर्थिक नियोजन के साढ़े छः दशक वर्ष पूर्ण होने के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था किस तरह निर्धनता के दुष्कचक्र में फंसी हुई है। तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण भारत में मकानों की समस्या भी लगातार गहरा रही है। आजादी के साढ़े छः दशक बाद भी आज देश में करोड़ों लोग ऐसे हैं जो सुविधाहीन झुग्गी-झोपड़ियों में जीवन गुजारने को विवश हैं। गौर करें तो 2011 की जनगणना के अनुसार देश के ग्रामीण इलाकों में बेघरों की संख्या तीन करोड़ के आसपास है। लेकिन अच्छी बात है कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लोगों को घर बनाकर दी है। गत वर्ष पहले अर्थव्यवस्था और वातावरण पर आधारित केंद्रित वैश्विक आयोग की रिपोर्ट में कहा गया था कि वर्ष 2031 तक भारत की शहरी आबादी 60 करोड़ हो जाएगी। मतलब साफ है कि जनसंख्या वृद्धि पर रोक नहीं लगा तो आवासों की समस्या और गहराएगी। जनसंख्या में तीव्र वृद्धि का कृषि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। परिवार के सदस्यों में वृद्धि से भूमि का उप-विभाजन और विखंडन बढ़ता जा रहा है। इससे खेतों का आकार छोटा तथा अनार्थिक होता जा रहा है। इसका कुपरिणाम यह है कि देश में भूमिहीन किसानों की संख्या बढ़ रही है। साथ ही कृषि में छिपी हुई बेरोजगारी भी बढ़ रही है।

जनसंख्या में तीव्र वृद्धि से बचत तथा पूंजी निर्माण में भी कमी आ रही है। भारत की जनसंख्या में 36 फीसद बच्चे हैं। नतीजा कमाने वाले लोगों को अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा बच्चों के पालन-पोषण पर खर्च करना पड़ रहा है। इससे बचत घट रही है और पूंजी निर्माण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पूंजी की कमी के कारण विकास योजनाओं को पूर्ण करने में कठिनाई उत्पन हो रही है। जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण सरकार को बिजली, परिवहन, चिकित्सा, जल-आपूर्ति, भवन निर्माण इत्यादि जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय करना पड़ रहा है जिससे अन्य क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। दो राय नहीं कि राष्ट्र के विकास में जनसंख्या की महती भूमिका भी है। विश्व के सभी संसाधनों में सर्वाधिक शक्तिशाली तथा सर्वप्रमुख संसाधन मानव संसाधन ही है। लेकिन अतिशय जनसंख्या किसी भी राष्ट्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है।

### सोशल मीडिया

नाबीबिया की संसद में मेरे संबोधन के दौरान भारत-नामीबिया दोस्ती अफ्रीका के साथ हमारे संबंधों और वैश्विक हित के लिए हमारे प्रयासों पर बात करना सम्मान की बात थी। पीएम मोदी.



# वैज्ञानिक दृष्टिकोण

### अंतर्दृष्टि

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमे शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

### विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

## आप की बात

### रोजगार मेलों का महत्व

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

### भविष्य की ऊर्जा

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा जीवन के लिए अपरिहार्य है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

# व्यक्ति नहीं, परंपरा हैं दलाईलामा



चिंतन ● लोकमित्र

इन दिनों 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो वैश्विक मीडिया की सुर्खियों में हैं। 6 जुलाई 2025 को अपना 90 वां जन्मदिन मनाने वाले पवन पावन दलाई लामा अपने जीते जी अगले दलाई लामा का चयन करना चाहते हैं और चीन इस बात से बहुत खफा है। क्योंकि हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में रहने वाले दलाई लामा ने ऐलान कर दिया है कि दलाई लामा का अगला अवतार चीन के नियंत्रण वाले तिब्बत में से नहीं होगा बल्कि भारत या अन्य स्वत्रंत देशों से हो सकता है। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा है कि तिब्बती लोग चाहें तो दलाई लामा की परंपरा को अब खत्म भी कर सकते हैं। क्योंकि यह एक धार्मिक संस्था है, कोई जन्मसिद्ध अधिकार नहीं। चीन इस बात से इसलिए बेचैन हो गया है क्योंकि उसने पिछले 66 सालों से अगर दलाई लामा जैसी संस्था के साथ छेड़छाड़ नहीं की थी, तो इसी उम्मीद से कि मौजूदा 14वें दलाई लामा की मृत्यु के बाद उसका इस संस्था पर कब्जा हो जायेगा।

लेकिन अब उसे बेचैनी होने लगी है क्योंकि उसकी यह उम्मीद टूटती नजर आ रही है। यही वजह है कि पिछले एक महीने के भीतर चीन ने कई बार दबी छुपी जुबान से दलाई लामा को, भारत को और उन सभी ताकतों को धमकी देने की कोशिश की है, जो इस बात के समर्थक हैं कि दलाई लामा को अपना उत्तराधिकारी चयन करने का धार्मिक, नैतिक और सांस्कृतिक अधिकार है, इस पर किसी और को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। बहरहाल दलाई लामा समूचे तिब्बत के न केवल अस्तित्व के पर्याय हैं बल्कि बौद्ध परंपरा की जीवंत कड़ी हैं। आइये विस्तार से जानते हैं कि दलाई लामा नाम की इस संस्था का तिब्बत और बौद्ध सम्प्रदाय में क्या महत्व है, इसकी क्या परंपरा है और यह परंपरा कहां से आयी है?

दलाई लामा का शाब्दिक मतलब होता है- दलाई अर्थात महासागर और लामा यानी गुरु। मंगोल भाषा में दलाई लामा का मतलब एक ऐसे गुरु से है, जिसका ज्ञान महासागर जितना हो अर्थात दलाई लामा ज्ञान के महासागर हैं। मौजूदा 14वें दलाई लामा जिनका निवास भारत के धर्मशाला शहर में है, वह बौद्ध धर्म के गेलुग्पा सम्प्रदाय के सर्वोच्च आध्यात्मिक गुरु होते हैं। यह पद न केवल धार्मिक नेतृत्व का प्रतीक है बल्कि ऐतिहासिक रूप से तिब्बत में राजनीतिक नेतृत्व से भी जुड़ा हुआ है। दलाई लामा परंपरा की शुरूआत 14वीं सदी के उत्तरार्द्ध और 15वीं सदी की शुरूआत में होती है, जब गेलुग सम्प्रदाय के संस्थापक जे त्सोंखापा के अनुयायी लामाओं की परंपरा शुरू हुई। हालांकि पहले दलाई लामा के रूप में माने जाने वाले गेदुन द्रुब का जन्म 1351 में हुआ था, लेकिन 'दलाई लामा' (यह पदवी) उन्हें उनके उत्तराधिकार के जीवनकाल में ही नहीं मिली थी। वास्तव में तीसरे दलाई लामा सोनाम ग्यात्सो को सन् 1578 में यह पदवी या शीर्षक मंगोल नेता अल्तन खान द्वारा पहली बार दी गई थी। लेकिन एक बार यह पदवी मिलने के बाद पीछे के दो लामाओं गेदुन द्रुब और सोनाम ग्यात्सो को भी क्रमशः प्रदान कर दी गई। दलाई लामा पिछली 11 सदियों से बौद्ध सम्प्रदाय की एक महान परंपरा के रूप में जाने जाते हैं।

14वीं से 17वीं सदी तक इस परंपरा का प्रारंभिक काल था और उस जमाने के दलाई लामाओं का प्रभाव मुख्यतः धार्मिक हुआ करता था। राजनीतिक शक्ति उन दिनों तिब्बती राजा या मंगोल शासकों के पास होती थी। मगर 5वें दलाई लामा, जिनसे महान दलाई लामा युग की शुरूआत होती है, तब से दलाई लामा का प्रभाव राजनीतिक और सामाजिक व आध्यात्मिक भी होने लगा। 5वें दलाई लामा लोसांग ग्यात्सो थे, जिन्होंने 1642 में तिब्बत की राजनीतिक सत्ता अपने हाथों में ली थी। यह तिब्बत का एकीकरण और दलाई लामा के तहत एक थियोक्रेटिक शासन की शुरूआत की। उन्होंने ही दलाई लामा की सत्ता के केंद्र पोटाला पैलेस का निर्माण शुरू कराया था। इसके बाद 18वीं, 19वीं




सदी में तिब्बत ने अपनी धार्मिक स्वत्रंता बनाये रखते हुए, राजनीतिक स्वत्रंता को बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन निरंतर चीन के किंग वंश और मंगोलों का तिब्बत की राजनीति में प्रभाव बढ़ता गया।

13वें दलाई लामा के समय तिब्बत पर काफी हद तक ब्रिटिश प्रभाव हो गया था, जिससे उन्होंने तिब्बत को बचाने की बहुत कोशिश की और कहना चाहिए कि चीन के पतन और यूरोपीय ताकतों के विस्तार के बावजूद तिब्बत ने किसी तरह अपनी स्वायत्तता बनाये रखी। लेकिन 14वें दलाई लामा, जिनका समय 1935 से शुरू होकर अब तक जारी है के समय तिब्बत अपनी राजनीतिक सत्ता चीन के आक्रामक भू-विस्तार की मंशा के कारण नहीं बचा सका। 1950 में चीन ने तिब्बत पर सैन्य आक्रमण कर दिया और 9 साल तक के लंबे संघर्ष और विरोध के बाद जब 1959 में तिब्बती विरोध हुआ, जिसे चीन ने बड़ी क्रूरता से कुचल दिया, उसी विरोध के दौरान 14वें दलाई लामा तेनजिंग ग्यात्सो अर्थात मौजूदा परम पावन दलाई लामा तिब्बत से भागकर भारत में शरण ली। इनका जन्म 6 जुलाई 1935 को उत्तर पूर्वी तिब्बत के ताकस्तर गांव में हुआ था तथा उन्हें 2 वर्ष की आयु में ही 14वें दलाई लामा के रूप में पहचान लिया गया था और 1950 में जब उनकी उम्र महज 15 वर्ष थी, उन्हें पूर्ण धार्मिक और राजनीतिक अधिकार दे दिये गये थे। 14वें दलाई लामा को पूर्ण रूप से अधिकार दिये जाने के समय से ही चीन की आंख तिब्बत को अपने में मिलाने पर लगी थी और अंततः 1959 में उसने तिब्बत को अपने भौगोलिक विस्तार में शामिल कर लिया। लेकिन तिब्बत में आज भी दलाई लामा जैसी संस्था का जबर्दस्त सम्मान है और आज भी इस परंपरा को कायम रखे जाने की मंशा है, जो कि उत्तराधिकार की खोज पर टिकी होती है। 1959 में तिब्बत पर कब्जा कर लेने के बाद भी चीन का अभी तक तिब्बत पर पूरे तरीके से धार्मिक और आध्यात्मिक मानस पर काबिज नहीं हो सका। चीन भी इस बात को जानता है, इसलिए उसने तिब्बत की सत्ता को कब्जाने के लिए किये गये अपने तमाम आक्रामक प्रयासों के बीच भी दलाई लामा के उत्तराधिकार चयन की परंपरा को अभी तक नहीं छेड़ा था। उसे लग रहा था मौजूदा दलाई लामा की मृत्यु के बाद वह स्वयं ही इस संस्था पर कब्जा कर लेगा, क्योंकि अगले दलाई लामा के उत्तराधिकारी की खोज की अब तक की परंपरा मौजूदा दलाई लामा की मृत्यु के बाद शुरू होती थी। लेकिन 14वें परम पावन दलाई लामा ने इस नियम को उलटते हुए अपने जीते जी अपने उत्तराधिकारी की चयन की कोशिशें जब से शुरू कर दी हैं, तब से चीन बहुत बौखलाया हुआ है और वह किसी भी कीमत पर दलाई लामा के उत्तराधिकारी चयन की परंपरा पर विराम लगाना चाहता है। लेकिन जिस तरह से 14वें दलाई लामा का पूरी दुनिया में सम्मान है और जिस तरह चीन, अमेरिका व यूरोप की नजरों में उभरती हुई राजनीतिक महाशक्ति के रूप में खटकता है, उसके कारण अमेरिका और यूरोप दलाई लामा के साथ खड़े हैं और भारत तो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दलाई लामा के साथ ही है, क्योंकि हिंदुस्तान न केवल दलाई लामा का मौजूदा घर है बल्कि बौद्ध धर्म व इसकी महान परंपराओं की सरजमीं भी भारत है। इस कारण लगता नहीं कि अपनी तमाम कोशिशों के बाद भी चीन नये दलाई लामा की खोज को रोक पायेगा। दलाई लामा के उत्तराधिकारी की खोज की अब तक यह परंपरा रही है कि मौजूदा दलाई लामा के निधन के बाद उनके नये अवतार (तुलकु) की खोज एक पारंपरिक, रहस्यवादी और ज्योतिषीय प्रक्रिया से सम्पन्न होती है, जिसमें मौजूदा दलाई लामा की मृत्यु के बाद वरिष्ठ लामाओं की एक समिति अपनी ध्यान शक्ति, देखे गये स्वप्न और विशिष्ट धार्मिक संकेतों के विश्लेषणों के आधार पर दलाई लामा के उत्तराधिकारी की खोज करते हैं। यह भी मान्यता है कि कभी कभी जीवित दलाई लामा अपने उत्तराधिकारी के संबंध में कुछ पुष्ट संकेत छोड़ जाते हैं, जिन संकेतों के तहत उत्तराधिकारी की खोज पूरी होती है। बहरहाल उत्तराधिकारी की खोज में तिब्बत की एक पवित्र झील ल्हामो ल्हात्सो में मठवासी अपनी ज्योतिषीय शक्ति से ध्यान लगाकर देखते हैं और फिर नये दलाई लामा के जन्मस्थान की ओर संकेत करते हैं। इस खोज का एक और पुष्ट सूत्र यह होता है कि पहले दो सूत्रों के आधार पर जिन विभिन्न क्षेत्रों में नये दलाई लामा की संभावना वाले कई बच्चों की तलाश की जाती है, उनकी आपस में कई बार अलग अलग तरह से परीक्षा ली जाती हैं, जो कि पिछले दलाई लामा द्वारा चुनने की दी गई सीख पर आधारित होती हैं। इन परीक्षाओं में सही बच्चा वही माना जाता है, अंततः जो पूर्ववर्ती दलाई लामा की सभी वस्तुओं की पहचान कर ले। जब कोई संभावित दलाई लामा बन सकने वाला बच्चा पूर्ववर्ती दलाई लामा की वस्तुएं पहचान लेता है, तो तिब्बत की धार्मिक परिषद कभी कभी मंगोल या चीनी सत्ता की मंजूरी से इस बच्चे को नया दलाई लामा घोषित कर देती है।

संक्षेप

## चौकी इंचार्ज हुए लाइन हाजिर

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सत्तीचैरा क्षेत्र में पांच जुलाई को गोड़वा निवासी बाबू लाल के घर एक बड़ी चोरी की घटना हो गयी। गांव में रात की पहरेदारी के बावजूद हुई चोरी की घटना को देखते हुए एस एस पी ने चैकी प्रभारी राकेश राय को लाइन हाजिर कर दिया। जिन्हें चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए ही तैनाती मिली थी। यह दूसरे चैकी इंचार्ज रहे जिन्हें कप्तान ने चोरी न खोल पाने से लाइन हाजिर किया।

इससे पहले लगभग 4 माह पूर्व 27 मार्च की एक ही रात में बरेसर निवासी चार घर विजय मिश्रा, रमेश मिश्रा, वेद प्रकाश दूबे, हरिभान मिश्रा, तथा इसके दो दिन बाद 31मार्च और 1अप्रैल को चोरों ने कई घरों को निशाना बनाया था। कई लाख का माल ले गए थे।चोरी की घटनाओं से चैकी क्षेत्र हिल गया। ग्रामीणों की मदद से गांव में पहरा लगवाना भी शुरू कर दिया गया। लेकिन नतीजा जीरो रहा। तत्कालीन एस एस पी ने चोरी की घटना और उसका खुलासा नहीं हो पाने से नाराज तत्कालीन चैकी प्रभारी एस पी सिंह पर कार्रवाई करते हुए लाइन हाजिर कर उप-निरीक्षक राकेश राय को जिम्मेदारी सौंपी।

# रामनगरी में सावन की धूम, गूंजा हर-हर महादेव



- सावन माह की शुरूआत के साथ ही अयोध्या के शिवालयों में पहुंचने लगे कांवड़िये
- यात्रा मार्ग के सभी होटल-रेस्त्रां में सिर्फ शाकाहारी भोजन परोसने के हैं निर्देश
- 18 से अधिक एम्बुलेंस लगीं, इस बार थानों पर भी तैनात रहेगी एम्बुलेंस
- 10 से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगे, सभी सीएचसी-पीएचसी 24 घन्टे रहेंगी संचालित

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में सावन माह की शुरूआत के साथ ही शिवभक्ति का उल्लास चरम पर है। सावन के पावन अवसर पर शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। पहले दिन प्रसिद्ध नागेश्वर नाथ मंदिर, क्षीरेश्वर नाथ समेत अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक किया। हनुमानगढ़ी, रामलला दर्शन के साथ-साथ नागेश्वर नाथ में देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। अयोध्या मंडल व आस पास के जिलों के कांवड़िए भगवान शिव के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं।

इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष निदेर्शों के बाद कांवड़ यात्रा को सुगम, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यात्रा मार्ग पर शाकाहारी भोजन से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा व्यवस्था तक, हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान सुनिश्चित किया जाए। इसके तहत यात्रा मार्ग पर सभी होटल और रेस्तरां को केवल शाकाहारी भोजन परोसने का आदेश दिया गया है। यह कदम कांवड़ियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने के साथ-साथ सावन माह की पवित्रता को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। इसके अतिरिक्त, यात्रा मार्ग पर मांस और मदिरा की दुकानों को बंद रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी तरह की अशांति न हो। अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था के भी अभूतपूर्व स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले आठ थानों पर भी एम्बुलेंस की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध हो सके। 15 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था की गई है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 24 घंटे संचालित रहेंगे, ताकि कांवड़ियों को स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई कमी न हो।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अयोध्या में धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए शिवालयों के जीर्णोद्धार पर विशेष जोर दिया है। जिले के रामपुरवा में स्थित प्राचीन शिवाला मंदिर का जीर्णोद्धार और पर्यटन विकास का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। लगभग पौने दो करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर को न केवल पुनर्जनन दिया जा रहा है, बल्कि इसे पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। प्राचीन शिवाला शिव मंदिर फाउंडेशन का कार्य प्रगति पर है।

टॉयलेट निर्माण व यात्री निवास के छत का कार्य पूर्ण एवं अग्रेतर कार्य प्रगति पर है। गेट के फाउंडेशन का कार्य चल रहा है। परिसर में ग्रेनाइट फ्लोरिंग और सीढ़ियों पर पत्थर लगाने का कार्य चल रहा है। मंदिर का कार्य जुलाई 2025 में हर हाल में कार्य पूरा कर लिया जाएगा। यह प्रयास न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए भी अयोध्या की आध्यात्मिक छवि को और सशक्त करेगा। कांवड़ यात्रा व सावन झूला मेले में अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में 50 बेड आरक्षित करा दिया है। इसके साथ ही मेला क्षेत्र में 15 अस्थायी उपचार केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करने के लिए 120 से अधिक स्टाफ लगाए जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल में 20-20 व श्रीराम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित किए गए हैं।

17 एंबुलेंस की तैनाती की जाएगी। इसमें आठ संबंधित थानों पर भी मौजूद रहेगी। अयोध्या मेला क्षेत्र में कंट्रोल रूम, पक्का घाट, लता मंगेशकर चैक, साकेत पेट्रोल पंप, टेढ़ी बाजार चैराहा, श्रीराम जन्मभूमि निकास द्वार, श्रीराम जन्मभूमि पीएफसी, दशरथ महल, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, कारसेवकपुरम, नागेश्वरनाथ, हनुमानगढ़ी, कनक भवन मंदिर परिसर, अयोध्या धाम अंतरराष्ट्रीय बस स्टेशन व मणि पर्वत पर अस्थायी उपचार केंद्र बनाए जाएंगे।

## सुरक्षित स्थानांतरण सुनिश्चित करने के लिए डाक विभाग शुरू करेगा एपीटी एप्लिकेशन

**बाराबंकी।** डाक अधीक्षक किरन सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि एडवांस पोस्टल टेक्नालॉजी (एपीटी) एप्लिकेशन का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुगम और सुरक्षित रूप से स्थानांतरण सुनिश्चित करने के लिए 14 जुलाई को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। यह अस्थायी सेवा स्थगन डेटा माइग्रेशन, प्रणाली की जांच और कॉन्फिगरेशन प्रक्रियाओं को संपन्न करने हेतु आवश्यक है। ताकि नई प्रणाली को कुशलतापूर्वक और निर्बाध रूप से चालू किया जा सके। इस दिन बाराबंकी डाक अण्डल के डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा। इस परिवर्तनकारी पहल के अंतर्गत उन्नत प्रणाली को 15 जुलाई 2025 से बाराबंकी मंडल के सभी डाकघरों में लागू किया जाएगा। डाक अधीक्षक श्रीमती सिह ने बताया कि एपीटी एप्लिकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तेज सेवा प्रदान करने और ग्राहक-अनुकूल इंटरफेस के साथ डिजाइन किया गया है। जिससे नागरिकों को बेहतर, तेज और अधिक डिजिटल सेवाएं प्रदान हो सके।

## प्रवर्तन टीम ने किया बिना फिटनेस के 1 स्कूली वाहन सीज, 5 वाहन के चालान



**बाराबंकी।** नियमों को ताक पर रखकर चलने वालें अनफिट स्कूली वाहनो के विरुद्ध 1 से 15 जुलाई तक चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत परिवहन विभाग सख्ती के साथ कार्यवाही करने मे जुटा हुआ है। आज शुक्रवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने अलग-अलग क्षेत्रो मे चेकिंग के दौरान बिना फिटनेस-परमिट के स्कूली वाहनो के खिलाफ कार्यवाही की। प्रवर्तन टीम द्वारा पत्रावलियो की जांच करते हुये 1 अनफिट स्कूली वाहन को थाना उमरा चैकी मे सीज तथा 5 स्कूली वाहनो के अन्य अभियोगो मे चालान किये। तथा वाहन चालकों कों परमिट निरस्त किये जाने की चेतावनी भी दी।

## झाड़-फूंक के नाम पर चोरी हुए जेवरात, पीड़ित ने सीओ को सौंपा शिकायती पत्र

**बाराबंकी।** झाड़ फूंक करने के नाम पर घर के बक्शे मे रखे जेवरात चोरी किये जाने को लेकर पीड़ित राम संजीवन पुत्र स्वः नन्हेलाल निवासी मोहल्ला अन्नपूर्णा विहार कालोनी थाना नगर कोतवाली ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र सौपा है। शिकायती पत्र मे कहा गया है कि बीती 31 मई को निशा पत्नी निर्मल तिवारी एंव रिंकी पत्नी सुनील तिवारी ने घर मे झाड़ फूक के नाम पर घर मे बक्शे मे रखे सोने के जेवरात मंगल सूत्र, झुमकी, नथुनी, अंगूठी, झाला निकाल लिये। दूसरे दिन बक्शा खोलने पर जेवरात गायब मिलने पर थाने पर प्रार्थना पत्र सौपा। लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। जिसके बाद प्रार्थी ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उचित न्याय दिलाये जाने की मांग की है।

## मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** कावंड यात्रा को लेकर दवा विक्रेताओ की दुकानो का नवागत औषधि निरीक्षक रजिया बानो मे निरीक्षण किया। निरीक्षण में औषधि निरीक्षक ने तहसील हैदरगढ़ स्थित न्यू गणपति मेडिकल स्टोर, अनुपम मेडिकल स्टोर, वर्मा मेडिकल स्टोर, आर के फामेर्सी पर दस्तावेजों व औषधियों की उपलब्धता का जांच करते हुये पांच औषधियों का विश्लेषण हेतु संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजा।

**दस्तावेजों व औषधियों की जांच कर 5 औषधियों को संग्रहित कर भेजा प्रयोगशाला**

इस दौराना औषधि निरीक्षक ने दुकानदारो को लाइसेंस अनिवार्य रुप से प्रदर्शित करने, जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता अनिवार्य, मादक दवाओं की बिक्री पर सख्त चेतावनी, सीसीटीवी कैमरे लगाने, मादक दवाओं की बिक्री न किये जाने तथा लापरवाही या अनियमितता मिलने पर लाइसेंस रद्द कर वैधानिक कार्यवाही किये जाने के सख्त निर्देश दिये।

# संविधान स्तंभ मान दिवस के दिन रामनगरी से हुंकार भरेंगे पीडीए के लोग: लालजी वर्मा



- पीडीए महासम्मेलन में गोसाईगंज से पहुंचेंगे हजारों लोग

**अयोध्या।** आगामी 26 जुलाई को रामनगरी अयोध्या के फॉर एवर लॉन में समाजवादी पार्टी द्वारा प्रस्तावित पीडीए महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को गोसाईगंज विधानसभा के डाक बगला तकलीनगंज तारुन में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि 26 जुलाई को रामनगरी अयोध्या के फॉर एवर लॉन में ऐतिहासिक पीडीए महासम्मेलन होगा।

पीडीए महासम्मेलन में जनपद के हजारों लोग संविधान मान की शपथ लेंगे। संविधान स्तंभ मान दिवस के दिन रामनगरी अयोध्या से पीडीए के लोग हुंकार भरेंगे। सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि इस बार के पंचायत चुनाव में भी पीडीए का परचम लहराएगा। बड़ी संख्या में पीडीए लोग चुनाव जीतेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि प्रत्येक बूथों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए 26 जुलाई को फॉर एवर लॉन में पहुंचे और संविधान मान की शपथ लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि संविधान स्तंभ मान दिवस के दिन गोसाईगंज से हजारों की संख्या में लोग पीडीए महासम्मेलन में शिरकत करेंगे। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम अध्यक्षता सियाराम निषाद संचालन मयाराम यादव ने किया।कार्यक्रम को रामसागर वर्मा, राकेश चैरसिया,रामबरन यादव,गया प्रसाद,बिंदेश्वरी प्रसाद, वैश्य अंसारी,अजीत पटेल,विजय कुमार, चंद्रभान वर्मा,धर्मवीर वर्मा,राम नेवल,रामदेव, रोली यादव, सियाराम यादव, भानु यादव, राजमोहन पटेल, विकास वर्मा,गया प्रसाद सहित दो दर्जन से अधिक नेताओं ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के सभी सेक्टर, जोन व बूथ स्तर के कार्यकताओं के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत मिश्रा के तेरहवीं कार्यक्रम में अर्पित किये श्रद्धासुमन



**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रहे एडवोकेट स्वः प्रशांत मिश्रा की तेहरवी संस्कार में शुक्रवार को राजनेताओं समेत जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धाजंलि अर्पित की। बस स्टेशन स्थित सहाय लॉज परिसर मे आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में जनपद समेत आस-पास के जनपदो से आये जनप्रतिनिधियो, वरिष्ठ नेताओ द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। बताते चले कि बीती 6 जुलाई को भाजपा वरिष्ठ नेता स्वः मिश्रा का निधन हो गया था। वो लंबी बीमारी के चलते कई दिनों से बीमार थे। और शहर के देवा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। जहाँ उनका इलाज चल रहा था। लेकिन रविवार शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। स्व प्रशांत मिश्रा अपने मृदुभाषी और सहज स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उन्हें राजनीति का एक बेहतरीन चेहरा और अनुपम व्यवहार कुशलता का धनी माना जाता था। उनके निधन से जनपद में शोक का माहौल है। और कई लोग इसे राजनीति के एक बेहतरीन चेहरे और अनुपम व्यवहार कुशलता के एक अध्याय का अंत बता रहे हैं। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रियका सिंह रावत, राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, एमएलसी संतोष सिंह, अधिवक्ता उच्च न्यायायल लखनऊ मुकेश कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य विजय प्रताप सिंह, आशीष पाण्डे, शांशक कुसमेश, उत्कर्ष मिश्रा, भूपेन्द्र पाल सिंह शैन्की आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# सांसद की अध्यक्षता में जिला विद्युत समिति की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता



**बहराइच 11 जुलाई।** सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विद्युत समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जनपद में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, ट्रांसफॉर्मर, लाइन, सबस्टेशन सम्बन्धी शिकायतों एवं समाधान, सौभाग्य योजना, आरडीएसएस, स्मार्ट मीटर, और सोलर रूफटॉप योजनाओं की प्रगति, उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण एवं शिकायत निवारण, मानसून सीजन में संभावित विद्युत व्यवधानों की पूर्व तैयारी, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से प्राप्त सुझावों पर अमल के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई।

सांसद बहराइच ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं की ओर से प्राप्त होने वाले फोन काल को अनिवार्य रूप से रिसीव कर उनसे शिष्ट व्यवहार करते हुए बतायी गयी समस्या का समाधान कराया जाय। डॉ. गोंड ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी क्षेत्रों में समान रूप से जांच की कार्यवाही की जाय तथा जांच के दौरान माननीय संवेदना के साथ नियमानुसार कार्यवाही की जाय। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों की ओर से सुझाव प्राप्त हुए कि विभागीय अधिकारियों के साथ अलग से समीक्षा बैठक आयोजित कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु विद्युत सब स्टेशनों की स्थापना के सम्बन्ध में सुझाव प्राप्त कर तद्नुसार शासन को प्रस्ताव भेजा जाय। बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात ही भुगतान की कार्यवाही की जाय। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि विभाग द्वारा विधानसभावार कराये गये कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दें तथा विभागीय योजनाओं अन्तर्गत परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी जनप्रतिनिधियों से कराया जाय। बैठक में विधान परिषद सदस्य पदमसेन चैधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा राम निवास वर्मा, सांसद कैसरगंज करन भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत बी.के. राजपूत, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बहराइच शैलेन्द्र कुमार, कैसरगंज प्रबुद्ध राजपूत, नानपारा रंजीत कुमार, अधि. अभि. आदि उपस्थित रहे।

## टी-मैक्स कैफे का हुआ शुभारंभ



**अयोध्या।** शहर की साकेतपुरी कॉलोनी स्थित केजीएन कंपलेक्स शॉप नंबर 5 में हैदराबाद की फ्रेंचाइजी टी -मेक्स कैफे का शुभारंभ हुआ।

जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर आयी उषा भार्गव ने टी-मैक्स कैफे का केक और फीता काटकर शुभारंभ किया।वही आए हुए सभी अतिथियों का टी मेक्स कैफे के प्रोपराइटर ए एन भार्गव ने बुके देकर स्वागत किया।इस दौरान उन्होंने बताया कि हमारे यहां चाय में चार-पांच फ्लेवर की चाय,कई प्रकार की हॉट और कोल्ड कॉफी,मिल्क शेक, मोजीतो,थिक शेक, लस्सी, बर्गर, फ्रेंच फ्राई,वडा पाव, मैगी, सैंडविच,पिज्जा, पास्ता, आदि की सुविधा उपलब्ध है।उन्होंने कहा किकैफे रेस्टोरेंट पूरी तरीके से वाता अनुकूलित है।ये हैदराबाद की कंपनी है जिसकी फ्रेंचाइजी हमने लिया है। हमारे यहां वाईफाई की सुविधा फ्री मे उपलब्ध है।

यहाँ ऑनलाइन भी आर्डर की सुविधा है और स्विग्गी और जोमैटो पर भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का अवसर जरूर दें हमारा रेस्टोरेंट सुबह 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक सेवा देगा।

## परिवार नियोजन के प्रचार प्रसार के लिए मोबाइल वैन को डीएम ने दिखायी हरी झंडी



**बाराबंकी।** विश्व जनसँख्या दिवस पर जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अवधेश कुमार यादव की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि एसबीसीसी कैंपेन ह्यइतनी भी क्या जल्दी हैह्न का उद्देश्य पोस्टर्स, फिल्मों, जिंगल्स आदि का प्रयोग कर परिवार नियोजन के प्रति जन-जन में जागरूकता पैदा करना है। एसबीसीसी अभियान के प्राथमिक विषय और संदेश हैं सही उम्र में शादी, पहला बच्चा देरी से, दो बच्चों के जन्म में अंतर तथा आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली का सही उपयोग हैं। लांच के दौरान चारों विषयों पर आधारित पोस्टर्स का विमोचन, तथा प्रचार प्रसार हेतु बनाई गयी लघु फिल्मों और जिंगल्स को जारी किया गया। जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी ने संयुक्त रुप से जनपद के तीन ब्लॉक के 150 गाँव में परिवार नियोजन के प्रचार प्रसार हेतु चलाई जाने वाली मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम मे अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आरसीएच डॉ0डी0 के0 श्रीवास्तव ने समुदाय स्तरीय सेवाप्रदाताओ तथा प्रधानों की भूमिका परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में बताया।

## मदरसा शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए एक्शन मोड में योगी सरकार



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य में मदरसा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित उच्च स्तरीय समिति की कार्य योजना के तहत आगामी 15 जुलाई को इंदिरा भवन, लखनऊ में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक आरङ्कपीङ्क सिंह करेंगे। बैठक में मदरसा शिक्षा व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण शिक्षक संघों के प्रतिनिधि, प्रबंधक, प्रधानाचार्य और शिक्षणेत्तर कर्मचारी भाग लेंगे। जनपद से संबंधित मदरसा इरम मॉडल स्कूल लखनऊ के प्रबंधक सैयद ख्वाजा फैजी यूनुस ने कहा कि हम सरकार का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने विशेषज्ञों से सलाह लेने के लिए एक समिति गठित की है। चूँकि उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुदानित मदरसों की शिक्षा व्यवस्था में कुछ बदलावों की आवश्यकता महसूस की है, इसलिए हम बैठक में भाग लेकर मदरसों, शिक्षकों और बच्चों के उज्जवल भविष्य के पक्ष में बेहतर सलाह देने का प्रयास करेंगे। आमंत्रित लोगों में मदरसा जामिया मदीनतुल उलूम,रसौली प्रधानाचार्य मकबूल अहमद, ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदरसा अरबिया के महासचिव वहीदुल्ला खान सईदी, टीचर्स एसोसिएशन मदरसा अरबिया के महासचिव हाजी दीवान साहब जमान, गैर-शिक्षण कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हसीब अहमद (बाराबंकी), महासचिव खुर्शीद आलम (कानपुर) और प्रदेश भर से दो दर्जन से अधिक प्रतिनिधि शामिल हैं जिनमें बाराबंकी, लखनऊ, जौनपुर, कानपुर, बहराईच, देवरिया, इटावा, मुरादाबाद, आजमगढ़, बस्ती, कन्नौज, गाजीपुर, मेरठ जैसे जिलों के मदरसों से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हैं।

- इरम मॉडल स्कूल के प्रबंधक ने सरकार का किया आभार व्यक्त

# उत्कृष्ट कार्य के लिए 08 आंगनबाड़ी कार्यकत्री सम्मानित

जिला संवाददाता



**बहराइच 11 जुलाई।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा पोषण टैज्कर ऐप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन की परियोजनावार समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में पाया गया कि परियोजना कार्यालय नगर की ऑगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती शकुन्तला, हुजूरपुर की सरोज कुमारी, विशेश्वरगंज की श्रीमती संजू, महसी की सीमा खातून, मिहींपुरवा की बबली, पयागपुर की विनोद कुमारी, जरवल की बेबी एवं तेजवापुर की निरंजनी मौर्य द्वारा ई-केवाईसी तथा चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। डीएम ने सभी 08 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रयासों की सराहना करते हुए सम्बन्धित को अपने हाथों प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

- निर्धारित शुल्क से अधिक धन उगाही करने पर जनसुविधा केन्द्रों की आईडी होगी ब्लॉक

डीएम मोनिका रानी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों, सुपरवाईजर्स, जिला समन्वयक व विभाग के सहयोगी पाटनर्स को निर्देश दिया कि जिले की अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रेरित कर ई-केवाईसी तथा चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। डीएम ने कहा कि ग्राम प्रधान तथा अन्य विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से लक्षित समुदाय को इस बात के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जाय कि वह स्वयं से आगे आकर इस कार्य में सहयोग करें। डीएम द्वारा समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारीयों को निर्देशित किया गया कि ई-कवच व पोषण ट्रैकर ऐप पर जो भिन्नता आ रही है उसे एमओआईसी से समन्वय स्थपित कर दूर करायें। बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय रखते हुए संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान एवं सम्पूर्ण अभियान को सफल बनायें। अतिकुपोषित सैम बच्चों एवं स्टटिंग बच्चों की त्रुटिरहित फीडिंग करायी जाय तथा आवश्यकतानुसार उन्हें एन.आर.सी. सेन्टर में भर्ती कराया जाय। डीएम ने कहा कि जिले में 01 जुलाई से संचालित हो रहे संभव अभियान का परियोजनावार उद्घाटन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से करया जाय। बैठक के दौरान ई-केवाईसी तथा चेहरा प्रमाणीकरण कार्य में आ रही बाधा के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि लाभार्थियों के मोबाइल नम्बर आधार से अपडेट न होने के कारण समस्या आ रही है। इस सम्बन्ध में बताया गया कि प्रायः लाथार्थियों की ओर से शिकायत प्राप्त हो रही है कि जन सुविधा केन्द्र स्वामियों द्वारा अपडेशन कार्य हेतु निर्धारित शुक्ल रू. 50=00 से अधिक धनराशि की मांग की जाती है। इस स्थिति का डीएम ने कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि निर्धारित शुल्क से अधिक धन उगाही करने वाले सेन्टर की आई.डी. ब्लाक कर दी जायेगी। डीएम ने सभी जनसुविधा केन्द्र संचालकों को निर्देश दिया कि विभिन्न प्रकार की सेवाओं के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क ही प्राप्त करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री निहारिका विश्वकर्मा, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, जिला समन्वयक व समस्त सहयोगी पाटनर्स (आईसीडीएस) द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सदस्य का आगमन 12 जुलाई को

**बहराइच।** अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग उ.प्र. के सदस्य भिछु शीलरतन प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 12 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्राट अशोक राहुल बुद्ध बिहार चन्देलाकला इमामगंज बाजार/वधार्बाजार बहराइच पहुंचकर बुद्ध प्रवचन एवं धम्म देशना कार्यक्रम में सम्मिलित होगें। कार्यक्रम के उपरान्त मा. सदस्य श्री शीलरतन अपरान्ह 03:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगें। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी/वीआईपी ने दी है।

संक्षेप

## अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**जगदीशपुर, अमेठी।** सड़क के किनारे क्षाडियो मे अधेड़ का शव मिलने से क्षेत मे सनसनी फैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाक्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ वाराणसी रोड पर स्थित अलमासगंज गांव के निकट सडक के किनारे स्थानीय लोगो ने झाडियो मे एक अधेड का शव पडा देखा तो आसपास के लोगो का जमावडा लग गया घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगो से शव की शिनाख्त करने का पर्यास किया परंतु शिनाख्त नही हो सकी अंतोगत्वा पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि शव की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी फिलहाल शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्यवाई जारी है।

## बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**गौरीगंज, अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत निमंत्रण से वापस घर आते समय मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल को जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के बिसूरा गांव के पास की है जहां गुदूनपुर मजरे अन्नी बैजल निवासी बृजलाल कश्यप 52 वर्ष वृहस्पतिवार देर शाम लगभग आठ बजे निमंत्रण से घर वापस आ रहे थे कि अर्जुनपुर निवासी राजकुमार पुत्र राम आसरे ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल को जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दुघर्टना के बाद युवक बाइक लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दिया था तहरीर मिलने पर को दर्ज किया जायेगा।

## कार-ई-रिक्शा में टक्कर, चालक घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कार एवं ई-रिक्शा में टक्कर हो जाने से ई-रिक्शा चालक को काफी चोट आई। गुरूवार की रात लगभग दस बजे जौनपुर जिले के सरपतहा थाने के सारी जहांगीर पट्टी के दिवाकर दूबे (36) सुलतानपुर से अपने ई रिक्शा की मरम्मत करा कर अपने घर जा रहे थे। वह जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के खोजपुर गांव के मोड पर पहुंचे। तभी कादीपुर की तरफ से आ रही कार ने टक्कर मार दिया। जिससे ई-रिक्शा चालक दिवाकर दूबे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायल दिवाकर को सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उनका उपचार किया।

## अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मधुबन गांव निवासी प्रमोद की सड़क दुर्घटना में बीती चार जुलाई को मौत हो गई थी। प्रमोद अपने रिश्तेदार राजेश कुमार के साथ उघड़पुर स्थित बैंक से पैसे निकालने के बाद आयूबपुर पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे कि रास्ते में एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रमोद की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि पीछे बैठे राजेश कुमार को मामूली चोटें आईं थी।

# पीड़ित परिवार के साथ है भाजपा सरकारः अकेला

## घटना में शामिल हर व्यक्ति को कड़ी सजा दिलाने की मांग



**महराजगंज, रायबरेली।** बीते पांच दिन पूर्व चन्दापुर थाना क्षेत्र के लामी चैराहा पर जमीनी विवाद को लेकर हुई हिंसक घटना में एक महिला की मौत हो गई थी। इस दुखद घटना की सूचना मिलने के बाद आज क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक बछरावां रामलाल अकेला पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुँचे। राम लाल अकेला ने शोक-संतृप्त परिवार को सांत्वना दी और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में भाजपा सरकार और वे स्वयं हर संभव मदद के लिए उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार और प्रशासन से मिलने वाली हर प्रकार की सहायता पीड़ित परिवार को दिलाई जाएगी। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा, यह दुखद घटना हम सभी के लिए पीड़ादायक है। भाजपा सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। मैं आपका बेटा बनकर आपके साथ खड़ा हूँ और हर प्रकार की सहायता के लिए तत्पर रहूँगा तो वही रामलाल अकेला ने जमीनी विवाद में जो यह घटना घटी है वह दुर्भाग्यपूर्ण है व ऐसी घटनाओं से सरकार की किरकिरी भी हो रही है मैं राजस्व विभाग के अधिकारियों से व पुलिस विभाग के अधिकारियों से यह मांग करता हूं कि दोनों दोनों विभाग के लोग व सक्षम अधिकारियों की मौजूदगी में जमीन की पैमाइश हो और जो जिसका हो वह ले ले तथा प्रशासन को कठोर कदम उठाकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ।घटना को लेकर क्षेत्र में शोक का माहौल है और स्थानीय लोग न्याय की मांग कर रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर भी मामले की जांच जारी है।

भाजपा नेता व पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि रायबरेली जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह पर पूरा भरोसा है कि वह ऐसे जघन्य अपराध को कारित करने वाले अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे जरूर भेजेंगे और इस विवाद में क्षेत्र के एक दरोगा वा एक सिपाही का शामिल होना पाया जा रहा है जिसकी चर्चा संपूर्ण क्षेत्र में है वा पीड़ित परिवार भी बयां कर रहा है कि सिपाही व दरोगा अगर समय रहते चेत जाते तो ऐसी घटना ना कारित होती।

लामी चैराहे पर जमीनी विवाद में एक महिला की हुई मौत के मामले में पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा जो घटना घटी है वह अत्यंत निंदनीय है लेकिन इस घटना को जातीय रंग न दिया जाए और इस घटना में शामिल हर व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए चाहे व किसी भी जाति का हो मैं पुलिस अधीक्षक से यह मांग करता हूं कि घटना को कारित करने वाले व षड्यंत्र मे शामिल लोगों पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए।

# मार्ग की बदहाली से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**रायबरेली।** जगतपुर विकास क्षेत्र के दौलतपुर-उड़वा-तिवारीपुर संपर्क मार्ग की बदहाली से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा आज लोक निर्माण विभाग और गंगा एक्सप्रेसवे के खिलाफ फूट पड़ा। आज सुबह दौलतपुर ग्राम सभा के पूरे कुम्हारन में ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना के नेतृत्व में प्रदर्शन करके सड़क बनवाने की मांग की।

उल्लेखनीय है कि दौलतपुर गांव के पास से 5 किलोमीटर लंबा उड़वा तिवारीपुर संपर्क मार्ग है। यह संपर्क मार्ग जगतपुर की ग्राम पंचायत दौलतपुर, बिछियावादी, पूरे आशा, पूरे दिन दीना, पूरे चिरई, झाम का पुरवा, शिवगंज, उडवा, विष्णुपुर, तिवारीपुर, पूरे जगत, सिंघापुर आदि गांवों को जोड़ता है। इस सड़क से शंकरपुर, एस बी एस विद्यालय से हजारों, छात्रों का भी आना-जाना रहता है। यह जगतपुर का अत्यंत व्यस्त मार्ग है, इस मार्ग से हजारों की आबादी निकलती है लेकिन यह सड़क गड्ढे में है कि गड्ढे में सड़क है यही नहीं पता चल रहा। सड़क की दशा अत्यंत खराब है। बीते 6 माह से लोग गिर के चोटहिल हो रहे हैं छोटे बच्चे को भी चोट आ रही हैं बड़े वाहन निकल नहीं पाते हैं लेकिन किसी के कान में जू नहीं रेंग रहा है। लगभग आठ माह पूर्व सड़क का निर्माण कार्य रिनिवल के जरिए प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था लेकिन उसी के तुरंत बाद गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य में लगी एजेंसियों ने उड़वा गांव पूरे झाम बिछियावादी पास से मिट्टी ढुलाई का काम शुरू कर दिया जो की अनवरत चार से पांच महीने चलाता रहा उन चार-पांच महीना में गंगा एक्सप्रेसवे के डंपरों ने पूरी सड़क को तहस नहस कर दिया सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई मिट्टी ढुलाई का काम बंद हो गया और गड्ढे ग्रामीणों के नसीब बन गए। बार-बार शिकायत के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई बहुत दबाव बनाए जाने के बाद दो-तीन डंफर गिट्टी डाल कर गंगा एक्सप्रेसवे ने अपनी इति श्री कर ली। लेकिन जो सड़क सुगम यातायात के लिए बनी थी वही सड़क ग्रामीणों के लिए अभिशाप की तरह हो गई। युवा नेता विकास तिवारी, सहकारी समिति दौलतपुर के अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि खराब सड़क के चलते भारी परेशानी है बच्चों का स्कूल जाना भी परेशानी का सबब बन गया है कब उनकी ड्रेस खराब हो जाए पता ही नहीं चलता इतनी बड़ी आबादी निकलती है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

● मार्ग नहीं बना तो लोनिवि व गंगा एक्सप्रेसवे कार्यालय पर ग्रामीण देंगे धरना

# बच्चों ने रैली निकाल कर नये छात्रों का स्कूलों में प्रवेश का किया आह्वान



**महराजगंज, रायबरेली।** स्कूल चलो अभियान के तहत कस्बा स्थित कम्पोजिट कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने रैली निकालकर नए छात्रों का स्कूलों में प्रवेश का आवाहन किया। छात्रों की रैली को स्कूल की इंचार्ज प्रधानाध्यापक गायत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन स्कूल में कराने को लेकर श्लोगनों के माध्यम से अपील की गई। बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर रंधावा मार्ग से होकर कस्बे के विभिन्न मार्गों पर रैली निकाली। इस दौरान छात्रों उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों ने नारे लगाए - श्हम आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे और बच्चे मांगे प्यार दो, शिक्षा का अधिकार दो। इस अवसर पर रमेश बहादुर, उमेश कुमार, संतोष कुमार, रश्मि शुक्ला, शिल्पी गुप्ता, सोनी गुप्ता, अवनीश कुमार और सोनम चैधरी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## लापता युवक का फांसी पर लटका मिला शव, पिता ने जतायी हत्या की आशंका

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के पूरे जालिम सिंह मठ गांव का 26 वर्षीय एक युवक सूरज कोरी पुत्र राज बहादुर 3 दिन से लापता था। शुक्रवार सुबह सूरज का शव गांव से एक किलोमीटर दूर जंगल में पेड़ से फांसी पर लटका हुआ बरामद हुआ है। सूरज के पिता राजबहादुर ने हत्या की आशंका को जताई है लेकिन उन्होंने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में मात्र पोस्टमार्टम कराए जाने की बात लिखी है। पुलिस और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सूरज कोरी मूलतः उन्नाव जिले के थाना बारासगवर गांव तेज सिंह खेड़ा का निवासी है। वह मठ गांव में अपने फूफा नंदलाल के यहां रहकर गत 5 वर्षों से पढ़ाई लिखाई कर रहा था। फार्मासिस्ट करने के बाद लालगंज के एक अल्ट्रासाउंड सेंटर में नौकरी कर रहा था। सूरज का शव मिलने से गांव में हड़कंप व्याप्त है। पिता राजबहादुर का कहना है कि उसको मारकर फांसी पर लटकाया गया है। उसे मारने से पहले उसके शरीर को जगह-जगह जलाया गया है। वही प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्यक्ष रूप से तो फांसी की घटना प्रतीत होती है लेकिन मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चलेगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूरज की मौत से उसके पिता राजबहादुर ,माता कांति देवी ,भाई मोहन सहित बुआ और फूफा का रो-रो कर बुरा हाल है।

## प्राथमिक विद्यालय ककराही में पंचवटी ने चलाया मां के नाम एक पौधरोपण अभियान

**रायबरेली।** लालगंज विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ककराही के प्रांगण में पंचवटी विकास समिति के सदस्यों के साथ प्रधानाचार्य राकेश सिंह के संरक्षकत्व में नन्हें-मुन्नों के उत्साहपूर्ण वातावरण में माँ के नाम एक पौधा अभियान वन महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पृथ्वी माँ के आँचल को हरा-भरा रखने के लिए, छात्रों पेड़ पौधों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि हर नागरिक को कम से कम एक पौधा माँ के नाम अवश्य लगाना चाहिए। पंचवटी सचिव डॉ महादेव सिंह ने वृक्षों को वायु, जल, ध्वनि, और भूमि सभी प्रकार के प्रदूषणों का निवारक बताते हुए मानव का सहचर और उसके अस्तित्व का प्रमुख आधार बताया। अंत में 2 बरगद, 2 पीपल, 2 पाकर, 2कदम्ब, एक इमली, हरसिंगार तथा अन्य पुष्प प्रजातियों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व ग्राम प्रधान शिव बोध सिंह, कमल सिंह, शिवप्रकाश दीक्षित, पवन दीक्षित, हनुमंत सिंह, रामगुलाम सविता, अमर पाल सिंह, देवराज सिंह, मीनू, सविता, अखिलेश आदि उपस्थित रहे।

## सीएमओ ने सीएचसी का निरीक्षण किया

**अमेठी।** जनपद में 1 से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एव 11 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले दस्तक अभियान के अन्तर्गत सामु० स्वा० केन्द गौरीगंज के अन्तर्गत ग्राम टिकरिया का डा० वी०के० वर्मा अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या मण्डल अयोध्या द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डा० अंशुमान सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. रामप्रसाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वी०बी०डी०. डा० राजीव सौरभ अधीक्षक सामु० स्वा० केन्द्र गौरीगंज, सुशील कुमार जिला मलेरिया अधिकारी व ग्राम की आशा अनीता व आंगनबाडी सरोज मिश्रा उपस्थित थे। निरीक्षण में पाया गया कि ग्राम में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान से सम्बन्धित प्रचार-प्रचार सामग्री पोस्टर व बैनर चस्पा किये गये थे, परिवार को दिमागी बुखार क्षय रोग, दस्त तथा कुपोषण के विषय में जानकारी देते हुए उक्त रोगों के प्रभाव में आने पर नजदीकी चिकित्सालय में जाने हेतु सलाह दी जा रही थी व तोर्स रिडक्शन का कार्य भी आशा द्वारा सम्पादित किया जा रहा था। लक्षणयुक्त रोगियो की लाईन-लिस्टिंग भी आशा द्वारा तैयार की जा रही थी। ग्रान में पंचायती राज विभाग द्वारा नालियों की सफाई, झाडियों की कटाई व एन्टीलार्वा स्प्रे का कार्य सुचारू रूप से किया गया था। आम जनमानस से जानकारी लेने पर बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सचरी रोग के प्रति जागरूक किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी द्वारा उपस्थित टीम को लावीर्साइडल छिडकाव एवं डेगू निरोधात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया गया एवं सम्भावित स्रोतो का विनष्टीकरण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त चिकित्सा व्यवस्था की तैयारी हेतु सामु०स्वा०केन्द्र अमेठी का निरीक्षण किया गया। चिकित्सालय में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। चिकित्सालय में एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड मशीन संचालित पायी गयी। चिकित्सालय में स्थापित एम०एन०सी०यू० व जे०एस०वाई० वार्ड की साफ-सफाई एवं चिकित्सा व्यवस्था सुद्दढ पायी गयी, जिसके कम में अनर निदेशक द्वार अधीक्षक सामु स्वा० केन्द्र अमेठी की प्रशंसा करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया।

# वारंटी को पकड़ने गयी पुलिस टीम पर हमला, दरोगा व सिपाही घायल



● 4 महिलाओं समेत 7 पर केस दर्ज

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुदनापुर गांव में शुक्रवार की सुबह वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर वारंटी समेत महिलाओं ने हमला बोल दिया। हमले में दारोगा समेत एक सिपाही घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार सुदनापुर निवासी कृष्ण देव सिंह पुत्र पाटेश्वरी सिंह, उमा देव सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह के विरुद्ध मुकदमें में कोर्ट से वारंट जारी था। पकड़ने के लिए पुलिस जब उसके घर पहुंची तो घर पर कृष्ण देव सिंह, उमादेव सिंह मौजूद मिले। पुलिस ने जैसे ही कृष्ण देव सिंह को पकड़ा वह अपने आप को छुड़ाने लगा व चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर तब तक घर की औरतें साधना सिंह पत्नी कृष्ण देव सिंह, सृष्टि पुत्र कृष्ण देव सिंह, शशि पत्नी उमादेव सिंह, सुशीला सिंह पत्नी स्व जगन्नाथ सिंह व शुभम पुत्र उमादेव सिंह निवासी सुदनापुर आ गए और वारंटी को छुड़ाने लगे, जब वारंटी को पुलिस वाले नहीं छोड़े तो साधना पत्नी कृष्ण देव सिंह ने उप निरीक्षक द्रिबेश त्रिवेदी के हाथ में अंगूठे के पास दांत से काट लिया व सभी एक जुट होकर सिपाही को भी मारने पीटने लगे। उप निरीक्षक द्रिबेश त्रिवेदी के हाथ से आरोपियों ने सभी सरकारी कागजों को लेकर फाड़ दिया, जिससे अफरातफरी का फायदा उठाकर वारंटी फरार हो गया। हमले में चैकी इंचार्ज द्वारिकागंज द्रिवेश द्विवेदी और सिपाही शिवम तिवारी घायल हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना पर पहुंची अतिरिक्त फोर्स व थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने गांव में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बाबत थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मामले में उप निरीक्षक द्रिबेश त्रिवेदी की तहरीर पर चार महिलाओं समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सीडीओ ने किया खण्ड विकास कार्यालय व सीएचसी का औचक निरीक्षण




**अमेठी।** सीडीओ सूरज पटेल ने आज विकास खंड भेटुआ के बीडीओ कार्यालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय बीडीओ छत्रपाल सिंह तथा सीएचसी पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिमन्यु उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बीडीओ कार्यालय भेटुआ में उपस्थिति पंजिका के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि मनरेगा से संबद्ध केदार प्रसाद (एपीओ), अजय कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार जायसवाल,व अंशुमान विक्रम सिंह (सभी तकनीकी सहायक) द्वारा उपस्थिति पंजिका में न तो हस्ताक्षर किए गए थे, और न ही टूर या स्थलीय भ्रमण का कोई उल्लेख किया गया था। इससे स्पष्ट होता है कि उक्त कर्मी कार्यालय में अनुपस्थित थे। इस पर उपयुक्त श्रम एवं रोजगार अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर शीघ्र प्रस्तुत करें। इसी क्रम में दिनेश कुमार जायसवाल (सफाई कर्मी) एवं गुलाबचंद सहायक विकास अधिकारी, पंचायत भी अनुपस्थित पाए गए। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी अमेठी को निर्देशित किया गया कि इन कर्मियों का स्पष्टीकरण प्राप्त कर तत्काल प्रस्तुत करें, साथ ही कारण स्पष्ट किया जाए कि वे बिना किसी उच्चाधिकारी की अनुमति के क्यों अनुपस्थित रहे। कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई तथा कर्मचारियों की पटल मेजों पर नामपट्टिकाएं और पटल का विवरण भी अंकित नहीं पाया गया। अधिकांश कर्मियों द्वारा आई.डी. कार्ड भी धारण नहीं किया गया था। इस पर खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे सभी पाई गई कमियों को तत्काल दूर करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें एवं भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो यह सुनिश्चित करें।

इसके पश्चात सीडीओ ने सीएचसी भेटुआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षक उपस्थित थे, परंतु स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाई गई। सीएमओ अमेठी को निर्देशित किया गया कि इस विषय में संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कमियों का शीघ्र निराकरण करें। ओपीडी कक्ष का निरीक्षण करते समय चिकित्सक ने बताया कि अब तक 90 मरीजों की ओपीडी की जा चुकी है। इस पर सीडीओ ने निर्देशित किया कि मरीजों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, यह सुनिश्चित किया जाए तथा सभी पात्र लाभार्थियों को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जाए। सीएचसी भेटुआ के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि गायत्री सिंह ने हस्ताक्षर नहीं किया था, जबकि समय मध्याह्न 12 बज चुके थे। इसके अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक द्वारा भी उपस्थिति का सत्यापन पंजिका में नहीं किया गया था। इस पर संबंधित को निर्देशित किया गया कि सीएमओ के माध्यम से अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए। सीडीओ ने कहा शासकीय कार्यालयों में कार्य व्यवस्था, उपस्थिति व अनुशासन को प्राथमिकता दी जाए तथा जनहित से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने महिला को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने एक महिला को मारा पीटा जिससे उसका हाथ पैर टूट गया। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मालापुर जगदीशपुर गांव की माधुरी पत्नी विश्वनाथ की विपक्षियों से पुरानी रंजिश चली आ रही थी आरोप है कि बृहस्पतिवार को पुरानी रंजिश को लेकर दोपहर विपक्षी उनके दरवाजे पर आए और गाली गलौज देने लगे मना करने पर लाठी एवं लोहे के रॉड से उनके ऊपर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उनका एक हाथ एवम पैर भी टूट गया। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही जितेंद्र, कौशल्या, किशनावती, राजकुमार एवं वीरेंद्र की पत्नी के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

## खंड शिक्षा अधिकारी को दी गयी भावभीनी विदाई




**सुलतानपुर (वीओएल)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र जयसिंहपुर के सभागार में शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में विभिन्न संघों के पदाधिकारी और प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। निवर्तमान बीईओ शिव शंकर मिश्रा ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निपुण ब्लॉक बनाने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि वे जयसिंहपुर को कभी नहीं भूल पाएंगे। जयसिंहपुर को निपुण ब्लॉक बनाने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया था और निपुण ब्लॉक बनाने के लिए कुछ सख्ती जरूरी है। उन्होंने शिक्षकों से समय पर विद्यालय पहुंचने और अपने स्कूल को निपुण बनाने में पूरी लगन से जुटने का आह्वान किया। विभिन्न शिक्षक संघों के पदाधिकारियों ने विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इनमें जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष दामोदर तिवारी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह व जयप्रकाश वर्मा जी अनुदेशक संघ एवं शिक्षामित्र संघ अध्यक्ष अशोक वरिष्ठ शिक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश दुबे, मंत्री शिवनारायण वर्मा, कोषाध्यक्ष जीत बहादुर वर्मा, रोहित दुबे, स्वर्ण प्रताप सिंह, राम लखन वर्मा, राम मगन वर्मा, अशोक विश्वकर्मा व बीआरसी आदि मौजूद रहे।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में विश्व जनसंख्या दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र प्रखर, आरुष, अनन्या, कुशाग्र, तावी, अन्वी, प्रिया, युवराज और धर्मा ने जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर आधारित लघु नाटिका का मंचन कर सभी को जागरूक किया। उप-प्रधानाचार्य फैजान खान ने छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि पूरे विश्व में लगातार बढ़ रही जनसँख्या से उत्पन्न हो रही समस्याओं जैसे गरीबी, लैंगिक असमानता, मातृ स्वास्थ्य और मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। यही नहीं यह दिन 11 जुलाई 1987 को दुनिया की आबादी के पांच अरब ह्लडे ऑफ फाइव बिलियनह्ल तक पंहुचने की भी याद दिलाता है। प्रत्येक वर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाये जाने वाले इस दिवस की वर्ष 2025 में थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशावान दुनिया में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना है। विश्व जनसंख्या घड़ी के अनुसार पूरे विश्व की जनसंख्या लगभग 8.2 अरब पहुंच चुकी है जिसमें विश्व जनसंख्या समीक्षा के हालिया आंकड़ों के अनुसार करीब 1.46 अरब जनसंख्या के साथ भारतवर्ष विश्व में प्रथम स्थान पर है, हमें गंभीरता से इस बढ़ रही जनसंख्या से उत्पन्न हो रही समस्याओं के प्रति सभी को जागरूक करना होगा। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में असेंबली के मौके पर ही विश्व जनसंख्या दिवस पर एक लघु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने स्कूल के बच्चों को बताया कि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न खतरे और इसे नियंत्रित करने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इसका नकारात्मक प्रभाव पर्यावरण पर तेजी से पड़ रहा है।

# आरेडिका में स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, चिकित्सालय में आरेडिका चिकित्सालय के चिकित्साधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से मैक्स अस्पताल लखनऊ से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. विशाल श्रीवास्तव (कार्डियोलॉजी) डॉ. फराह अरशद (एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जन), डॉ. संतोष कुमार (मूत्र रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. सतेंद्र (फिजिशियन) के द्वारा चिकित्सालय में आए कुल 118 मरीजों नें स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ 40 महिला मरीजों का एंडोक्राइन स्पेस्लिस्ट के द्वारा ब्रेस्ट सहित शारीरिक परीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा जैन ने विशिष्ट अतिथि चिकित्सकों का पौधा भेंट कर सम्मान किया।

शिविर के साथ-साथ प्रातः 11:00 बजे आरेडिका चिकित्सालय के प्रशासनिक भवन में मैक्स अस्पताल लखनऊ की डॉ. फराह अरशद (एंडोक्राइन एवं ब्रेस्ट सर्जन) ने ब्रेस्ट कैंसर पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में यदि कैंसर का पता चल जाए तो इसका उपचार संभव है। महिलाओं को नियमित रूप से स्वयं परीक्षण करने और किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करने की सलाह दी गई। इसी क्रम में डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव (डेंटल सर्जन) ने ओरल कैंसर पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया तंबाकू, गुटखा और धूम्रपान जैसी आदतें मुख कैंसर के प्रमुख कारण हैं। समय रहते यदि लक्षणों को पहचाना जाए तो इलाज की सफलता की संभावना बढ़ जाती है। दोनों विशेषज्ञों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव और उपचार की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम में आरेडिका के महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं, महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों सक्रिय भागीदारी रही। आरेडिका महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया यह आयोजन निस्संदेह आरेडिका परिवार के लिए प्रेरणादायक और जागरूकतापूर्ण कदम है, जो भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति आरेडिका परिवार को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाएगा।

## बीईओ ने कार्यभार संभाला

**सुलतानपुर।** जिले में हाल ही में हुए स्थानांतरण के तहत प्रतापपुर कमैंचा के बीइओ उदय राज मौर्य का स्थानांतरण कादीपुर विकास खंड में किया गया। शुक्रवार को उन्होंने बीआरसी कादीपुर पहुंचकर औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। उनके आगमन पर शिक्षकों और कर्मियों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। श्री मौर्य निपुण भारत मिशन को सफल बनाने, मिशन कायाकल्प को गति देने और शिक्षकों के साथ बेहतर समन्वय के लिए जाने जाते हैं।

## विद्युत समस्या के समाधान के लिए सूरापुर पहुंचे अधिशासी अभियंता

**सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र में लंबे समय से चल रही खराब विद्युत आपूर्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कादीपुर के अधिशासी अभियंता धर्मवीर सिंह सूरापुर पहुंचे। बताया जा रहा है कि स्थानीय व्यापारियों की शिकायतों के बाद यह दौरा ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर हुआ। अधिशासी अभियंता ने यहां व्यापार मंडल अध्यक्ष बीके अग्रहरि से मुलाकात की और स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में प्रमुख रूप से विद्युत आपूर्ति में अनियमितता और गलत बिलिंग की समस्या सामने आई। व्यापारियों ने बताया कि दिन में भी घंटों तक बिजली नहीं रहती, जिससे व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस मौके पर अधिशासी अभियंता धर्मवीर सिंह ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को जल्द बेहतर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम व्यापारियों की समस्याओं से भलीभांति अवगत हैं और उनका शीघ्र समाधान हमारी प्राथमिकता है। गलत बिल की जांच कर सुधार किया जाएगा और विद्युत आपूर्ति को सुचारु किया जाएगा। व्यापारियों ने अधिशासी अभियंता के आश्वासन पर संतोष व्यक्त किया और जल्द समाधान की अपेक्षा जताई। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस पहल से क्षेत्र की बिजली समस्या में जल्द सुधार देखने को मिलेगा इस मौके पर सुनील चैरसिया, रवि बरनवाल, पप्पू अग्रहरी, सतीश मोदनवाल, कृष्णा चैरसिया, आशुतोष सोनी सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।



संक्षेप

## वन विभाग का बड़े बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मथुरा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम का अभियान जारी है। टीम ने शुक्रवार को वन विभाग में रिश्वत लेते प्रधान लिपिक किशोर चतुर्वेदी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। बताते है इस बाबू की काफी समय से लोगों द्वारा शिकायत की जा रही थी। एंटी करप्शन की कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया। एंटी करप्शन की टीम समाजिकी वन प्रभाग सिविल लाइन के कार्यालय में शुक्रवार को दोपहर 12:45 बजे करीब पहुंची। बताया जाता है नगला हसनपुर में राजन सिंह पेट्रोल पंप लगवाना चाहते हैं उसकी एनओसी के लिए प्रधान लिपिक किशोर चतुर्वेदी ?50 हजार रु मांग रहा था। जैसे ही किशोर चतुर्वेदी ने 50 हजार रु अपने हाथों में लिए तुरंत एंटी करप्शन आगरा की टीम ने उसे दबोच लिया। टीम प्रभारी सहवीर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इस संबंध में थाना जमुनापार में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। शिकायतकर्ता रोहताश तंवर पुत्र गंगाराम निवासी प्रेमनगर खुर्द थाना महावन के साले राजन सिंह पुत्र शिव प्रसाद निवासी नगला पौहपी थाना रिफाइनरी के नाम पर भारत पेट्रोलियम कार्पो लि. से सन 2022 में पेट्रोल पम्प पास हुआ था। पेट्रोल पम्प की अनापति प्रमाण पत्र के लिए खसरा नं. 18 नगला हसनपुर आगरा देहली मार्ग हेतु प्रभागीय वनाधिकारी सामाजिक वानिकी वन प्रभाग मथुरा कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए 50 हजार रुपए की रिश्वत ली गयी।

## करंट से युवक की मौत

**आगरा।** थाना मलपुरा क्षेत्र के धनौली स्थित विपती नगर में मंगलवार देर रात तेज बारिश के दौरान करंट लगने से 22 वर्षीय युवक शनि पुत्र रमाकांत की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिजली कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है और न्याय की मांग की है। बताया जा रहा है कि बारिश के चलते गलियों में पानी भर गया था। शनि किसी काम से बाहर निकला और पैर फिसलने से हाथ बिजली मीटर से टकरा गया, जिससे उसे तेज करंट लगा। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि दो दिन पहले ही बिल जमा होने के बाद टोरंट ने बिजली कनेक्शन जोड़ा था, लेकिन तारों पर टेपिंग नहीं की गई थी और तार खुले छोड़ दिए गए थे। इसी लापरवाही के कारण हादसा हुआ। इस बारे में टोरेंट पावर के उपाध्यक्ष संजय कुमार का कहना है कि घटना बहुत ही दुखद है।

## कांवड़ियों के सत्कार में जुटा नगर निगम

**मथुरा।** श्रावण मास एक अत्यंत पावन व धार्मिक महत्त्व वाला महीना है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, शिवभक्त एवं कांवड़ यात्री जलाभिषेक एवं दर्शन हेतु मथुरा-वृंदावन नगरी सहित आसपास के पवित्र स्थलों की ओर प्रस्थान करते हैं। श्रद्धालुओं की आस्था, सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए पवित्र श्रावण मास पर नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा विशेष तैयारियाँ की जा रही हैं। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने इस संबंध में नगर निगम के सभी विभागाध्यक्षों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होने नगर स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों एवं सभी सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि सभी शिव मंदिरों, मार्गों एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों पर उच्च स्तरीय सफाई कराई जाए तथा प्रत्येक शिवालय पर दो सफाईकर्मी तैनात किए जाए। मंदिरों से निकलने वाले पूजन सामग्री व अवशिष्ट संग्रह हेतु विशेष वाहन लगाए जाए।

# शिव मृत्यु के देवता, अकाल मृत्यु पर दिलाते हैं विजय



**मथुरा।** वृन्दावन श्रावण मास में ब्रज की माटी से 21 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महाशिवपुराण कथा का प्रारम्भ हुआ। प्रयाग महाकुम्भ में भगदड़ के शिकार भक्तों, पहलगांव आतंकी हमले एवं अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकात्माओं की शांति हेतु हजारों शिवभक्तों ने प्रार्थना करते हुये आयोजन का शुभारम्भ किया। सनातन न्यास फाउण्डेशन अध्यक्ष देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने दिवंगत आत्माओं को समर्पित करते हुये रूद्राभिषेक कर शिवकथा का वाचन किया। शुक्रवार को छटीकरा मार्ग स्थित ठा. श्रीप्रियाकान्तजु मंदिर पर श्रावण मास के प्रथम दिवस शिवभक्तों ने भजन श्रवण करते हुये ब्रज की माटी से एक लाख एक हजार पार्थिव शिवलिंग बनाये। देवकीनंदन महाराज के साथ सभी भक्तों ने मंत्रोच्चारण के मध्य दूध, दही, बेलपत्र, पुष्पादि से रूद्राभिषेक किया। इससे पूर्व प्रियाकान्तजु मंदिर गर्भगृह से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गयी।

शांति सेवा सभागृह में शिवमहापुराण श्रवण कराते हुये

**● दूध, दही, बेलपत्र से पंचामृत से हुआ रूद्राभिषेक देवकीनंदन ने सुनायी शिव महापुराण की कथा**

देवकीनंदन महाराज ने कहा कि भगवान शिव मृत्यु के देवता हैं। शिव का अनुष्ठान, अभिषेक, कथा अकाल मृत्यु को टालकर जीवन की दषा सुधार देते हैं। जो अकाल मृत्यु को प्राप्त हो गये हैं ऐसे परिजनों की आत्माओं को शांति प्रदान करने वाले भूतभावन भोलेनाथ का अभिषेक कन्हैया की नगरी में हो रहा है। उन्होने कहा कि भक्त जिस भाव से शिवकथा श्रवण करता है, भोलेनाथ उस भाव को अवष्य ही पूर्ण करते हैं। श्रावण मास में प्रतिदिन शिव पिण्डी पर जलाभिषेक कर बेलपत्र चढ़ाने से शिव की कृपा प्राप्त होती है। एक बेलपत्र अर्पित करने से तीन जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। आयोजन सचिव विजय शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 में प्रयाग महाकुंभ, पहलगांव हमला एवं अहमदाबाद विमान दुर्घटना जैसे दुखद हादसों में बड़ी संख्या में मानवीय क्षति हुई है। इनमें कई लोगों के शरीर तक अंतिम संस्कार के लिये प्राप्त नहीं हुये। विश्व शांति सेवा मिशन एवं सनातन न्यास फाउन्डेशन द्वारा ऐसी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये श्रीधाम वृन्दावन में शिव अराधना की जा रही है। इसमें प्रातः 7 बजे ब्रज की माटी से शिवलिंग निर्माण कर 11 बजे उनका अभिषेक किया जाता है। इसके पश्चात देवकीनंदन महाराज द्वारा शिवमहापुराण कथा श्रवण कराकर सभी पार्थिव शिवलिंगों का विर्सजन किया जाता है। मुख्य यजमान नरेश कुमार गर्ग, आदित्य गर्ग, सह यजमान ममता सतीश गर्ग, सुरेश गोयल, अजय मिश्रा, रानी अवस्थी, श्यामसुन्दर सुन्दर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बी एल पांडेय को गोल्ड मेडल मिलने पर किया सम्मानित

**मथुरा।** मथुरा में हुई तीन दिवसीय प्री यूपी स्टेट शूंटिंग चैंपियनशिप में प्रदेश भर के 1000 बच्चों ने सहभागिता की और अपना हुनर दिखाया इसी प्रतियोगिता में मथुरा के बी एल पांडेय ने सहभागिता करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल में 251 स्कोर बनाकर स्टेट क्वालीफाई कर स्टेट में अपनी जगह बनाते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। उसी क्रम में आज बी एल पांडेय को बृज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश ने होटल निविशका इन बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज रोड मथुरा में स्वागत किया गया। संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा यह मथुरा जनपद के लिए गौरव की बात है कि हमारे साथी छोटे भाई किसी प्रतियोगिता के अंदर गोल्ड मेडल जीत कर लाए हैं आज उसी का जश्न हम मना रहे हैं और प्रदेश में मथुरा का नाम रोशन इनके द्वारा किया गया है इसके लिए उनको हम सम्मानित कर रहे हैं यह हमारे समाज के लिए गौरव की बात है। गोल्ड मेडल लाने वाले बी एल पांडेय ने कहा कि वो छाता तहसील के छोटे से गांव भदावल के रहने वाले है और आज ये गोल्ड मेडल मेरे बड़े बुजुर्ग और साथियों को समर्पित है।



जिनके सहयोग से मैं आज गोल्ड मेडल उनके लिए जीत कर लाया हूं आगे मेरा प्रयास रहेगा कि मैं अपने जनपद मथुरा का नाम देश में रोशन कर सकूं। समिति के महासचिव चंद्र मोहन दीक्षित ने कहा समिति का प्रयास हमेशा से ही मथुरा के लिए कुछ अलग करने वाले लोगों बढ़ावा देकर उनका हौसला बढ़कर उनको सम्मानित करने का कार्य समय पर होता रहा है आज इसी क्रम में हम बी एल पांडेय को भी सम्मानित कर रहे हैं। इस अवसर पर दीपक सारस्वत नरेंद्र दीक्षित दीपक वर्मा गौरव सक्सेना आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने किया तहसील सदर का औचक निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने एडीएम संगीता गौतम के साथ सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम उपस्थिति पंजिका को देखा, उपस्थिति पंजिका को देखने पर उन्हें ज्ञात हुआ कि अजय कुमार न्याय लिपिक, अंजुल सिंह नकल नवीस, राजेंद्र सिंह व रामवीर रजिस्ट्रार कानूनगो, कृति कुलश्रेष्ठ एडब्ल्यूबीएन अनुपस्थित मिले, जिलाधिकारी ने अनुपस्थित कर्मचारियों के ऊपर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के साथ-साथ वेतन काटने की भी निर्देश दिए, डीएम को निरीक्षण के दौरान यहां पर बने बाथरूम अत्यंत गंदे मिले, कुछ बाथरूम में दरवाजा भी नहीं था, जिस पर डीएम अत्यंत नाराज दिखें, डीएम ने निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया की धारा 24 के अंतर्गत आने वाले मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, डीएम को निरीक्षण के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि न्यायालय से परवाना संबंधित जो आदेश जारी किए जाते हैं, उनका भी पालन यहां नहीं हो रहा है, तहसील परिसर में भी जगह-जगह गंदगी नजर आई, तहसील परिसर में मिली अव्यवस्था पर जिलाधिकारी ने एडीएम और तहसीलदार को स्पस्टीकरण जारी करने के आदेश दिए, जिलाधिकारी ने खतौनी कराने आए किसानों से भी वार्ता कि जिस पर किसानों ने बताया कि खतौनी का कार्य यहां सुचारू रूप से संचालित हो रहा है, इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ता ने कुलपति समेत कई अधिकारियों पर मानहानि का परिवाद दायर किया, तलब

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि की कुलपति प्रो. आशु रानी, कुलसचिव अजय मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश समेत कई अधिकारियों के खिलाफ अधिवक्ता डॉ. अरुण कुमार दीक्षित ने सीजेएम कोर्ट में मानहानि का परिवाद दाखिल किया है। कोर्ट ने परिवाद स्वीकार करते हुए सभी प्रतिवादियों को 1 अगस्त को तलब किया है। अधिवक्ता का आरोप है कि उनके खिलाफ झूठे तथ्य प्रस्तुत कर कूटरचित दस्तावेज बनाए गए, साथ ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सार्वजनिक रूप से उनकी छवि खराब करने का प्रयास किया गया। याचिका में कहा गया है कि कार्य परिषद की बैठक के बाद जानबूझकर मीडिया को गुमराह कर बयान जारी किए गए, जिससे समाज में उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। उन्होंने यह भी कहा कि जिस जांच समिति का हवाला दिया गया वह सिर्फ तीन दिनों में बनी और रिपोर्ट भी आ गई, जो असंभव प्रतीत होता है। इसमें उन्हें पक्ष रखने का भी मौका नहीं मिला। डॉ. दीक्षित ने दावा किया कि वह लंबे समय से वकालत के क्षेत्र में कार्यरत हैं और कई प्रतिष्ठित मंचों पर सम्मानित हो चुके हैं। विश्वविद्यालय के पक्ष में भी उन्होंने करोड़ों रुपये के वाद जीते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिल पास कराने के एवज में उनसे कमीशन मांगा गया, जिसकी शिकायत उन्होंने राजभवन और प्रधानमंत्री से की थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि कई व्हाट्सएप ग्रुपों पर भी उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणियां की गईं।

## श्रावण मास व बल्केश्वर मेले की तैयारियों को लेकर विधायक पुरुषोत्तम की मेयर से वार्ता

**आगरा।** श्रावण मास की शुरुआत से पहले बल्केश्वर महादेव मेले की व्यवस्थाओं को लेकर विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने महापौर हेमलता दिवाकर से वार्ता की। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। विधायक खंडेलवाल ने कहा कि बल्केश्वर क्षेत्र में आयोजित बल्केश्वर महादेव मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस दौरान चारों महादेवों की परिक्रमा का विशेष धार्मिक महत्व होता है। ऐसे में परिक्रमा मार्ग को समतल व सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने मेयर से कहा कि सड़क के गड्ढों की मरम्मत करने के साथ ही स्ट्रीट लाइटों की दुरुस्त करा ली जाएं। समुचित सफाई व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाए। विधायक खंडेलवाल ने कहा कि 11 जुलाई से श्रावण मास आरंभ हो रहा है, जो शिवभक्तों के लिए सबसे पवित्र मास माना जाता है। इस दौरान शहर के विभिन्न शिव मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। उन्होंने महापौर से आग्रह किया कि भक्तों के लिए अपेक्षित सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। महापौर ने आश्वस्त किया कि मेले से पूर्व सभी कार्य कराए जाएंगे।

## निर्माणाधीन दुकान की छत पर मिला 13 वर्षीय किशोर का शव

**टूंडला।** थाना टूंडला क्षेत्र के सुभाष चौराहा के पास शिवपुरी डाकखाने वाली गली में निर्माणाधीन दुकान की छत पर लगभग 13 वर्षीय बालक का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से सनसनी फैल गई। शुक्रवार सुबह एक 13 वर्षीय किशोर का शव शिवपुरी कॉलोनी आगरा रोड की पोस्ट ऑफिस वाली गली में निर्माणाधीन दुकान की दूसरी मंजिल पर नग्नावस्था में पड़ा मिला। उसके गले और हाथ में काले रंग का कपड़ा बंधा था, वहीं बनियान फटी हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी सौरभ दीक्षित एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद सीओ अमरीश कुमार और थाना प्रभारी अंजीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान 13 वर्षीय मोहित पुत्र दिनेश, निवासी कच्चा टूंडला थाना टूंडला के रूप में हुई। वह कूड़ा बीनने का काम करता था और रोज इसी इलाके में घूमता था। एएसपी नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि मृतक 13 वर्षीय किशोर रात को मेला देखने दोस्तों के साथ आया था जिसमें उसके दोस्तों से पूछताछ की जा रही है, परिजनों की तहरीर पर केस पंजीकृत कर लिया गया है, शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## डीएम एसएसपी ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया

**फिरोजाबाद।** आगामी कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न करने हेतु डीएम रमेश रंजन और एसएसपी सौरभ दीक्षित ने कावड़ यात्रा मार्ग शिकोहाबाद एटा चौराहे से लेकर फिरोजाबाद तक की सीमा का निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने इस दौरान सड़क मार्ग पर पड़ने वाले गढ़ढ़ो को अपने सामने भरवाया साथ ही इस मार्ग पर स्थापित 9 अस्थाई कैम्पो मेंं व्यवस्थायों का भी जायजा लिया उन्होंने कहा कावड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए इन कैम्पो में समस्त व्यवस्थाएं अवश्य रहे इस पुनीत कार्य में हम सभी का योगदान लंबे समय तक याद रखा जाएगा, निरीक्षण के दौरान एसडीएम शिकोहाबाद क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद प्रभारी निरीक्षक जसराना, सहित संबंधित विभागों नगर पालिका, लोनिवि विद्युत, स्वास्थ्य, परिवहन आदि के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# एडिप योजना व बायो श्री योजना के तहत दिव्यांगों-वरिष्ठजनों को उपकरण बांटे



**फिरोजाबाद।** सामाजिक अधिकारिता शिविर में भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं बायो श्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ जनों को सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन बालकृष्ण गुप्ता बगीची कोटला रोड में किया गया, एडीपी योजना के अंतर्गत 108 दिव्यांगजनों को 197 निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए गए, इन उपकरणों में 29 मोटराज्ड ट्राई साइकिल, 25 ट्राईसाईकिल, दो ट्राई छोटी ट्राई साइकिल, 44 कान की मशीन जैसे 197 उपकरण शामिल है, जबकि राष्ट्रीय वायो श्री योजना के अंतर्गत 296 वरिष्ठ जनों को 1563 निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किये गए, इन उपकरणों में व्हीलचेयर, कमोड सहित 22, सीट सहित छड़ी 39, फोल्डिंग व्हीलचेयर 104 एवं कान की मशीन जैसे उपकरण 220 शामिल है, इस प्रकार से 48 लाख मूल की लागत से कुल 1760 सहायक उपकरणों का निशुल्क वितरण किया गया। इस जनहितकारी कार्य और लोकहितकारी उपकरणों का वितरण सदर विधायक मनीष असीजा, मेयर कामिनी राठौर के कर कमलों द्वारा किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन जिला दिव्यांग एवं सशक्तिकरण द्वारा संचालित हुआ, इनके अलावा इस कार्यक्रम में परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, पूर्व सांसद ओमपाल सिंह नीडर महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर प्रेम स्वरूप पारस, भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद पाल बघेल, एलिम्को के मैनेजर चंदन कुमार आदि उपस्थित रहे, संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन भगवान दास शंखवार ने किया।

# जमीन हड़पने को पार की जालसाजी की हद

**आगरा।** कारोबारी के आधार और पैन कार्ड के साथ ही आरोपी ने उसका मृत्यु प्रमाणपत्र भी बनवा लिया। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। दिल्ली के हैंडीक्राफ्ट कारोबारी की हाईवे किनारे की करोड़ों की जमीन को हड़पने की साजिश रचने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरोप है कि कारोबारी का फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी से लेकर फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र तक तैयार कर लिया गया। कारोबारी की शिकायत पर सिकंदरा थाने की पुलिस ने आरोपी रघुनाथ सिंह पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। नई दिल्ली में मथुरा रोड पर सुखदेव विहार में रहने वाले मनमोहन शास्त्री ने पुलिस से शिकायत की। बताया कि उनका हैंडीक्राफ्ट का व्यापार है। उनकी फर्म महिलाओं को रोजगार देती है। सामान का विदेश तक निर्यात होता है। उनकी एक यूनिट आगरा बाजार ट्रस्ट के नाम पर भी है, जिसमें 100 से अधिक कर्मचारी जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि मौजा लखनपुर में भूखंड गाटा संख्या 5, 6, 8, 9, 27, 28 व 29 कुल 2.99985 हेक्टेयर जमीन वर्ष 1997 में 21 लाख में खरीदी थी। जमीन की रजिस्ट्री वैध रूप से बैनामा विलेख संख्या 3337 के तहत उपनिबंधक कार्यालय आगरा में दर्ज है। इस पर उनका वैध कब्जा है। उनकी संपत्ति में से वर्ष 2015 में कुछ भाग को नेशनल हाईवे विस्तार के लिए अधिग्रहित किया गया था, जिसका मुआवजा 1.59 करोड़ उन्हें प्राप्त हुआ था। मनमोहन शास्त्री ने बताया कि भूखंड की कीमत में वृद्धि के बाद भूमाफिया सक्रिय हो गए। वर्ष 2014 में उन्हें पहली बार जानकारी मिली कि उनके वोटर कार्ड में उनकी तस्वीर किसी और की लगा दी गई है। शिकायत करने पर दिल्ली के कालकाजी थाने में धोखाधड़ी व जालसाजी की धाराओं में केस दर्ज किया गया। जांच में कई फर्जी दस्तावेज मिले। इसमें मुख्य आरोपी रघुनाथ सिंह था। दिल्ली पुलिस ने वर्ष 2018 में आगरा में छापा मारकर रघुनाथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया, जो खुद को मनमोहन शास्त्री बता रहा था। उसके पास से फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट और डीएम द्वारा जारी फर्जी निवास प्रमाणपत्र तक था।

**● दिल्ली के कारोबारी का बनवाया फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र, पुलिस ने केस दर्ज किया**

आरोपी रघुनाथ करीब 14 महीने जेल में रहा। बाद में उसे उच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिली थी। कारोबारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि अब आरोपी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूमि को सुशील कुमार जैसवाल सहित तीन अन्य व्यक्तियों को बैनामे के माध्यम से बेचने की कोशिश कर रहा है। इसकी जानकारी उन्हें मिल गई। इस पर उपनिबंधक कार्यालय में आपत्ति दर्ज कराई। एसएसपी को पत्र लिखा था। आरोप लगाया कि उनका फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र भी बना लिया गया है। व्यापारी ने सख्त कार्रवाई की मांग की। मामला उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है। एसीपी हरीपर्वत विनायक भोसले ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीपी हरीपर्वत विनायक भोसले ने बताया कि जमीन के मामले में पूर्व में चार केस दर्ज हुए थे। इनमें जांच की गई थी। 12 आरोपी जेल भेजे गए थे। इनमें से एक ही आरोपी को हाईकोर्ट से जमानत मिल सकी है। एसआई ने जांच के लिए सदर तहसील के दो जिल्द बही के रजिस्टर जब्त किए हैं, जिसमें कई कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं। जिन कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं, उनके हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं। इनका मिलान फोरेंसिक लैब में कराया जाएगा। वहीं फर्जी दस्तावेजों के मामले में जांच के लिए अब नई टीम बनाई जा रही है। दो और केस दर्ज किए जा सकते हैं।

## 181लीटर गंगाजल भर कलश कांवड़ लायेंगे भोले के भक्त

**टूंडला।** सावन का महीना आरंभ होते ही भगवान शिव के भक्तों में उमंग और जोश भर जाता है, इस सावन के महीने में शिव भक्त गंगा घाट से कांवड़ में गंगा जल लाकर शिवालयों में शिवलिंग पर अर्पण करते हैं, जिससे प्रसन्न होकर भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होकर अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते है। सावन में शिव भक्तों द्वारा श्रद्धा भाव से कांवड लाने की इस यात्रा अंतर्गत गांव कोटकी के युवा भोले भक्त सोनू पौनिया शिवम्पौनिया नवीन पौनिया सूरज विकास संतोष चमन सनी पौनिया करन आकाश 181 लीटर गंगाजल भरकर सोरों कछला घाट से कलश कांवड़ लाकर गांव कोटकी शिव मंदिर पर अर्पित करेंगे। युवा शिव भक्त 16 जुलाई को सोरों कछला घाट प्रस्थान करेंगे और वहां से कलशों में 181लीटर गंगा जल भरकर पैदल चल 21 जुलाई सोमवार को कोटकी शिव मंदिर स्थित शिवलिंग पर गंगाजल अर्पित करेंगे।

## वृक्ष धरा के भूषण है ,करते दूर प्रदूषण है



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र एवं छात्राओं ने कॉलेज प्रांगण में प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय के निर्देशन में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत एक पौधा मां के नाम थीम पर पौधा रोपण किए गए। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में फलदार, छायादार और सौंदर्य बढ़ाने वाले पेड़ों को लगाया गया, एवं सभी छात्र एवं छात्राओं ने पेड़ों की देखभाल करने की शपथ ली। एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय ने कैडेटों से वृक्षों को लगाकर पर्यावरण बचाने की अपील की। कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार जैन ने कहा कि पौधों को उसी देखभाल प्यार और समर्पण के साथ पोषित करें, जिस तरह एक मां अपने बच्चे को पोषित करती है। इस अवसर पर गोकुल चंद्र गौतम अजय कुमार हरिओम शर्मा, सुरेश पचौरी रिचा गुप्ता ऋषि शर्मा कौशल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों को डायरिया से बचाने को जागरूकता जरूरी

**फिरोजाबाद।** डायरिया के प्रति जन जागरूकता के लिए सीएमओ डॉ.राम बदन राम नोडल परिवार नियोजन डॉ.फारुख अहमद ने सीएमओ कार्यालय से तीन प्रचार वाहनों को रवाना किया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबन्धक मो. आलम भी उपस्थित रहे। यह प्रचार वाहन नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर समुदाय को शून्य से पांच साल तक के बच्चों में डायरिया के लक्षण कारण और बचाव आदि के बारे में प्रचार-प्रसार करेंगे। इस मौके पर डॉ.राम बदन राम ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के लिए जनजागरूकता बहुत जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए डायरिया के प्रति जागरूकता संबंधी संदेशों वाले पोस्टर-बैनर से सुसज्जित यह प्रचार वाहन समस्त नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं ग्रामीण ब्लॉक के मदनपुर टूंडला नारखी के क्षेत्रों से होकर गुजरेंगे। डॉ.राम बदन राम ने कहा कि जिले में 16 जून से 31 जुलाई तक डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। डायरिया रोको अभियान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया पीएसआई इंडिया और केनव्यू भी सहयोग कर रहे हैं। अभियान की इस साल की थीम डायरिया की रोकथाम सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान तय की गयी है। अभियान का उद्देश्य बच्चों में डायरिया की रोकथाम, ओआरएस व जिंक के उपयोग को प्रोत्साहन और समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि बारिश और उमस के दौरान डायरिया के मामले बढ़ जाते हैं। डायरिया का सही इलाज ओआरएस का घोल और जिंक के टेबलेट हैं, जिन्हें उम्र के अनुसार निश्चित अवधि तक लेना बहुत जरूरी होता है। डायरिया रोको अभियान के प्रभावी संचालन एवं अधिक से अधिक जनसामान्य तक स्वास्थ्य सन्देश पहुंचाने के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर ओआरएस व जिंक कार्नर बनाये जा रहे हैं। इस मौके पर जिला कुम्मुनिटी प्रोसेस मैनेजर रवि कुमार प्रदीप कुमार और पीएसआई इंडिया से राजेश कुमार प्रजापति कैफुल हुसैन भी उपस्थित रहे।

# गुरु कृपा प्राप्त करना बहुत बड़ी उपलब्धि

**मथुरा।** बाईपास स्थित जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे गुरुपूर्णिमा सत्संग मेला के चैथे दिन बाबूराम व सतीश चन्द ने सत्संग किया। अपने सम्बोधन में बाबूराम जी ने कहा जब जीवात्मा सत्तदेश से यहाँ मृत्यु लोक में लाई गई तो कुछ समय के बाद यहाँ कर्मों का विधान बनाकर उन्हें कर्म बन्धन में जकड़ दिया गया। बहुत समय बाद उस सत्तलोक से प्रभु ने दया करके यहाँ सन्तों को भेज कर अपना भेद जाहिर किया और सन्तों ने जीवात्माओं के बन्धनों से छुड़ाने के लिये अथक परिश्रम किया। गुरु की प्राप्ति व उनकी कृपा प्राप्त करना जीवन की बहुत बड़ी उपलब्धि है। जीव के लौकिक और पारलौकिक लक्ष्य की प्राप्ति बिना गुरु के संभव नहीं है। सन्त सत्गुरु सर्व समर्थ और अन्तयार्मी होते हैं जो जीवों के कल्याण का लक्ष्य लेकर आते हैं। वे जीवात्माओं के ऊपर लदी हुई गन्दगी साफ करते हैं और उनकी हर मुसीबत में खड़े रहते हैं। इसलिये गुरु की महिमा अगम अपार है। उन्हें हाजिर-नाजिर मानकर बराबर उनका ध्यान करना चाहिये। साधना का मार्ग मिलने पर आसन लगा कर अडिग बैठकर साधना करनी चाहिये। सतीश चन्द्र ने अपने प्रवचन में कहा प्रभु प्राप्ति की साधना का मार्ग सबके लिये



एक ही जैसा है इसलिये जातीय संकीर्णताओं से निकल कर अपने परमार्थ, आत्म कल्याण की चिन्ता करना चाहिये। सुरत-शब्द (नाम-योग) साधना का मार्ग गत सात सौ वर्षों से जारी हुआ। इसलिये पुराने ग्रन्थों में इसका उल्लेख नहीं है। पहले इस साधना का प्रचार सीमित था। लेकिन सन्तों ने अपनी दया और परिश्रम से इसे बहुत बढ़ाया। बाबा जयगुरुदेव ने तो इसे जन साधारण को सुलभ बना कर गांवों-गांवों तक पहुंचा दिया जिससे करोड़ो लोग इस साधना में लगे हैं। जो लोग अपने कल्याण की चिन्ता छोड़कर अशुद्ध खान-पान में लगे हैं, उन्हें भारी संकट का सामना करना पड़ेगा। लोगों से विनती है अशुद्ध आहार त्यागें, शराब आदि का त्याग कर जीवन सफल बनायें। अच्छे समाज के निर्माण में भागीदार बनें।

## भारत के रीढ़ की हड्डी है युवा : दीपक

**मथुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रमों के अंतर्गत शुक्रवार को परमेश्वरी धानुका देवी सरस्वती विद्या मंदिर वृंदावन में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आगरा विभाग संयोजक दीपक कश्यप ने प्रतिभागियों को अभाविप के इतिहास से परिचित कराया और कहा कि विद्यार्थी कल का नहीं आज का नागरिक है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने में युवा पीढ़ी रीढ़ की हड्डी की भूमिका निभा रही है।

## महिला पीसीएस अधिकारी का राशन माफिया से कनेक्शन, उच्च स्तरीय कमेटी कर रही जांच

**आगरा।** महिला पीसीएस अधिकारी व पूर्व एडीएम नागरिक आपूर्ति सुशीला अग्रवाल पर आरोप है कि राशन माफिया को उनका सान्निध्य रहा। इसे लेकर उच्च स्तरीय जांच टीम ने खेरागढ़ में कोटेदारों के बयान दर्ज किए। राशन माफिया से मिलीभगत के आरोपों में घिरीं महिला पीसीएस अधिकारी व पूर्व एडीएम नागरिक आपूर्ति सुशीला अग्रवाल के मामले में उच्च स्तरीय जांच टीम ने खेरागढ़ में कोटेदारों के बयान दर्ज किए। गाड़ी छुड़वाने की फाइल व अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। खेरागढ़ का राशन माफिया सुमित अग्रवाल जेल में निरुद्ध है। सुमित के खिलाफ राशन कालाबाजारी के आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। एडीएम नागरिक आपूर्ति सुशीला अग्रवाल को राशन माफिया सुमित अग्रवाल का रिश्तेदार बताया जाता है। राशन माफिया की एक गाड़ी पूर्ति विभाग ने छापा मारकर खेरागढ़ में पकड़ी थी। इसमें राशन का चावल भरा था। आरोप है कि इस गाड़ी को एडीएम नागरिक आपूर्ति ने छुड़वाया। राशन माफिया का भांडाफोड़ होने के बाद सितंबर 2024 में एडीएम नागरिक आपूर्ति को आगरा से हटा दिया गया। जांच के लिए बुधवार को शासन से दो सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी आई। कमेटी में शामिल संयुक्त आयुक्त खाद्य अखिल सिंह और अपर आयुक्त विपणन राममूर्ति पांडेय ने कलेक्ट्रेट स्थित एडीएम नागरिक आपूर्ति कार्यालय में दस्तावेज खंगाले। कई अहम सुराग मिले हैं। एडीएम आफिस कर्मियों के बयान भी दर्ज किए हैं। बृहस्पतिवार को खेरागढ़ में टीम ने कोटेदारों के बयान दर्ज किए। पूर्ति निरीक्षक से उस गाड़ी के संबंध में पत्रावली तलब की। इसके बाद तहसील में कोटेदारों की बैठक में उन्हें ईमानदारी का पाठ पढ़ाया। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि जांच टीम अपनी रिपोर्ट शासन को देगी।

## संक्षेप

### ईवी एंड ऑटोटेक इन्नोवेशन फोरम का तीसरे संस्करण शुरू

पुणे । पुणे के हिंजावाड़ी में आयोजित ईवी एंड ऑटोटेक इन्नोवेशन फोरम के तीसरे संस्करण में भारत का तेजी से बदल रहा मोबिलिटी परिदृश्य केंद्र में रहा। कनेक्ट वर्ल्डवाइड बिजनेस मीडिया द्वारा आयोजित इस दिनभर चले फोरम में ईवी एवं ऑटोमोटिव उद्योग पारितंत्र, टियर-1 ऑटो ओईएम, अग्रणी दोपहिया एवं चार पहिया वाहन ब्रांडों, नीति निमार्ताओं और प्रौद्योगिकी में निवेश करने वाले लोगों ने शेपिंग दि फ्यूचर ऑफ मोबिलिटी थीम पर चर्चा की। कनेक्टिविटी, उच्च निष्पादन वाली कंप्यूटिंग, ड्राइवर असिस्टेंस/ऑटोनोमस ड्राइविंग और सुरक्षा जैसी अनूठी टेक्नोलॉजी खूबियों की मांग के साथ इलेक्ट्रिक वाहन एवं बढ़ी हुई दक्षता के नियम जैसे नवीनतम रुख का एक वाहन में सॉफ्टवेयर की भूमिका में पहले से कहीं अधिक जोर है।

### मानसून में खांसी से तेज राहत देगा डाबर हनीटस

बंगलुरु। मानसून का मौसम भीषण गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन साथ ही मौसमी बीमारियों की बाढ़ भी लाता है। मौसम में अचानक बदलाव, नमी और एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के संपर्क में आने से अक्सर खांसी, जुकाम और गले में खराश हो जाती है। यहीं पर डाबर हनीटस काम आता है - एक विश्वसनीय आयुर्वेदिक कफ सिरप जो पारंपरिक भारतीय चिकित्सा के ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक साहित्य और अध्ययनों की सटीकता के साथ मिलाकर अपनी प्रभावकारिता को प्रमाणित करता है।

### मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी96 5जी स्मार्टफोन

नई दिल्ली । मोटोरोला ने आज मोटो जी96 5जी को लॉन्च किया। यह इस साल का पहला जी-सीरीज फोन है और पिछले साल के सबसे लोकप्रिय 20 हजार से कम कीमत वाले फोन मोटो जी96 5जीका अगला संस्करण है। इस फोन में शानदार फीचर्स दिए गए हैं।इसमें सेगमेंट का सबसे बेहतरीन 144 हर्ट्ज 3डी कर्व्ड पोलण्ड एफएचडी + डिस्प्ले है, जो आईपी68 वाटरप्रूफ सुविधा के साथ आता है। साथ ही, 50एमपी ओआईएस सोनी एलवाईटीआईए 700सी कैमरा है, जो मोटो एआई और सभी लेंसों से 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है।

### एक्सिस मैक्स लाइफ का बीमा जागरूकता अभियान शुरू

लखनऊ। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने लखनऊ से एक व्यापक ग्रामीण जागरूकता अभियान (रूरल एक्टिवेशन कैंपेन) की शुरूआत की है। यह कैंपेन भरोसा टॉक्स इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट 7.0 रूरल एडिशन प्लेटफॉर्म के तहत शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में उन्नाव एवं बागपत जिलों के 50 गावों में लोगों के बीच जीवन बीमा को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाने वाला यह अभियान बीमा विनियामक प्राधिकरण इरडा की राज्य बीमा योजना के तहत उत्तर प्रदेश की अग्रणी बीमा प्रदाता के रूप में एक्सिस मैक्स लाइफ की भूमिका के तहत महत्वपूर्ण पहल है।

### क्रॉम्पटन का एमियो फ्रेश न्यूट्री ब्लेंडर लॉन्च

मुंबई। आज की तेज रफ्तार ज़िंदगी में सेहतमंद खाना खा पाना किसी चुनौती से कम नहीं। इसी मुश्किल को आसान बनाने के लिए भारत के भरोसेमंद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने एमियो फ्रेश न्यूट्री ब्लेंडर लॉन्च किया है। यह एक कॉम्पैक्ट, आधुनिक और शक्तिशाली उपकरण है, जिसे खास तौर पर उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो व्यस्त दिनचर्या में भी सेहत से समझौता नहीं करना चाहते। 'हेल्दी चॉइसेज मेड ईजी' यानी सेहतमंद विकल्प अब आसान की सोच के साथ पेश किया गया यह ब्लेंडर रोजाना के खाने में पोषण बढ़ाने में मदद करता है और हर आधुनिक रसोई में बखूबी फिट हो जाता है।



### पर्नोड इंडिया का एक नया नवोन्मेषी संस्करण लॉन्च

बंगलुरु। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की ओर से रॉयल स्टैग बैरल सेलेक्ट ने अपने नवीनतम संस्करण रॉयल स्टैग बैरल सेलेक्ट रिजर्व व्हिस्की के लॉन्च की घोषणा की है। यह उन समझदार उपभोक्ताओं के लिए तैयार की गई है जो हर घूंट में विशिष्टता और गहराई की तलाश करते हैं। यह नया संस्करण ब्रांड की उत्कृष्टता की निरंतर खोज व नवाचार के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# सेंसेक्स में 690 अंकों की गिरावट




मुंबई। मिले-जुले वैश्विक रुझानों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वाहन और बिजली शेयरों में भारी बिकवाली के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 690 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 205 अंकों की गिरावट आई।

विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच अमेरिकी शुल्क को लेकर जुड़ी अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों की धारणा पर असर डाला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 689.81 अंक यानी 0.83 प्रतिशत गिरकर 82,500.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 748.03 अंक टूटकर 82,442.25 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 205.40 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 25,149.85 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 932.42 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट देखी गई जबकि एनएसई निफ्टी में 311.15 अंक यानी 1.22 प्रतिशत की नरमी रही। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर जून तिमाही के नतीजे आने के बाद 3.46 प्रतिशत नुकसान में रहा। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने जून तिमाही में शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ रुपये हो जाने की सूचना दी है। तिमाही के दौरान रुपये में राजस्व 1.3 प्रतिशत बढ़कर 63,437 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टाइटन, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों मे हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) के शेयरों में 4.61 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। जून तिमाही के नतीजों की घोषणा की धीमी शुरुआत और अमेरिका द्वारा कनाडा पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी से घरेलू बाजार में गिरावट दर्ज की गई। आईटी कंपनियों को ऑर्डर मिलने और नए निवेश में देरी के कारण आईटी सूचकांक का प्रदर्शन कमजोर रहा। इसका असर वित्त वर्ष 2025-26 के आय अनुमानों पर पड़ सकता है।

छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 0.70 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक 0.65 प्रतिशत नुकसान में रहा।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 85.77 पर बंद



मुंबई। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 85.77 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कमजोर घरेलू बाजार और व्यापार शुल्क अनिश्चितता के बीच रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडाई वस्तुओं पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा से वैश्विक बाजार की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 85.76 पर खुला और कारोबार के दौरान 85.91 के निचले स्तर पर पहुंच गया। अंत में रुपया 85.77 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट है। बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर तीन पैसे की बढ़त के साथ 85.70 पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि व्यापार युद्ध के चलते वैश्विक धारणाओं पर असर पड़ने के कारण रुपया कमजोर होगा। व्यापार शुल्कों को लेकर अनिश्चितता और डॉलर सूचकांक में तेजी से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में कमजोर रुख निचले स्तरों पर रुपये को सहारा दे सकती है। चौधरी ने कहा कि डॉलर-रुपये का हाजिर मूल्य 85.55 से 86.25 के बीच रहने की संभावना है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये में उतार-चढ़ाव रहा लेकिन सीमित दायरे में कारोबार हुआ। इसका कारण बाजार प्रतिभागी अमेरिका-भारत अंतरिम व्यापार समझौते पर स्पष्टता की प्रतीक्षा में सतर्क रुख अपना रहे हैं। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.34 प्रतिशत बढ़कर 68.87 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.77 पर आ गया। स्थानीय शेयर बाजार में, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 689.81 अंक की गिरावट के साथ 82,500.47 अंक पर आ गया।

# पुरानी कारों की बिक्री चालू वित्त वर्ष में आठ से 10 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

कोलकाता। पुरानी कारों की बिक्री में चालू वित्त वर्ष में आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ते डिजिटल उपयोग और बेहतर वित्तीय पहुंच के कारण, चालू वित्त वर्ष में पुरानी कारों की बिक्री लगभग 60 लाख इकाई तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुरानी कारों की तुलना में नई कारों की बिक्री का अनुपात बढ़कर 1.4 हो गया है, जो पांच साल पहले एक से भी कम था। पुरानी कारों का बाजार मूल्य लगभग चार लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इसमें कहा गया है कि इस क्षेत्र में संगठित कंपनियों को नवीनीकरण, लॉजिस्टिक और वित्तपोषण पर उच्च परिचालन लागत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत राजस्व वृद्धि से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष (2026-27) में परिचालन लाभ के स्तर पर संतुलन कायम होने की उम्मीद है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि तब तक, कंपनियों की कर्ज साख काफी हद तक समय पर धन जुटाने और वृद्धि को सहारा देने के लिए पर्याप्त नकदी बनाए रखने पर निर्भर करेगी। कोविड महामारी और सेमीकंडक्टर की कमी के दौरान उत्पादन में बाधा के कारण इस क्षेत्र में स्थिर कारोबार देखा गया था।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अरब डॉलर घटा



मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार चार जुलाई को समाप्त सप्ताह में 3.05 अरब डॉलर घटकर 699.74 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.85 अरब डॉलर बढ़कर 702.78 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चार जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.54 अरब डॉलर घटकर 591.29 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 34.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.85 अरब डॉलर हो गया। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.87 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 10.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.74 अरब डॉलर हो गया।

# आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक व श्रीराम फाइनेंस पर लगाया जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने ग्राहक को ऋण देते समय भारत में विदेशी निवेश से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक पर 4.88 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

केंद्रीय बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक (डिजिटल ऋण) निर्देश, 2025 के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के लिए गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड पर भी 2.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एचडीएफसी बैंक पर जुर्माने के संबंध में आरबीआई ने कहा कि उसने बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसके जवाब में बैंक ने लिखित उत्तर और मौखिक रूप से भी स्पष्टीकरण दिया था। मामले के तथ्यों और एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा दिए गए जवाब पर विचार करने के बाद, भारतीय रिजर्व बैंक इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उल्लंघन सिद्ध हो गए हैं और जुर्माना लगाना उचित है। आरबीआई द्वारा 31 मार्च, 2024 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में श्रीराम फाइनेंस का वैधानिक निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय बैंक के निर्देशों का पालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के आधार पर, कंपनी को एक नोटिस जारी किया गया था।

# अमेरिका की आर्थिक कार्रवाइयों ने देशों को डॉलर का विकल्प तलाशने को मजबूर किया

नयी दिल्ली। अमेरिका की आर्थिक और भू-राजनीतिक कार्वाइयों के कारण ही देश डॉलर से इतर मुद्राओं में व्यापार करने को प्रेरित हुए हैं। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह बात कही। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डॉलर से इतर मुद्राओं में व्यापार करने वाले सभी ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क का प्रस्ताव भी रखा है।

भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान ब्रिक्स के सदस्य हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि रूस, ईरान तथा वेनेजुएला जैसे देशों पर अमेरिकी प्रतिबंधों ने डॉलर-आधारित भुगतान को अवरुद्ध कर दिया है जिससे भारत और चीन जैसे देशों को रूस के साथ स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। डॉलर से इतर दूसरी मुद्राओं का रुख करना कोई विद्रोह नहीं है... बल्कि एकमात्र रास्ता यही बचा था। उन्होंने कहा कि रूस-चीन का 90 प्रतिशत से अधिक व्यापार अब रूबल (रूस की मुद्रा) या युआन (चीन की मुद्रा) में होता है। भारत रूसी तेल के लिए रुपये और दिरहम (संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा) में भुगतान करता है। यहां तक कि सऊदी अरब भी डॉलर से इतर दूसरी मुद्राओं में तेल व्यापार के लिए तैयार है जो 1970 के दशक के पेट्रो-डॉलर समझौते को तोड़ रहा है। ट्रंप इस तथ्य की अनदेखी कर रहे हैं कि यह अमेरिका की कार्वाइयां ही थीं, जिन्होंने देशों को डॉलर के विकल्प तलाशने के लिए मजबूर किया। ब्रिक्स पर ट्रंप की 10 प्रतिशत शुल्क की योजना और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत जुर्माना लगाने से देशों के लिए अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करना मुश्किल हो रहा है।

### इलेक्ट्रिक टू व्हीलर बिजनेस का विस्तार करेगा काइनेटिक ग्रीन

पुणे। काइनेटिक ग्रीन ने अपने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बिजनेस को बढ़ाने की एक बड़ी योजना की घोषणा की है। पिछले साल लॉन्च हुए उनके मशहूर ई-लूना की शानदार सफलता से उत्साहित होकर, कंपनी अब अगले 18 महीनों में तीन उच्च प्रदर्शन वाले बॉर्न-इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने जा रही है, जो विश्वस्तरीय डिजाइन और मजबूत भारतीय इंजीनियरिंग का मिश्रण होंगे। इस विस्तार का पहला मॉडल एक प्रीमियम, स्टाइलिश और तकनीकी रूप से उन्नत फैमिली स्कूटर होगा, जिसे 2025 के त्योहारी सीजन से पहले लॉन्च किया जाएगा। यह स्कूटर रेट्रोलुक और यूजर की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिसमें कई अत्याधुनिक खूबियां होंगी। इसमें रंगीन टीएफटी डिस्प्ले, उन्नत आईओटी सुविधाएँ और जियोथिंग्स के साथ मिलकर विकसित एक स्मार्ट डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल हैं।

# फास्टैग ठीक से न लगाने पर चालकों को एनएचएआई काली सूची में डालेगा




नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के एनएचएआई ने शुक्रवार को कहा कि वाहनों की विंडस्क्रीन पर सही ढंग से फास्टैग न लगाने वाले चालकों को काली सूची में डालने से जुड़ी प्रक्रिया को मजबूत किया है।

एनएचएआई ने फास्टैग को ठीक से न लगाने यानी लूज फास्टैग की वजह से सुचारू टोल संचालन में आने वाली परेशानियों का कम करने के लिए यह कदम उठाया है। लूज फास्टैग का मतलब ऐसे फास्टैग से है जो वाहन की विंडस्क्रीन पर सही तरीके से चिपकाया नहीं गया है, बल्कि चालक के पास हाथ में है या किसी ऐसी जगह पर रखा गया है जहां से उसे आसानी से स्कैन नहीं किया जा सकता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक बयान में कहा कि वार्षिक पास प्रणाली और मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) टोलिंग जैसी आगामी पहलों को देखते हुए, फास्टैग की प्रामाणिकता और प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए लूज फास्टैग मुद्दे को हल करना अहम है। प्राधिकरण ने कहा कि एनएचएआई ने टोल संग्रह एजेंसियों और उपयोगकर्ताओं के लिए लूज फास्टैग की तत्काल सूचना देने और काली सूची में डालने की अपनी नीति को और सुव्यवस्थित किया है। बयान के मुताबिक, फास्टैग को ठीक से न लगाने से टोल प्लाजा पर परिचालन संबंधी चुनौतियां पैदा होती हैं और लेन में भीड़भाड़, झूठे चार्जबैक, इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह ढांचे में व्यवधान, टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी और अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को असुविधा होती है। एनएचएआई ने समय पर सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने के लिए अलग से ईमेल आईडी मुहैया कराई है और टोल संग्रह एजेंसियों एवं उपयोगकर्ताओं को ऐसे फास्टैग की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया है।

## पेज एक का शेष

### भारत में टेस्ला

वाले उद्घाटन समारोह को भारत में टेस्ला की शुरुआत के रूप में पेश करते हुए चुनिंदा आमंत्रण भेजे हैं। इस बारे में फिलहाल टेस्ला से टिप्पणी नहीं मिल पायी है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, ऑस्टिन स्थित कंपनी ने अपने चीन स्थित संयंत्र से कारों की पहली खेप मॉडल वाई रियर-व्हील ड्राइव एसयूवी पहले ही बाजार में उतार दी है। टेस्ला इंडिया ने पिछले महीने मुंबई के लोढ़ा लॉजिस्टिक पार्क में 24,565 वर्ग फुट के गोदाम क्षेत्र को पांच साल की अवधि के लिए पट्टे पर लिया था। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने जून में कहा था कि इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी भारत में कारों के विनिर्माण में रुचि नहीं रखती, बल्कि देश में शोरूम स्थापित करने की इच्छुक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर टेस्ला भारत के शुल्क से बचने के लिए भारत में कारखाना लगाती है, तो यह अमेरिका के लिए अनुचित होगा। टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने पिछले साल अप्रैल में कहा था कि कंपनी के भारी दायित्वों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हुई है।

### नौ आतंकी

ने डोभाल की भूमिका के लिए उन्हें बधाई देते हुए कहा, एक गौरवान्वित भारतीय के रूप में मैंने हमेशा हमारे जवानों को सलाम किया है जो हमारे राष्ट्रीय रक्षक देवदूत हैं। इस कार्यक्रम में डोभाल ने कहा कि देश प्रौद्योगिकी की लड़ाई में हारकर दूसरों से पीछे रहने या दशकों पीछे रह जाने का जोखिम नहीं उठा सकता। उन्होंने ढाई साल में 5जी विकसित करने में आईआईटी मद्रास और निजी क्षेत्र की भूमिका को स्वीकार किया, जबकि चीन को 5जी प्रौद्योगिकी विकसित करने में 12 साल से अधिक का समय लगा और उसने 300 अरब डॉलर खर्च किए। यहां तक कि डेटा या सुरक्षा से संबंधित एक कील भी विश्वसनीय स्रोत से ही आनी चाहिए। यह या तो भारत में बनी हो या कहीं ऐसी जगह बनी हो जो भारत के बहुत करीब हो।

### महाकुंभ की

रहकर भीड़ की निगरानी में सक्षम हैं, जिससे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति की त्वरित जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि इसके अलावा एक विशेष आठ सदस्यीय टीम 24 घंटे सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है। उन्होंने बताया कि यह टीम सोशल मीडिया पर अफवाहों, भ्रामक सूचनाओं और संवेदनशील पोस्ट की वास्तविक निगरानी कर रही है तथा संबंधित जिलों को अलर्ट भेजा जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए 587 राजपत्रित अधिकारी, 2,040 निरीक्षक, 13,520 उपनिरीक्षक और 39,965 आरक्षियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके साथ ही।,486 महिला उपनिरीक्षक और 8,541 महिला आरक्षी, 50 कंपनियां पीएसी, केंद्रीय बल और होमगार्ड के।,424 जवान भी तैनात किये गये हैं।

### सावन के

के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में सीएम योगी ने भगवान भोलेनाथ को विल्व पत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प समेत अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद जल, दूध और ऋतुफल के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत आचार्यगण एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया। रुद्राभिषेक के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। विधि विधान से पूर्ण हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

### पहले ही

गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। कांवड़ यात्रा के निर्विघ्न संचालन के लिए उत्तराखंड सरकार ने सनातन धर्म की आड़ में लोगों को ठगने और उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वाले छद्म भेषधारियों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि शुरू कर दिया है। यात्रा आरंभ होने से एक दिन पहले शुरू किए गए इस ऑपरेशन के बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जहां असामाजिक तत्व साधु-संतों का भेष धारण कर लोगों, विशेषकर महिलाओं को ठग रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे न सिर्फ लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं बल्कि सामाजिक सौहार्द और सनातन परंपरा की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे में किसी भी धर्म का व्यक्ति यदि ऐसे कृत्य करता हुआ मिलता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्वाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार असुर कालनेमि ने साधु का भेष धारण कर भ्रमित करने का प्रयास किया था, वैसे ही आज समाज में कई कालनेमि सक्रिय हैं जो धार्मिक भेष धारण कर अपराध कर रहे हैं।

### टेनिस खिलाड़ी

था। पुलिस ने एक बयान में दावा किया कि राधिका द्वारा संचालित टेनिस अकादमी ही दोनों (पिता-पुत्री) के बीच विवाद का कारण थी। गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता संदीप सिंह ने कहा, उसके पिता इससे खुश नहीं थे। सिंह ने कहा कि दीपक ने खुलासा किया है कि उसे अपनी बेटी द्वारा टेनिस अकादमी चलाने पर आपत्ति थी, जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। प्रवक्ता ने कहा, कई बार दीपक ने राधिका को अकादमी बंद करने के लिए कहा था, लेकिन वह नहीं मानी। गुस्से में आकर दीपक ने राधिका को तीन बार गोली मारी। पुलिस ने दावा किया कि आरोपी को लगता था कि वह आर्थिक रूप से संपन्न है और किराये से भी कमाता है, इसलिए उसकी बेटी को अकादमी चलाने की कोई जरूरत नहीं है। गुरुग्राम की एक अदालत ने शुक्रवार को दीपक यादव को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अदालत के बाहर, पुलिस के एक अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने आरोपी की दो दिन की हिरासत मांगी थी। उन्होंने कहा, हमें उसकी लाइसेंसी रिवॉल्वर की गोलियां बरामद करनी हैं। हमें यह सत्यापित करना है कि उसने कितनी गोलियां खरीदी थीं। यह पूछे जाने पर कि गोलियां कहां से बरामद की जानी हैं तो अधिकारी ने कहा, आरोपी की रेवाड़ी के पास कसम गांव में जमीन है। हमें गोलियां वहीं से लानी है।

### तीन बच्चों

सजा सुनायी। इस मामले में अदालत ने महिला पर ढाई लाख रुपये और उसके प्रेमी पर एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

मिश्र ने बताया कि इटावा जिले के चौबिया थाना क्षेत्र के ग्राम लुहिया कला निवासी मनीष ने 27 जून, 2024 को सदर कोतवाली में अपनी भाभी प्रियंका और उसके प्रेमी आशीष उर्फ डैनी के खिलाफ एक रिपोर्ट दर्ज करायी थी, जिसमें कहा गया था कि उसके बड़े भाई अवनीश की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी है और उसकी पत्नी प्रियंका अपने बच्चों सोनू (09), माधव (06), आदित्य (04) व मंगल (02) के साथ बरौआ थाना फफूंद में रहती है।

प्राथमिकी के मुताबिक, मनीष की भाभी का आशीष से प्रेम प्रसंग हो गया। इसमें कहा गया कि 27 जून 2024 की सुबह लगभग पांच बजे आशीष और प्रियंका एक योजना के तहत चारों भतीजों को सेंगुर नदी पर ले गए जहां चारों बच्चों को नदी में डुबोकर जान से मारने का प्रयास किया।

प्राथमिकी के मुताबिक, इस घटना में सोनू किसी तरह से अपनी जान बचाकर मौके से भाग गया, जबकि तीन अन्य भतीजों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। साथ ही एक रिपोर्ट दर्ज करके प्रियंका और आशीष के खिलाफ अदालत में एक आरोप पत्र दाखिल किया। बृहस्पतिवार को निर्णय सुनाते हुए अदालत ने इस कृत्य को दुर्लभ से दुर्लभतम बताया और कहा कि अबोध बच्चों की हत्या करना एक घृणित कृत्य है जो समाज और मानवता के विरुद्ध है।

### डिजिटल इंडिया

को तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किये गये डिजिटल इंडिया अभियान को भारत के गांवों तक पहुंचता हुआ बताते हुए कहा कि आज भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेन-देन करने वाला देश बन गया है। अब तो छोटे दुकानदार भी डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं, जो सरकार की स्पष्ट नीति और दूरदृष्टि का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार नवाचार और डिजिटल तकनीक को प्रोत्साहित करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर विशेष बल दे रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न सेवाओं को ई-गवर्नेंस के अंतर्गत ऑनलाइन किया गया है, जिससे नागरिकों को सरल और पारदर्शी सेवाएं मिल रही हैं। इसके साथ ही ई-पर्यटन के क्षेत्र में ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है और मौसम पूर्वानुमान व जलवायु परिवर्तन के लिए डेटा एनालिटिक्स व सैटेलाइट इमेजरी का भी उपयोग हो रहा है। कार्यक्रम में विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, भगवान पाटिल, कृष्ण कुमार सिंह, अश्विनी कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सीएससी संचालक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### छांगुर बाबा

अधिकारी-कर्मचारी आ गये हैं जिन्होंने छांगुर के अनैतिक कृत्यों के बावजूद उसे संरक्षण देने के साथ उसकी भरपूर मदद भी की थी।

छांगुर, नवीन दोहरा, नीतू और महबूब की गिरफ्तारी के बाद भी पुलिस व जांच एजेंसियां यह पता लगा पाने में नाकाम हैं कि नीतू व नवीन की चौदह वर्षीया पुत्री शमाली जिसका धर्म परिवर्तन कर शबीना नाम दिया गया था वह कहां और किस हाल में है। किसी भी नाबालिग का धर्म परिवर्तन कराना वैसे भी कानूनन अपराध है उस पर उसे बंधक बनाकर रखना भी अपराध की श्रेणी में है। चर्चा तो यह भी है कि उसका विवाह छांगुर ने अपने पुत्र की पुत्री से करा दिया है। इस मामले में गांव का कोई भी व्यक्ति मुंह खोलने को तैयार नहीं है और पुलिस भी इस मामले में उच्च अधिकारियों के आदेश की प्रतीक्षा कर रही है।

**गहराई से जांच में नप सकते हैं कई अधिकारी**

धर्मांतरण और जमीनों के कब्जे के मामले की अगर संवेदनशीलता से जांच कराई जाए तो अनेक अधिकारियों की गर्दन फंसनी तय है। छांगुर ने जिस जमीन पर आलीशान कोठी बनाई उस जमीन का दो डेसीमल हिस्सा कब्रिस्तान खाते का था लेकिन उस पर निर्माण कार्य रोकने की कोशिश क्यों नहीं की गई? राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका संदेहास्पद है। छांगुर के विरुद्ध दर्ज अनेक मुकदमों में पुलिस ने जांच बंद कर या तो फाइनल रिपोर्ट लगाई थी या मामला स्पंज कर दिया गया था। इनमें भी जांच अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध रही है। इसी तरह विरोधियों पर कभी न्यायालयों के आदेश से या कभी सीधे अधिकारियों के हस्तक्षेप पर गैंड़ास बुजुर्ग व उतरौला थाने में मुकदमे दर्ज कराए गए थे उनकी भी स्थितियों की जांच होनी चाहिए। उतरौला व बलरामपुर के न्यायालय में काम कर चुके लिपिक को छांगुर का सरपरस्त बताया जा रहा है।

### बांदा : जिला

वाले ट्रकों से वसूली को 8.21 लाख रुपये की निविदा जारी की थी। इसमें प्रति परिवहन 200 रुपये के स्थान पर 400 रुपये वसूली का प्राविधान रखा गया। इसके बाद 2022-23 में 2.7 करोड़ रुपये में टेंडर जारी किए गये। आरोप लगाए कि जिला पंचायत अध्यक्ष ने 6.21 करोड़ रुपये की वित्तीय गड़बड़ी की है। इस मामले पर आयुक्त ने तीन सदस्यों की जांच कमेटी सीडीओ के नेतृत्व में गठित की थी। जांच पूरी हुई तो जिला पंचायत अध्यक्ष एम ए सत्येन्द्र सिंह, वित्तीय परामर्श दाता पंचानन वर्मा और कमल प्रताप दोषी मिले लेकिन जांच आख्या को प्रभावी न मानते हुए जांच जिलाधिकारी को सौंप दी गयी।

# संविधान बचाओ एक और राजनीतिक पर्यटन

## यह कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी एवं पार्टी को बचाने के लिए है : प्रधान




नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा में संविधान बचाओ रैली आयोजित करने को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पर कटाक्ष किया कि यह संविधान के बजाय कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी एवं पार्टी को बचाने के लिए एक और राजनीतिक पर्यटन है।

प्रधान ने तंज कसा कि आज राहुल गांधी की स्थिति नाच न आवे आंगन टेढ़ा कहावत को चरितार्थ करती है। उन्होंने कहा कि यह संविधान बचाने के लिए नहीं है, बल्कि राहुल गांधी और कांग्रेस को बचाने के लिए है। प्रधान ने एक्स पर पोस्ट किया, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी द्वारा ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित संविधान बचाओ रैली दरअसल कांग्रेस के शहजादे का एक और राजनीतिक पर्यटन था। यह संविधान बचाओ नहीं बल्कि राहुल गांधी और कांग्रेस बचाओ समावेश है। उन्होंने लिखा, ओडिशा में भाजपा की जनहितैषी सरकार के प्रति जनता का अडिग विश्वास कांग्रेस को परेशान कर रहा है। ओडिशा में कांग्रेस का कोई वजूद ही नहीं है। ओडिशा के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, किसानों और मजदूरों ने कांग्रेस को दशकों पहले नकार दिया था। उन्होंने कहा कि ऐसे में राहुल गांधी का ओडिशा के गरीबों के हित की बात करना छलावे के अतिरिक्त कुछ नहीं है। कांग्रेस का इतिहास हमेशा से गरीबों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की अनदेखी करने का रहा है। दिल्ली से कांग्रेस की सरकारों द्वारा भेजे गए पैसों को कभी बिचौलिए लूट लेते थे, तो कभी (पार्टी) अनुसूचित जातिजनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के हक को अपने खास वोटबैंक को समर्पित कर देती थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में कांग्रेस की करारी हार हुई है, जिसके बाद राहुल गांधी एवं खरगे निर्वाचन आयोग और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अपनी हार का ठीकरा फोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हैरानी यह भी है कि संविधान बचाने का उपदेश वह कांग्रेस पार्टी दे रही है, जिसने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए, संविधान को रौंदते हुए देश पर आपातकाल थोप दिया था। राहुल गांधी की हालत आज, नाच न जाने, आंगन टेढ़ा जैसी है। बार-बार चुनावी हार के बाद एक बार फिर बिहार के आगामी चुनाव में हार को देखते हुए कांग्रेस पार्टी वोट चोरी का नया शिगूफा लेकर आई है। मगर, ओडिशा सहित देश की जनता, कांग्रेस और राहुल गांधी के हर प्रपंच व फरेब को अब पहचान चुकी है और आगे भी ऐसे जनविरोधी और संविधान विरोधियों को हर चुनाव में जनता करारा जवाब देती रहेगी।

# महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी भाजपा चुनाव चोरी करने की फिराक में : राहुल



भुवनेश्वर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर छिड़े विवाद के बीच शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी आगामी विधानसभा चुनाव को चोरी करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने यहां संविधान बचाओ समावेश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के घटक दलों ने भाजपा को बिहार विधानसभा चुनाव की चोरी करने से रोकने का फैसला किया है। गांधी ने आरोप लगाया, महाराष्ट्र की तरह, बिहार में भी चुनावों को हाईजैक करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा पूरे देश में हमारे संविधान पर हमला कर रही है। उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन की बैठक में घटक दलों ने, बिहार में भाजपा को चुनाव की चोरी करने से रोकने का फैसला किया है। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भाजपा के हित में काम कर रहा है और अपना कर्तव्य नहीं निभा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया, भाजपा पांच-छह पूंजीपतियों के लिए सरकार चलाती है। यह देश के आम लोगों के लिए काम नहीं करती। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जल, जंगल, ज़मीन आदिवासियों के हैं और उनके ही रहेंगे। राहुल गांधी ने दावा किया कि ओडिशा की भाजपा सरकार ने पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 को लागू नहीं किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यहां आदिवासियों को वन अधिकार पट्टे नहीं दिए जाते। कांग्रेस पेसा (पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम) और आदिवासी विधेयक लेकर आई। हम इन कानूनों को लागू करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि आदिवासियों को उनकी ज़मीन मिले।

## संक्षेप

### संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया: डीजीपी

चेन्नई। महीनों तक जारी अभियान और आंध्र प्रदेश व कर्नाटक पुलिस के साथ समन्वय के बाद तमिलनाडु आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पिछले कुछ दिनों में तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शंकर जीवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार किए गए अबूबकर सिद्दीकी, मोहम्मद अली और सादिक उर्फ टेलर राजा लगभग तीन दशक से फरार थे और पुलिस लगातार उनका पीछा कर रही थी। इन अभियानों को आराम और आगाज़ी नाम दिया गया था। तीनों व्यक्ति 1998 के कोयंबटूर सिलसिलेवार बम धमाकों और 2013 में बेंगलुरु के मल्लेश्वरम बम विस्फोट सहित कई मामलों में वांछित हैं। कोयंबटूर सिलसिलेवार बम धमाका मामले में 58 लोग मारे गए थे और 250 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। उन्होंने बताया कि संदिग्धों को पकड़ने के लिए पिछले लगभग छह महीने में आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के पुलिस बलों के साथ मिलकर दो अभियान चलाए गए। सिद्दीकी और अली को आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले से पकड़ा गया जबकि सादिक को कर्नाटक के विजयपुरा से गिरफ्तार किया गया।

# पाक के बलूचिस्तान में हमलावरों ने नौ यात्रियों की गोली मारकर हत्या की

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में चरमपंथियों ने शुक्रवार को एक बस से पंजाब के नौ यात्रियों को उतारकर उन्हें गोली मार दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

प्रांत के झोब इलाके के सहायक आयुक्त नवीद आलम ने कहा कि घटना झोब इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। यह बस क्वेटा से लाहौर जा रही थी। हथियारबंद हमलावरों ने पहले यात्रियों के पहचान पत्र देखे और नौ लोगों को बस से उतरने को कहा तथा गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। आलम ने बताया कि ये सभी लोग पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों से थे। उन्होंने बताया कि हमने सभी नौ शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह पहली बार नहीं है जब चरमपंथियों ने पंजाब प्रांत के लोगों और बलूचिस्तान में विभिन्न राजमार्ग से गुजरने वाली बसों के यात्रियों को निशाना बनाया है। किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस बीच चरमपंथियों ने क्वेटा, लोरालाई और मस्तुंग में तीन आतंकवादी हमले भी किए लेकिन बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने दावा किया कि सुरक्षा बलों ने इन हमलों को नाकाम कर दिया।

# महाराष्ट्र में सक्रिय छह संगठन पहले ही कुछ अन्य राज्यों में प्रतिबंधित हैं : फडणवीस



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को वामपंथी उग्रवादी संगठनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने संबंधी विधेयक को विधानसभा की मंजूरी मिलने की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में सक्रिय लेकिन अन्य राज्यों में प्रतिबंधित ऐसे समूहों पर नकेल कसने के लिए यह आवश्यक था। साथ ही मुख्यमंत्री ने इसके दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का प्रयास किया। फडणवीस ने बताया कि कम से कम छह ऐसे संगठन हैं जो अन्य राज्यों में प्रतिबंधित हैं, लेकिन महाराष्ट्र में अब भी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि विशेष जन सुरक्षा विधेयक में पर्याप्त कानूनी सुरक्षा उपाय शामिल हैं। शहरी नक्सलवाद और पैसिव मिलिटेंसी पर केंद्रित वामपंथी उग्रवादी संगठनों की गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से लाया गया यह विधेयक विधानसभा द्वारा पारित कर दिया गया है। इसके जल्द ही विधान परिषद में पेश किए जाने की उम्मीद है। पैसिव मिलिटेंसी, संघर्ष का एक तरीका है जिसमें लोग बिना हिंसा का सहारा लिए, सरकार या किसी अधिकार के खिलाफ अपनी असहमति व्यक्त करते हैं। फडणवीस महाराष्ट्र के गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने चरमपंथी संगठनों से निपटने में इस विशेष विधेयक पर जोर दिया और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) जैसे कड़े कानूनों की सीमाओं के बारे में बताया।

# संवर्धित यूरेनियम के भंडार तक पहुंच सकता है ईरान : इजराइल



वाशिंगटन। इजराइल का मानना है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के जिन परमाणु केन्द्रों पर हमला किया था उनमें से एक में गहराई में दबे संवर्धित यूरेनियम के भंडार तक अभी भी ईरान पहुंच सकता है। इजराइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वहीं जिस एजेंसी ने दो अन्य परमाणु स्थलों पर गिराए गए अमेरिकी बंकर बस्टर बमों का निर्माण किया था उसने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अभी भी डेटा का इंतजार कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये बम लक्ष्यों को भेद पाए या नहीं। दोनों घटनाक्रम पिछले महीने किए गए हमलों में हुए नुकसान पर अलग-अलग राय रखते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बात पर कायम हैं कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों को नष्ट कर दिया है। वहीं अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा है कि हमलों से फोर्दो, नतांज और इस्फहान परमाणु केन्द्रों को काफ़ी नुकसान पहुंचा है लेकिन वे नष्ट नहीं हुए हैं। वरिष्ठ इजराइली अधिकारी ने कहा कि माना जाता है कि ईरान का अधिकांश संवर्धित यूरेनियम तीसरे स्थल इस्फ़हान में गहराई से दबा हुआ है। अमेरिका ने तीनों परमाणु केंद्रों को निशाना बनाने के लिए बी-2 स्टील्थ बमवर्षकों का इस्तेमाल किया। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पत्रकारों को यह जानकारी दी क्योंकि इस आकलन को सार्वजनिक नहीं किया गया है। इजराइली अधिकारी ने कहा कि इजराइल का मानना है कि ईरान का संवर्धित यूरेनियम तीनों जगहों पर था और उसे कहीं और नहीं ले जाया गया। परमाणु एवं अप्रसार विशेषज्ञों ने कहा था कि पिछले महीने इजराइली हमलों और अमेरिका के हमलों में शामिल होने की आशंका के बाद ईरान ने अपने भंडार कहीं और सुरक्षित स्थान पर छिपा दिये होंगे। इजराइली अधिकारी ने कहा कि इस्फ़हान में जो संवर्धित यूरेनियम है उसे ईरान अब भी प्राप्त कर सकता है लेकिन उस तक पहुंचने के लिए बहुत कठिन प्रयास करने होंगे।

# भाजपा संविधान से धर्मनिरपेक्षता को हटाने का प्रयास कर रही है : खरगे




भुवनेश्वर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार संविधान से धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद को हटाने का प्रयास कर रही है।

खरगे ने यहां पार्टी के संविधान बचाओ समावेश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भाजपा के शासन में आदिवासी, दलित, महिलाएं और युवा सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का मिशन संविधान को बदलना है... केंद्र की भाजपा सरकार हमारे संविधान से धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद को हटाने का प्रयास कर रही है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने 2006 में गरीबों और आदिवासियों की रक्षा के लिए वन अधिकार अधिनियम पेश किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस कानून को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि उद्योग के नाम पर भाजपा सरकार हर जगह जंगलों को नष्ट कर रही है... अगर दलित, आदिवासी और युवा अपने अधिकारों के लिए लड़ना नहीं सीखेंगे, तो वे उनका भी सफाया कर देंगे। खरगे ने ओडिशा में भाजपा समर्थकों पर दलितों और सरकारी अधिकारियों पर हमला करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, ओडिशा के गंजाम में हाल ही में दो दलित पुरुषों का सिर मूंड दिया गया, उन्हें घुटनों के बल रेंगने पर मजबूर किया गया, घास खाने और गंदा पानी पीने पर मजबूर किया गया... भुवनेश्वर में एक सरकारी अधिकारी पर भी सरेआम हमला किया गया। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार ने भारत में 160 सार्वजनिक उपक्रम स्थापित किए, जबकि भाजपा सरकार ने उनमें से 23 का निजीकरण कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी कांग्रेस के समय की सार्वजनिक संपत्तियां अपने दोस्तों को बेच रहे हैं। उनका एक ही एजेंडा है - संविधान को नष्ट करना। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान, उन्होंने मतदाताओं से 400 से ज्यादा सीट जिताने का अनुरोध किया था, ताकि वे संविधान बदल सकें।

## इंटरटेनमेंट...

# सलमान खान ने निभाया अपना वादा





मुंबई। अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सलमान खान ने आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवान में उनके साथ काम करके अपना वादा निभाया है। शूटआउट एट लोखंडवाला से प्रसिद्धि पाने वाले अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत और चीन के सशस्त्र बलों के बीच 2020 के गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है। सलमान और चित्रांगदा फिल्म बैटल ऑफ गलवान में पहली बार साथ नजर आ रहे हैं।

चित्रांगदा हजारों ख्वाहिशें ऐसी, ये साली जिंदगी और देसी बॉयज जैसी फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। एक बयान में अभिनेत्री ने कहा कि वह कई साल पहले सलमान खान के साथ एक मराठी प्रोजेक्ट में काम करने वाली थीं, लेकिन यह रद्द हो गया। चित्रांगदा ने कहा कि तब सलमान ने उनसे वादा किया था कि वह किसी अन्य फिल्म में उनके साथ काम जरूर करेंगे और अब अभिनेता ने अपना वादा निभा दिया है। चित्रांगदा ने इस भूमिका के लिए उन पर भरोसा करने के लिए लखिया की भी प्रशंसा की। अभिनेत्री ने कहा, वह किसी भी बड़े स्टार को फिल्म में ले सकते थे, लेकिन उन्होंने मेरे काम पर भरोसा किया। मुझे बैटल ऑफ गलवान जैसी महत्वपूर्ण और जबरदस्त कहानी का हिस्सा बनने पर गर्व है। सलमान ने पिछले हफ्ते अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट के जरिये इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की थी।

# 18 जुलाई से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी धनुष की कुबेर



नयी दिल्ली। तमिल अभिनेता धनुष अभिनीत फिल्म कुबेर 18 जुलाई को ओटीटी मंच प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को यह घोषणा की। निर्देशक शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित इस फिल्म में तेलुगु अभिनेता नागार्जुन, रश्मिका मंदाना, जिम सरभ और दलीप ताहिल भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। प्राइम वीडियो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा एक साधारण आदमी, प्रायश्चित की अपनी असाधारण यात्रा पर। कुबेर प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई से। श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज़ एलएलपी और एमिगोस क्रिएशन के बैनर तले सुनील नारंग और पुष्कर राममोहन राव द्वारा निर्मित, यह फिल्म पांच भाषाओं (तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम) में रिलीज़ हुई।

# श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाना कठिन काम : विक्रांत



मुंबई। अभिनेता विक्रांत मैसी ने कहा कि वह आगामी फिल्म व्हाइट में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभाने को लेकर घबराए हुए हैं। फिल्म 12वीं फेल में अभिनय कर चुके मैसी ने कहा कि यह विडंबना है कि शांति के लिए उनके (श्री श्री रविशंकर के) योगदान को लोग नहीं जानते और फिल्म उनके जीवन के उस अध्याय पर केंद्रित होगी। उन्होंने कहा गुरुदेव, श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाना एक कठिन काम है। मैं बहुत घबराया हुआ हूं और उनके जीवन का वह अध्याय बहुत ही अभूतपूर्व है, लेकिन यह दुखद भी है कि बहुत से लोग उनके योगदान के बारे में नहीं जानते, न केवल आर्ट आफ लिविंग में बल्कि परोपकार में भी। मैसी ने कहा शांति का उनका तरीका, उन्होंने दुनिया को व्यापक पैमाने पर कैसे प्रभावित किया, उनके जीवन के उस अध्याय को बताना, उनका किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण है, वह एक जीवित किंवदंती हैं।

# दिलजीत से मिलकर सुलझाऊंगा विवाद





मुंबई। अभिनेता अजय देवगन ने दिलजीत दोसांझ की फिल्म सरदार जी 3 को लेकर उठे विवाद पर शुक्रवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब दो अलग-अलग नजरिए हों तो आपको बैठकर बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने चाहिए। फिल्म सरदार जी 3 में पाकिस्तानी अभिनेत्री हनिया आमिर को शामिल किए जाने को लेकर दोसांझ को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले महीने दोसांझ ने फिल्म सरदार जी 3 का ट्रेलर साझा किया था, जिसके बाद इस फिल्म को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। सरदार जी 3 फिल्म 27 जून को विदेशों में रिलीज हो चुकी है, लेकिन इसे भारत में रिलीज नहीं किया गया है। देवगन ने फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे नहीं पता कि आलोचनाएं क्यों होती हैं, क्या सही है और क्या गलत। उनकी जगह मैं इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता हूं। उनकी अपनी समस्याएं रही होंगी, और लोग अपने नजरिए से सोच रहे हैं। उन्होंने कहा जब आपके सामने दो अलग-अलग नज़रिए हों तो आप मिल-बैठकर इसे सुलझा सकते हैं। मैं किसी को दोष नहीं दूंगा या यह नहीं कहूंगा कि यह सही है या वो गलत है, उन्हें बातचीत करने की जरुरत है। सम्मेलन में देवगन से महाराष्ट्र में जारी भाषा विवाद के बारे में भी पूछा गया। यह विवाद तब शुरू हुआ जब महाराष्ट्र सरकार ने सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी और मराठी के अलावा तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाना अनिवार्य कर दिया था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com